


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorcha.com | लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित | जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 80 | रविवार, 03 मई 2026 | बैशाख शुक्ल सप्तमी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया




## एक नजर




### भारत ने लॉन्च किया स्वदेशी 'इमरजेंसी अलर्ट सिस्टम'

**नई दिल्ली :** अगर आज आपके मोबाइल फोन पर अचानक एक तेज सायरन जैसी आवाज और 'इमरजेंसी अलर्ट' का मैसेज आया है, तो घबराने की जरूरत नहीं है। भारत सरकार ने आज अपनी स्वदेशी 'सेल ब्रॉडकास्ट' (Cell Broadcast) आपातकालीन चेतावनी प्रणाली का औपचारिक आगाज कर दिया है। इसी तकनीक का परीक्षण करने के लिए शनिवार को देशभर के करोड़ों मोबाइल यूजर्स को एक टेस्ट मैसेज भेजा गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज संयुक्त रूप से इस हाई-टेक प्लेटफॉर्म को लॉन्च किया। इस प्रणाली का केंद्र 'सचेत' (SACHET) नामक एकीकृत अलर्ट सिस्टम है। इसे दूरसंचार विभाग की अनुसंधान शाखा C-DOT ने अंतरराष्ट्रीय मानकों (ITU) के अनुरूप विकसित किया है। वर्तमान में यह सेवा देश के सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सक्रिय हो चुकी है। यह तकनीक साधारण मैसेजिंग से कहीं ज्यादा उन्नत और प्रभावी है : सायरन और वाइब्रेशन : जब सरकार यह अलर्ट भेजेगी, तो आपका फोन चाहे 'साइलेंट' या 'डू नॉट डिस्टर्ब' मोड पर क्यों न हो, वह एक तेज अलार्म के साथ वाइब्रेट करेगा। फुल स्क्रीन डिस्प्ले : मैसेज सीधे स्क्रीन पर पॉप-अप होगा ताकि यात्री या सो रहे व्यक्ति का ध्यान तुरंत इस पर जाए। आपको बता दें कि आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अब तक 19 से अधिक भारतीय भाषाओं में 134 अरब से ज्यादा अलर्ट भेज चुका है। 'सचेत' प्रणाली प्राकृतिक और मानव निर्मित, दोनों तरह की आपदाओं में जीवनरक्षक साबित होगी।

## जम्मू में पुराने पुल का हिस्सा गिरा, तीन शव बरामद



**जम्मू।** जम्मू के बाहरी इलाके में आंशिक रूप से ढहे एक पुराने पुल के मलबे से बचाव कर्मियों ने 12 घंटे के तलाशी एवं बचाव अभियान के दौरान तीन शव बरामद किए और एक व्यक्ति को घायल अवस्था में बाहर निकाला। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। बनतालाब के ठठर इलाके में शुक्रवार को पुल का एक हिस्सा गिरने के तुरंत बाद मलबे से एक मजदूर को घायल अवस्था में निकाला गया था। उपमुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी ने आधी रात को घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और दो अभियंताओं को निलंबित करने का आदेश दिया।

अधिकारियों के अनुसार, पिछले साल आई अचानक बाढ़ में क्षतिग्रस्त हुए इस पुल का निर्माण कार्य कर रहे थे, तभी उसका एक हिस्सा ढह गया और चार मजदूर मलबे में दब गए। पुलिस, सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) तथा अग्निशमन एवं आपातकालीन विभाग ने तुरंत संयुक्त बचाव अभियान शुरू किया। बचाव दल ने सबसे पहले तरसेम लाल नामक मजदूर को मलबे से बाहर निकाला।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''तलाशी एवं बचाव अभियान आज सुबह समाप्त हो गया। घटनास्थल से तीन शव बरामद किए गए हैं, जबकि घायल अवस्था में दो अन्य लोगों को मलबे से निकाला गया।''

अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान करीब 12 घंटे तक चला। घायलों में अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विभाग के संभागीय अग्निशमन अधिकारी मोहम्मद जाफर भी शामिल हैं, जो बचाव अभियान के दौरान चट्टान की चपेट में आने से घायल हो गए थे।

## 75 लाख की हेरोइन-अफीम की खेप के साथ दो तस्कर गिरफ्तार




**बरेली।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एएनटीएफ यूनिट बरेली ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया।टीम ने ग्राम दौली रघुवरदयाल जाने वाली सड़क पर गंगा मंदिर के पास घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को दबोच लिया। पकड़े गए तस्करों के कब्जे से करीब 75 लाख रुपये कीमत की हेरोइन और अफीम बरामद हुई है।

एएनटीएफ टीम ने आरोपियों के पास से 275 ग्राम हेरोइन और 4 किलो अफीम बरामद की है। इसके अलावा दो मोबाइल फोन और 2,140 रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने इस मामले में थाना किला में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पूछताछ में गिरफ्तार महेन्द्र कुमार ने बताया कि वह झारखंड के खूंटी क्षेत्र से अफीम खरीदकर लाता था। इस बार वह लोकपाल सिंह के कहने पर हेरोइन भी साथ लाया था। दोनों मिलकर इन मादक पदार्थों को पंजाब और आसपास के इलाकों में ऊंचे दामों पर बेचते थे। पुलिस के मुताबिक, आरोपी लंबे समय से इस अवैध धंधे में सक्रिय थे। लोकपाल सिंह ने पूछताछ में खुलासा किया कि वह पंजाब में मादक पदार्थों की सप्लाई का काम करता है और महेन्द्र से माल मंगवाता था। इस बार भी दोनों पंजाब सप्लाई के लिए जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही एएनटीएफ टीम ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### एएनटीएफ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

कार्रवाई को एएनटीएफ यूनिट बरेली की टीम ने अंजाम दिया। जिसमें प्रभारी उपनिरीक्षक विकास यादव समेत कई पुलिसकर्मी शामिल रहे। थाना किला पुलिस और सर्विलांस टीम ने भी इस ऑपरेशन में अहम भूमिका निभाई। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों और नेटवर्क की जांच में जुट गई है। अधिकारियों का कहना है कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

# ईरान का तेल खरीदने पर चीनी कंपनी पर चला अमेरिका का चाबुक

### हॉर्मुज में टोल देने वालों को भी अल्टीमेटम



**नई दिल्ली।** अमेरिका ने ईरान के तेल व्यापार के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए चीन स्थित एक प्रमुख क्रूड ऑयल टर्मिनल ऑपरेटर पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए हैं। वॉशिंगटन ने साफ कर दिया है कि वह ईरान के राजस्व के स्रोतों को पूरी तरह रोक देना चाहता है। अमेरिका ने सख्त चेतावनी भी जारी की है कि अगर किसी ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य को पार करने के लिए तेहरान को 'टोल' दिया, तो उसे भी इन्हीं गंभीर परिणामों का सामना करना होगा।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि अमेरिका ईरान के अवैध तेल व्यापार को ध्वस्त करने के लिए निर्णायक कदम उठा रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग ने उन कई संस्थाओं, व्यक्तियों और जहाजों पर प्रतिबंध लगाए हैं। इस कार्रवाई का मुख्य निशाना चीन की कंपनी 'किंगदाओ हाये ऑयल टर्मिनल' है। इस कंपनी ने पिछले साल फरवरी से अब तक करोड़ों बैरल प्रतिबंधित ईरानी कच्चा तेल आयात किया है।

अमेरिका ने किंगदाओ हाये कंपनी के साथ-साथ उसके अध्यक्ष जिंगचुन ली पर भी व्यक्तिगत रूप से प्रतिबंध लगा दिए हैं। इसके अलावा, ईरान के तेल को छिपाकर ढोने वाले 'डार्क फ्लीट' (गुप्त बेड़े) पर लगाम कसने के लिए ब्रिटेन की 'थ्राइविंग टाइम्स इंटरनेशनल' और हांगकांग की 'ऑनबोर्ड शिप मैनेजमेंट लिमिटेड' को भी ब्लैक लिस्ट में डाल दिया गया है। ये कंपनियां जहाजों का प्रबंधन करती हैं और ईरानी निर्यात सप्लाई चेन में अहम भूमिका निभाती रही हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक, इन कंपनियों द्वारा प्रबंधित जहाज अक्सर 'धोखाधड़ी वाली शिपिंग प्रथाओं' और संदिग्ध गतिविधियों में शामिल रहते हैं। ये जहाज समुद्र में अन्य व्यापारिक जहाजों और व्यापार प्रवाह के लिए भी बड़ा खतरा पैदा कर रहे हैं। अमेरिका की इस कार्रवाई का मकसद ईरान के उस गुप्त परिवहन नेटवर्क को तोड़ना है, जिसकी मदद से वह वैश्विक प्रतिबंधों के बावजूद अपना तेल बेचता रहा है।

## ईरानी अधिकारी का दावा- सुप्रीम लीडर जीवित 'पूरी तरह स्वस्थ'




**तेहरान।** ईरान की 'असेंबली ऑफ़ एक्सपर्ट्स' लीडरशिप संस्था के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के कार्यालय के प्रमुख मोहसिन कोमी ने पुष्टि की है कि गत 28 फरवरी के हमले में घायल हुए ईरानी सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई अब पूरी तरह स्वस्थ हैं और अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं।

चूंकि मोजतबा खामेनेई को उनके पिता का उत्तराधिकारी घोषित किए जाने के बाद से न तो सीधे तौर पर देखा गया है और न ही उनकी आवाज सुनी गई है, इसलिए अमेरिकी अधिकारियों ने दावा किया है कि वे हमले में बुरी तरह घायल हो गए हैं और संभवतः उनका चेहरा भी बिगड़ गया है तथा अपनी चोटों के कारण निर्णय लेने में उनकी भूमिका नगण्य रह गयी है। ईरान की 'फ़ार्स' समाचार एजेंसी द्वारा जारी एक वीडियो में कोमी ने कहा, "उस समय वे उसी इमारत में मौजूद थे, जिस पर बमबारी हुई थी और जिसके अंदर मौजूद लोग शहीद हो गए थे। कुछ मिनट पहले ही, संयोग से या ईश्वर की इच्छा से वह इमारत के अहाते में चले गए थे और ईश्वर ने चाहा कि वह बच जाएं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि उन्हें लगी चोटों के बावजूद सर्वशक्तिमान ईश्वर ने उनकी रक्षा की।"

मोजतबा की हालत के बारे में अमेरिकी दावों को ईरान के भीतर अनिश्चितता पैदा करने और गलत जानकारी और मनगढ़ंत दावों के जरिए शासन पर दबाव बनाने की जानबूझकर की गई कोशिशें बताते हुए उन्होंने इसे एक सोची-समझी चाल का हिस्सा करार दिया। उन्होंने कहा, "यह दुश्मन की एक चाल है, जिसके जरिए वे यह जताने की कोशिश कर रहे हैं। वह सामने क्यों नहीं आ रहे? वह कोई ऑडियो संदेश क्यों नहीं भेज रहे? वह कोई वीडियो संदेश क्यों नहीं भेज रहे? जिन लोगों ने उनसे मुलाकात की है, वे सामने आकर इस बारे में जानकारी क्यों नहीं दे रहे? वे इन 'क्यों' के जरिए हमें प्रतिक्रिया देने पर मजबूर करना चाहते हैं, ताकि वे अपनी योजनाओं को आगे बढ़ाते रहें। कोमी ने आगे कहा, "वह पूरी तरह स्वस्थ हैं और कामकाज संभाल रहे हैं।

## करंट की चपेट में आकर छात्र समेत तीन की मौत



**बरेली।** बिजली ने ऐसा तांडव मचाया कि तीन घरों के चिराग बुझ गए। अलीगंज के सूदनपुर गांव में हाईटेंशन लाइनटूटने से फैले करंट ने छात्र समेत दो लोगों को निगल लिया। जबकि एक अन्य घटना जोकि क्योलड़िया में हुई। कपड़े सुखाते समय युवक करंट की चपेट में आकर जिंदगी हार गया। दोनों घटनाओं के बाद गांवों में मातम पसरा है।

सूदनपुर गांव में सुबह करीब सात बजे ट्रांसफार्मर में खराबी आई और हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर एलटी लाइन पर गिर गया। देखते ही देखते पूरे इलाके में 11 हजार वोल्ट का करंट फैल गया। लोग समझ ही नहीं पाए कि घरों के भीतर तक मौत घुस चुकी है। कक्षा 10 का छात्र सुभाष (16) जैसे ही घर का लोहे का गेट खोलने गया, करंट की चपेट में आ गया। मौके पर ही दम तोड़ दिया। बेटे को बचाने दौड़ी मां सुनीता भी बुरी तरह झुलस गईं। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। जहां जिंदगी की जंग जारी है। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला कुंवरपाल (24) भी जमीन पर पैर रखते ही करंट की चपेट में आ गया। उसे अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के दौरान एक ई-रिक्शा में भी आग लग गई, जिससे अफरा-तफरी मच गई।

सूचना मिलते ही पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। बिजली निगम के अफसरों ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये देने, घायल महिला का इलाज कराने और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का भरोसा दिया है। जांच की बात भी कही गई है। सुभाष मजदूर के परिवार का सबसे छोटा बेटा था। वहीं कुंवरपाल दिव्यांग थे और सिलाई कर किसी तरह गुजारा करते थे। उनके माता-पिता पहले ही गुजर चुके थे। अब यह हादसा उनके परिवार पर पहाड़ बनकर टूटा है।

### कपड़े सुखाते वक्त लगा मौत का झटका

क्योलड़िया के अंबरपुर गांव में 22 वर्षीय रंजीत घर के आंगन में कपड़े सुखाने के लिए तार पर डाल रहा था। इसी दौरान उसे तेज करंट लगा ।वह जमीन पर गिर पड़ा। परिजन अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं सके। रंजीत की शादी को अभी एक साल भी पूरा नहीं हुआ था। उसकी मौत के बाद पत्नी खुशबू और मां माया देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। घर में सन्नाटा पसरा है और हर आंख नम है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पूरे मामले की पड़ताल की जा रही है।

## री-पोलिंग के दौरान फालता में बवाल



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के डायमंड हार्बर और मगरहाट पश्चिम में आज 15 बूथों पर दोबारा मतदान हो रहा है। चुनाव आयोग ने वोट में गड़बड़ी की शिकायतों के बाद यह फैसला लिया। मतदान सुबह सात बजे से शुरू हो चुका है। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में चल रहे पुनर्मतदान के बीच दोपहर 1 बजे तक मतदान का अच्छा रुझान सामने आया है। मगरहाट पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में करीब 56.33 प्रतिशत और डायमंड हार्बर में लगभग 54.6 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। दोनों सीटों को मिलाकर कुल मतदान प्रतिशत 55 फीसदी से ज्यादा रहा। सुबह 7 बजे से शुरू हुई वोटिंग में मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के फालता इलाके में पुनर्मतदान के दौरान तनाव का माहौल देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के नेता उन्हें धमका रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने सुरक्षा और निष्पक्ष मतदान की मांग उठाई। स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। पुलिस और केंद्रीय बल हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के तहत हो रहे पुनर्मतदान में मतदाताओं का जबरदस्त जोश देखने को मिल रहा है। चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए ताजा आंकड़ों के अनुसार, सुबह 11 बजे तक कुल औसत मतदान 36.99% दर्ज किया गया है। मगराहाट पश्चिम (142) विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सबसे ज्यादा सक्रिय नजर आ रहे हैं। यहां 11 बजे तक 38.2% मतदान हो चुका है। वहीं, डायमंड हार्बर सीट पर भी लोग बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। यहां सुबह 11 बजे तक 35.92% वोटिंग दर्ज की गई है। पश्चिम बंगाल चुनाव 2026 के बीच तृणमूल कांग्रेस के सांसद साकेत गोखले ने मतगणना में देरी को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदान और मतगणना के बीच लंबा अंतराल रखना संदिग्ध है। गोखले ने कहा कि ईवीएम डिजिटल होने के बावजूद गिनती शुरू करने में चार दिन से ज्यादा का समय क्यों लिया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि इस देरी से बाजार में गलत एग्जिट पोल के जरिए फायदा उठाया जा सकता है।

## भाजपा के संदीप पाठक पर दर्ज हुआ मुकदमा, राजनीति का आरोप



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पंजाब पुलिस द्वारा राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल बदले की राजनीति कर रहे हैं। संदीप पाठक हाल में अन्य छह साथी राज्यसभा सदस्यों के साथ आम आदमी पार्टी (आप) छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में दावा किया कि केजरीवाल राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को निपटाने के लिए पंजाब पुलिस का दुरुपयोग कर रहे हैं, और मुख्यमंत्री भगवंत मान भी इसमें भागीदार बन गए हैं। पूनावाला ने कहा, ''संदीप पाठक के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की गई हैं, जो हाल ही तक आप के राज्यसभा सदस्य और पार्टी महासचिव (संगठन) थे। हैरानी की बात यह है कि अरविंद केजरीवाल भगवंत मान की मिलीभगत से बेशर्मी से बदले की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, ''स्पष्ट है कि यह केजरीवाल द्वारा प्रतिशोध की राजनीति के तहत किया गया है, जो बेहद प्रतिशोधी और द्वेषपूर्ण हैं। इस तरह के राजनीतिक प्रतिशोध के लिए वे पंजाब पुलिस का दुरुपयोग करते हैं।

**दुखद** | थानाक्षेत्र में कांकेर-नारायणपुर जिले की सीमा के पास सुरक्षाबलों को बारूदी सुरंग को निष्क्रिय करने भेजा था

## कांकेर में आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से तीन जवान शहीद



**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में एक आईईडी विस्फोट में 'जिला रिजर्व गार्ड' (डीआरजी) के एक अधिकारी समेत तीन जवानों की मौत हो गई तथा एक अन्य जवान घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। राज्य को 31 मार्च को सशस्त्र माओवादियों से मुक्त घोषित किए जाने के बाद नक्सल गतिविधियों से जुड़ी विस्फोट की यह पहली घटना है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार छोटेबेठिया थानाक्षेत्र में कांकेर-नारायणपुर जिले की सीमा के पास सुरक्षाबलों को बारूदी सुरंग को निष्क्रिय करने और गश्त के लिए भेजा गया था। उन्होंने बताया कि बारूदी सुरंग को निष्क्रिय करने के अभियान के दौरान दुर्घटनावश विस्फोट हो जाने से कांकेर डीआरजी के चार जवान घायल हो गए थे। उन्होंने बताया कि घायल जवानों में तीन- निरीक्षक सुखराम वट्टी, आरक्षक कृष्णा कोमरा और आरक्षक संजय गढपाले की बाद में मौत हो गई तथा परमानंद कोमरा का इलाज चल रहा है। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पट्टिलिंगम ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में आत्मसमर्पण कर चुके माओवादी कैडरों से प्राप्त जानकारी तथा अन्य सूचना के आधार पर बस्तर क्षेत्र में माओवादियों द्वारा पूर्व में छिपाकर रखे गए सैकड़ों आईईडी को पुलिस और सुरक्षाबलों ने बरामद कर निष्क्रिय कर दिये हैं।

सुंदरराज ने बताया कि आज जब कांकेर जिला पुलिस दल आईईडी को निष्क्रिय कर रहा था, तभी उसमें अचानक विस्फोट हो गया, जिसके कारण तीन जवानों की मृत्यु हो गई तथा एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि मामले में और जानकारी जुटाई जा रही है। छत्तीसगढ़ में 31 मार्च को नक्सलवाद की समाप्ति की घोषणा के बाद बारूदी सुरंग विस्फोट में जवानों की मौत और घायल होने की यह पहली घटना है। राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों, खासकर बस्तर क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों ने पूर्व में बड़ी संख्या में बारूदी सुरंगें बिछाई थीं, जो अब भी वहां तैनात सुरक्षाबलों और ग्रामीणों के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, सुरक्षाबल के जवान क्षेत्र में लगातार बारूदी सुरंगों की तलाश और उन्हें निष्क्रिय करने की कार्रवाई में जुटे हुए हैं।

## उत्तर भारत में होगी झमाझम बारिश, केरल और राजस्थान में ऑरेंज अलर्ट




**दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार सुबह न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। इससे दो दिन पहले हल्की से मध्यम बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई थी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले दो दिन बारिश और आंधी-तूफान की संभावना को देखते हुए 'येलो अलर्ट' जारी किया है। शहर के प्रमुख मौसम निगरानी केंद्र सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 25.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इससे पहले के दिन की तुलना में 3.1 डिग्री अधिक है और सामान्य तापमान से 1.2 डिग्री अधिक है।

अन्य मौसम स्टेशन ने भी न्यूनतम तापमान में इसी तरह की वृद्धि दर्ज की। पालम में न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो शुक्रवार की तुलना में 2.3 डिग्री अधिक है; लोधी रोड में न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो एक दिन पहले की तुलना में तीन डिग्री अधिक है; रिज में 3.3 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई और आयानगर में 4.2 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई। रिज और आयानगर में न्यूनतम तापमान क्रमशः 23.7 डिग्री सेल्सियस और 25.6 डिग्री सेल्सियस रहा। आईएमडी के अनुसार, शनिवार को अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले दो दिन के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के एक अधिकारी ने कहा, "रविवार को गरज, बिजली चमकने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के साथ बहुत हल्की से हल्की बारिश होने की संभावना है।"

**एक नजर**

### किसानों को नहीं मिल रही पर्याप्त बिजली, सिंचाई प्रभावित

**बिसौली (बदायूं)।** क्षेत्र के किसानों को इन दिनों बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है, जिससे सिंचाई कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में किसानों की ओर से उपजिलाधिकारी बिसौली को शिकायती पत्र सौंपा गया है। पत्र में बताया गया है कि बिसौली क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में किसानों को सिंचाई के लिए मात्र 2-3 घंटे ही बिजली मिल पा रही है, वह भी लो-वोल्टेज के साथ। इससे खेतों में लगे ट्यूबवेल सही तरीके से नहीं चल पा रहे हैं और फसलों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। किसानों का कहना है कि वर्तमान समय में फसलों की सिंचाई अत्यंत आवश्यक है, लेकिन बिजली की कमी के चलते उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि बिजली आपूर्ति की जांच कराकर कम से कम 10 घंटे नियमित बिजली उपलब्ध कराई जाए। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस मौके पर कई किसान मौजूद रहे और उन्होंने एकजुट होकर अपनी समस्या प्रशासन के सामने रखी।

# फर्जी प्लॉट-कार कारोबार के जाल में फंसाकर 14 लाख रुपये हड़पे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर में जमीन और कार कारोबार के नाम पर ठगी का बड़ा खेल सामने आया है। फर्जी और कूटरचित दस्तावेजों के सहारे प्लॉट बेचने के बाद मुनाफे का लालच देकर लाखों रुपये ऐंठ लिए गए। पीड़ित की शिकायत पर डीआईजी अजय कुमार साहनी के आदेश पर बारादरी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बारादरी के संतनगर निवासी राजेन्द्र सिंह के मुताबिक, रिजवान नाम के व्यक्ति ने परिचय के जरिए सस्ते दाम में प्लॉट दिलाने का भरोसा दिया। आरोप है कि प्रशांत गुप्ता और अभिषेक गुप्ता ने 7 लाख रुपये में प्लॉट का सौदा तय कराया। पीड़ित ने भरोसा कर 6 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए और इकरारनामा कराया। इसके बाद बैनामा भी कर दिया। पीड़ित का कहना है कि प्लॉट सौदे के बाद आरोपियों ने सेकेंड हैंड कारों के व्यापार में मोटा मुनाफा दिलाने का लालच दिया। इसी झांसे में आकर अलग-अलग तारीखों में बैंक ट्रांजैक्शन और नकद मिलाकर करीब 8 लाख रुपये और दे दिए। बाद में आरोपियों ने और रकम की मांग करते हुए दबाव बनाना शुरू कर दिया। जांच में खुलासा हुआ कि जिस जमीन का बैनामा कराया गया, वह राजस्व रिकॉर्ड में सड़क के रूप में दर्ज है। इतना ही नहीं, उसी खसरा नंबर पर पहले भी फर्जी कागज बनाकर धोखाधड़ी का मामला दर्ज हो चुका है। जब पीड़ित कब्जा लेने पहुंचा तो वहां एक महिला ने खुद को असली मालिक बताते हुए अपना बैनामा दिखा दिया। इसके बाद ठगी की पूरी कहानी सामने आ गई।

### खाली चेक और जान से मारने की धमकी

पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने रकम लौटाने के नाम पर 8 लाख रुपये का चेक दिया, लेकिन खाते में पैसा नहीं था। जब पैसे की मांग की गई तो गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद पीड़ित ने पूरे मामले की शिकायत डीआईजी से की। डीआईजी के निर्देश पर बारादरी थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### फर्जी 'चालान' लिंक से लाखों रुपये की ठगी

**बरेली।** कैंट इलाके में साइबर ठगी का चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने दोस्त के नाम से आए चालान मैसेज पर भरोसा किया और महज एक क्लिक ने उसकी जिंदगी की कमाई साफ कर दी। एपीके फाइल डाउनलोड होते ही खाते से लाखों रुपये गायब हो गए। ढिरिया निजावत खां निवासी मोहम्मद खालिद के मुताबिक, उनके मोबाइल पर दोस्त प्रेमपाल के नाम से आरटीओ चालान का मैसेज आया। मैसेज में एक एपीके फाइल भी अटैच थी। परिचित का नाम देखकर खालिद को जरा भी शक नहीं हुआ और उन्होंने तुरंत उस फाइल को खोल लिया। जैसे ही एपीके फाइल डाउनलोड हुई, मोबाइल पर असामान्य गतिविधियां शुरू हो गईं। कुछ ही देर में बैंक खाते से पैसे कटने लगे। खालिद जब तक कुछ समझ पाते, तब तक उनके खाते से कुल 5 लाख 37 हजार रुपये निकल चुके थे। घटना के बाद पीड़ित के होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत साइबर क्राइम थाने पहुंचकर इंस्पेक्टर संजय धीर को पूरी जानकारी दी और रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और ट्रांजैक्शन की डिटेल खंगाली जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने साफ कहा है कि किसी भी अनजान या संदिग्ध एपीके फाइल को डाउनलोड न करें, चाहे वह किसी परिचित के नाम से ही क्यों न आई हो।

# प्लाईवुड फैक्ट्री में लगी भीषण आग

## चंद मिनटों में धधका पूरा गोदाम, कई घंटे डटी रहीं दमकल की चार गाड़ियां

जागरण मोर्चा कार्यालय


प्लाईवुड फैक्ट्री में लगी आग से धू-धू कर जलता सामान। -जागरण मोर्चा

**बरेली।** शहर के औद्योगिक इलाके परसाखेड़ा में शुक्रवार देर रात रोड नंबर-4 पर भारत पेट्रोलियम पंप के सामने स्थित प्लाईवुड के गोदाम में अचानक भीषण आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और दूर-दूर तक उठती लपटों ने इलाके में दहशत फैला दी। सूचना पर पहुंची दमकल की चार गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

मौके पर पहुंचते ही दमकल कर्मियों ने देखा कि प्लाईवुड और लकड़ी का सामान होने की वजह से आग तेजी से फैल रही थी। चंद मिनटों में ही आग ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। आग की भयावहता को देखते हुए तुरंत सिविल लाइंस फायर स्टेशन से अतिरिक्त फायर टेंडर बुलाया गया, ताकि आग पर जल्द काबू पाया जा सके। कुछ ही देर में कुल चार दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में टीम ने चारों तरफ से मोर्चा संभाला और मोटर फायर इंजनों से होज पाइप लाइन बिछाकर पानी की तेज धार से आग पर हमला शुरू कर दिया। लगातार प्रयासों के बाद आग को फैलने से रोक लिया गया और कुछ समय में उस पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। इस भीषण आग में गोदाम में रखा लाखों का प्लाईवुड और अन्य सामान जलकर राख हो गया, लेकिन राहत की बात यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। यदि समय रहते दमकल नहीं पहुंचती, तो आग आसपास के प्रतिष्ठानों को भी अपनी चपेट में ले सकती थी और बड़ा हादसा हो सकता था। सीएफओ मनु शर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही फायर यूनिट को तत्काल रवाना किया गया था। मौके पर पहुंचकर स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त संसाधन बुलाए गए और तेजी से ऑपरेशन चलाया गया। दमकल कर्मियों की सतर्कता और टीमवर्क के चलते आग को फैलने से पहले ही काबू में कर लिया गया, जिससे एक बड़ी त्रासदी टल गई।

# शिक्षक समस्याओं पर बनी सहमति, प्रतिनिधिमंडल की वार्ता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई छजलैट के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष डॉ. कपिल सिरोही के नेतृत्व में खंड शिक्षाधिकारी शिवम गुप्ता से मुलाकात कर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

प्रतिनिधिमंडल ने चयन वेतनमान से जुड़े मामलों को प्रत्येक माह समयबद्ध तरीके से निस्तारित कर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय को भेजने की मांग की, ताकि शिक्षकों को समय पर इसका लाभ मिल सके। साथ ही अंतर्जनपदीय एवं अंतःजनपदीय स्थानांतरण के बाद अभी तक अप्राप्त ऑफलाइन सेवा पुस्तिकाओं की सूची तैयार कर उन्हें संबंधित कार्यालय से उपलब्ध कराने की भी बात रखी गई।

अवकाश संबंधी समस्याओं में मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज गलत एवं अपूर्ण विवरण को ठीक कराने की मांग की गई, जिससे शिक्षक-शिक्षिकाएं आवश्यकता पड़ने पर अवकाश ले सकें। इसके अलावा एनपीएस योजना के अंतर्गत शिक्षकों की पासबुक तैयार कराने तथा ओपीएस योजना के तहत जीपीएफ खातों का संपूर्ण विवरण ऑनलाइन अपलोड कराने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई। खंड शिक्षाधिकारी शिवम गुप्ता ने सभी समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में दुष्यंत यादव तहसील प्रभारी, सर्मेन्द्र कुमार सिंह, मेघराज सिंह, मोहम्मद रिजवान, भूपेंद्र यादव, गौरव चौधरी, जावेद अख्तर, जुबैर अहमद, प्रभास उज्जवल, विवेक कुमार, धर्मेंद्र सिंह, तनवीर आलम, जुल्फिकार अहमद आदि उपस्थित रहे।

# घुटनों के बल तहसील पहुंचे किसान, दी आंदोलन की चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय


घुटने बल के जाता किसान। -जागरण मोर्चा

**बरेली।** मीरगंज तहसील क्षेत्र में विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों ने अनोखे अंदाज में विरोध दर्ज कराया। किसान नेता घुटनों के बल चलकर तहसील पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई।

संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर यूनियन ने उपजिलाधिकारी को नौ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। किसान नेताओं का आरोप है कि पहले दिए गए प्रार्थना पत्रों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे किसानों में गहरा असंतोष है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में यूनियन ने आरोप लगाया कि पुलिस की मिलीभगत से बंदी के दौरान भी अवैध देशी शराब की बिक्री जारी है, जिससे युवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है। वहीं, ग्राम पंचायत बगरऊ में तालाब पर अवैध कब्जे की शिकायत करने वाले कार्यकर्ता पर दबाव बनाने के लिए फर्जी मुकदमा दर्ज किए जाने का मामला भी उठाया गया। भाकियू ने ग्राम रहपुरा जागीर में अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित भूमि (गाटा संख्या 738) पर अवैध निर्माण को लेकर नाराजगी जताई और तत्काल कार्रवाई की मांग की। इसके अलावा विकास कार्यों की धीमी गति पर सवाल उठाए गए। बिजली से जुड़े मुद्दों में स्मार्ट मीटर हटाने की मांग और हल्दी दांद गांव में खेतों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को हटाने की मांग भी प्रमुख रही। किसानों ने गेहूं क्रय केंद्रों पर बारदाने के नाम पर किसानों को वापस लौटाए जाने की शिकायत भी दर्ज कराई, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। समाधान दिवस में कई अधिकारियों की अनुपस्थिति भी चर्चा का विषय बनी। फतेहगंज पश्चिमी और शेरगढ़ के सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) के अनुपस्थित रहने पर एडीएम वित्त ने नाराजगी जताते हुए स्पष्टीकरण तलब किया। वहीं, किसी भी थाना प्रभारी के मौजूद न रहने पर भी प्रशासन ने कड़ी आपत्ति जताई।

### शिकायतों के निस्तारण के निर्देश

उपजिलाधिकारी आलोक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 37 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें राजस्व की 12, पुलिस की 10, आपूर्ति की 7, बिजली की 6, ग्राम विकास और जल निगम की एक-एक शिकायत शामिल रहीं। इस दौरान भाकियू (टिकैत) के तहसील अध्यक्ष चौधरी सुधीर बालियान, जिला उपाध्यक्ष मदन लाल गंगवार, मीडिया प्रभारी विशाल पाल और जिला अध्यक्ष सोमवीर सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट के फैसले के साथ मौलाना

## बोले- शरीयत भी कहती हैं विवाद वाली जगहों से बचो

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने सार्वजनिक स्थानों पर नमाज को लेकर आए इलाहाबाद हाईकोर्ट के हालिया फैसले का समर्थन किया है। उन्होंने साफ कहा कि कोर्ट का निर्णय न सिर्फ कानूनी बल्कि शरीयत के नजरिये से भी बिल्कुल दुरुस्त है।

शनिवार को जारी बयान में मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि इस्लाम अमन और भाईचारे का पैगाम देता है। यदि किसी स्थान पर नमाज पढ़ने से विवाद की स्थिति बनती हो या किसी को आपत्ति हो सकती हो, तो वहां नमाज अदा करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है। दरअसल, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सार्वजनिक स्थानों पर नमाज को लेकर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थल किसी एक समुदाय के लिए नहीं होते। अदालत ने स्पष्ट किया कि धार्मिक स्वतंत्रता के नाम पर सार्वजनिक भूमि पर स्थायी या नियमित कब्जा नहीं किया जा सकता। यह सभी नागरिकों के लिए समान रूप से उपलब्ध है और कानून द्वारा नियंत्रित होती है। यह टिप्पणी संभल से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान आई। अदालत ने निजी परिसर के आबादी भूमि हिस्से में नमाज की अनुमति मांगने वाली याचिका को खारिज कर दिया।

### चरित्र प्रमाण पत्र पर भी हाईकोर्ट का बड़ा आदेश

इसी बीच इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक अन्य अहम आदेश में कहा कि केवल आपराधिक मामला लंबित होने के आधार पर किसी का चरित्र प्रमाण पत्र नहीं रोका जा सकता। न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा और सत्यवीर सिंह की खंडपीठ ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिया कि शासन के नवीनतम दिशा-निर्देशों के अनुसार याची को प्रमाण पत्र जारी किया जाए। यह आदेश नीतीश कुमार की याचिका पर सुनवाई के बाद दिया गया, जिसमें एडीजी द्वारा लंबित आपराधिक मामले के आधार पर चरित्र प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने इसे गलत ठहराते हुए साफ किया कि जब तक दोष सिद्ध न हो, केवल केस लंबित होने से अधिकार नहीं छीने जा सकते।

# पोषण ट्रैकर ऐप पर फीडिंग करने में जिले को मिला पहला स्थान

जागरण मोर्चा कार्यालय


मनोज कुमार वर्मा।

**बहेड़ी।** बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के तहत 6 साल तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री महिलाओं को प्रत्येक माह दाल, दलिया और तेल का वितरण किया जाता है। वितरण आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से किया जाता है। वितरण करते समय लाभार्थियों का फेस मैचिंग और आधार कार्ड के माध्यम से ई-केवाईसी किया जाता है। यह काम मोबाइल एप पोषण ट्रैकर पर आंगनबाड़ी के द्वारा किया जाता है। जिन लाभार्थियों का फेस मैचिंग ई-केवाईसी और हो जाता है। उनको दाल दलिया और तेल वितरण किया जाता हैं। माह अप्रैल में बाल विकास परियोजना बहेड़ी में खाद्यान्न वितरण करके पोषण ट्रैकर ऐप पर फीडिंग करने में पूरे जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। बहेड़ी परियोजना के द्वारा 86.35 प्रतिशत फीडिंग पूरा किया गया जोकि पूरे जिले में सबसे अधिक है। दूसरा स्थान पर मीरगंज परियोजना की 84.11 प्रतिशत फीडिंग है। तीसरा स्थान भोजीपुरा परियोजना को मिला है। पोषण ट्रैकर ऐप पर खाद्यान्न वितरण की फीडिंग पूरा करने के लिए बार बार आंगनबाड़ी केंद्र को प्रशिक्षण दिया है।

# पत्नी से झगड़े के बाद युवक की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, पोस्टमार्टम से होगा खुलासा


रूप किशोर।

**बरेली।** शीशगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पंडरी में शनिवार सुबह 35 वर्षीय रूप किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, वहीं परिजनों ने सीधे तौर पर मृतक की पत्नी पर जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक के बड़े भाई सुरेंद्र के मुताबिक शुक्रवार देर रात रूप किशोर और उनकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर तीखा विवाद हुआ था। शनिवार सुबह अचानक सूचना मिली कि रूप किशोर ने जहरीला पदार्थ खा लिया है। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें मानपुर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें बरेली रेफर कर दिया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी मौत हो गई। घटना के बाद सुरेंद्र ने अपनी भाभी पर जहरीला पदार्थ खिलाने का सीधा आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि सोची-समझी साजिश है। वहीं शीशगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला घरेलू कलह से जुड़ा लग रहा है। फिलहाल कोई तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि रूप किशोर की पहली पत्नी की कुछ साल पहले डिलीवरी के दौरान मौत हो गई थी। पहली पत्नी से उनके दो बच्चे—एक बेटा और एक बेटी हैं। बाद में उन्होंने शेरगढ़ क्षेत्र की एक युवती से दूसरी शादी की थी, जो अपने एक बेटे के साथ ससुराल आई थी। शादी के बाद से ही दंपती के बीच अक्सर विवाद होता रहता था, जो अब एक संदिग्ध मौत में बदल गया। फिलहाल पूरे मामले की सच्चाई पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो सकेगी। गांव में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं, जबकि पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी है।

# आदमखोर तेंदुए का कहर, 45 दिन में 7 घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** तहसील क्षेत्र में पिछले 45 दिन के भीतर तेंदूए पांच बच्चों सहित 7 लोगों को हमला कर जख्मी कर चुके हैं। तेंदुओं की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ने के कारण क्षेत्र के लिए चिंता का विषय है। तेंदुओं के आतंक से किसान व नागरिक अत्यंत त्रस्त हैं।

ग्राम मिश्रीपुर में तेंदुए ने बच्चे पर हमला कर जख्मी कर दिया था। ग्रामीणों की मांग पर 15 दिन पूर्व गांव में वन विभाग ने पिंजरा लगा दिया था लेकिन पिंजरे में तेंदुआ आज तक फंस नहीं सका है। वैसे तो तहसील क्षेत्र में तेंदुए की भरमार है। आए दिन अनेक स्थानों पर तेंदुए के शावक भी देखे गए हैं। अब तक तेंदुए 45 दिन के भीतर 5 बच्चों सहित 7 लोगों पर हमला कर जख्मी कर चुके हैं। अनेक ग्रामों में कुत्तों को निवाला बनाए जाने के साथ-साथ अनेक ग्रामों में तेंदुए देखे जाने की शिकायत दिन प्रतिदिन मिलती रहती है। तेंदुओं के भय के कारण किसान जंगल जाते हुए डर रहे हैं। अनेक किसान रात्रि जागरण कर रहे हैं। डिप्टी वन रेंजर पुष्पेंद्र सिंह के अनुसार ग्राम रायपुर, रमपुरा उर्फ रामनगर, राजीपुर खद्दर आदि अति संवेदनशील ग्राम हैं। जहां पिंजरों की मांग की गई है। जिला वन रेंजर गिरीश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि जिस प्रकार से तेंदओंकी जनसंख्या में वृद्धि हो रही है। आगामी 5 वर्षों में चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि चिड़ियाघर आदि स्थानों पर लगभग 20 जानवर रखने की कैपेसिटी है। इसके बावजूद वहां दोगुने हिंसक जानवर शिफ्ट किए गए हैं।

**राहत** गर्मी में यात्रियों को बड़ी राहत, भीड़ कम करने के लिए रेलवे का फैसला

# बरेली होकर चलेगी बांद्रा-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** गर्मी के मौसम में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल ने बड़ी सुविधा दी है। रेल प्रशासन ने बांद्रा टर्मिनस से गोरखपुर और गोरखपुर से बोरीवली के बीच एक जोड़ी अनारक्षित ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है, जिससे उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के बीच सफर करने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी।

09157 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन 3 मई 2026 को रात 12:30 बजे बांद्रा टर्मिनस से रवाना होगी। यह ट्रेन बोरीवली, सूरत, वडोदरा, कोटा, मथुरा, कासगंज होते हुए दूसरे दिन तड़के 3:09 बजे बरेली सिटी और 3:49 बजे इज्जतनगर पहुंचेगी। इसके बाद पीलीभीत, सीतापुर, गोण्डा, बस्ती के रास्ते शाम 5:30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी में 09158 गोरखपुर-बोरीवली टर्मिनस स्पेशल ट्रेन 4 मई 2026 को रात 8:30 बजे गोरखपुर से चलेगी। यह ट्रेन अगले दिन सुबह 7:37 बजे इज्जतनगर और 8:09 बजे बरेली सिटी पहुंचेगी। इसके बाद मथुरा, कोटा, वडोदरा, सूरत होते हुए तीसरे दिन सुबह 11:30 बजे बोरीवली पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन के संचालन से बरेली, पीलीभीत, सीतापुर और आसपास के जिलों के यात्रियों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। खास बात यह है कि ट्रेन पूरी तरह अनारक्षित होगी, जिससे अचानक यात्रा करने वाले यात्रियों को भी आसानी होगी। रेल प्रशासन के अनुसार इस ट्रेन में कुल 20 कोच लगाए जाएंगे। इनमें 18 सामान्य (अनारक्षित) कोच, एक एलएसएलआरडी और एक एलडब्ल्यूएलआरआरएम कोच शामिल रहेगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक इज्जतनगर मंडल संजीव शर्मा के अनुसार, गर्मी में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है, जिससे भीड़ नियंत्रण के साथ सफर सुगम बनाया जा सके।


नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत करते सपाई। -जागरण मोर्चा

# नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं वाल्मीकि समाज के वरिष्ठ नेता गुरु प्रसाद काले ने अपने निजी कार्यालय रामपुर गार्डन में समाजवादी पार्टी बरेली के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। काले ने बताया कि जनता भाजपा के भ्रष्ट नीतियों व निजीकरण से तंग आ चुकी है। साथ ही बताया, आज का दलित वर्ग एवं समस्त वाल्मीकि सपा के साथ मजबूती के साथ खड़ा है। स्वागत कार्यक्रम में उपस्थित सपा के महानगर अध्यक्ष दिनेश यादव, वरिष्ठ समाजसेवी श्याम सुंदर वाल्मीकि, इंजीनियर अतिकाय सिंह, डॉ. सीपीआर्या, दिनेश वाल्मीकि, राजकुमार वाल्मीकि, सूरज पाल वाल्मीकि, दीपक सक्सेना, राकेश गुप्ता उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शुभलेश यादव को हार पहनाकर स्वागत किया। साथ ही सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के फैसले का आभार जताया।



## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर
7906815587, 9758444242

# समाधान कराने में न बरतें लापरवाही: डीएम

## जिले के सभी तहसीलों में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन, लगी रही भीड़



तहसील सदर सभागार में फरियादी की शिकायत सुनते डीएम- एसपी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा की उपस्थिति में तहसील सदर सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया। समाधान दिवस के दौरान कुल 37 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिनमें से 8 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतें मुख्यतः राशन, विद्युत, भूमि पैमाइश, आवास, पेंशन तथा खंड विकास विभाग से संबंधित रहीं।

जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तलब कर सभी प्रकरणों का निर्धारित समय सीमा के तहत निस्तारण करने के निर्देश दिए। स्पष्ट रूप से कहा कि शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान ग्राम पंचायत रवन्ना में चकरोड पर अवैध कब्जा तथा ग्राम पंचायत बांस नगली में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला स्तरीय अधिकारी के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस टीम गठित कर स्थलीय जांच के निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत दिल पुरा के फरियादियों द्वारा राशन कार्ड न बनने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक को तत्काल पात्र गृहस्थी राशन कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए, जिसके अनुपालन में त्वरित कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ताओं को राशन कार्ड उपलब्ध करा दिए गए।

पुलिस अधीक्षक ने भी पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित थाना प्रभारी को दिशा-निर्देश दिए। ताकि शिकायतों का शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण तय किया जा सके।

### स्वार में 2 शिकायतों का निस्तारण हुआ

मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया। 8 शिकायतें प्राप्त हुई। 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। तहसील मिलक में उपजिलाधिकारी मिलक की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया ।जिसमें 12 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया ।इसके अतिरिक्त तहसील शाहबाद में उपजिलाधिकारी शाहबाद की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 17 शिकायतें प्राप्त हुई ।4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया ।तहसील टांडा में उपजिलाधिकारी टांडा की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया। कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुई। 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया ।तहसील बिलासपुर में उपजिलाधिकारी बिलासपुर की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया। जिसमें कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुई। 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया।

## 20 मई तक करें आवेदन

**रामपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत राजकीय रजा इंटर कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में यूपीएससी, यूपीपीसीएस, नीट तथा अन्य वन-डे परीक्षाओं की तैयारी हेतु कक्षाएं संचालित हैं।जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रज्ञा बाजपेयी ने जानकारी देते हुए बताया कि अभ्यर्थियों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विषय विशेषज्ञों एवं अनुभवी अध्यापकों की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी, जो संबंधित विषय में अनुभव रखते हों तथा जनपद के किसी गैर-सरकारी इंटर,डिग्री कॉलेज या मुरादाबाद मंडल के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान में अध्यापन कार्य कर रहे हों, वे आवेदन कर सकते हैं।20 मई 2026 तक जमा करना होगा। प्राप्त आवेदनों का परीक्षण निर्धारित एसओपी के अनुसार किया जाएगा।

## एक नजर

### पुलिस ने शांतिभंग में दो युवकों का किया चालान

**शाहबाद।** शांति व्यवस्था बनाए रखने के अभियान के तहत शाहबाद पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को संबंधित न्यायालय में पेश कर दिया। कोतवाल प्रदीप कुमार ने बताया कि सूरजपाल पुत्र इतवारी निवासी ग्राम अलफगंज, थाना सैफनी और राजकुमार पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम रायपुर का मझरा थाना सैफनी का चालान शांतिभंग में करते हुए न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

### तीन दिन में पटरी पर लौटी नगर की सफाई व्यवस्था

**सैफनी।** नगर पंचायत सैफनी में सफाई व्यवस्था को लेकर की गई सख्ती के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। 27 अप्रैल को नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खान व अधिशासी अधिकारी दुर्गेश त्रपाठी ने नगर की खराब सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए सफाई नायकों को कड़ी चेतावनी दी थी और तीन दिन के भीतर व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे। निर्देश मिलते ही सफाई विभाग सक्रिय हो गया और नगर के विभिन्न वार्डों, मुख्य मार्गों, नालियों तथा सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। जगह–जगह जमा कूड़े के ढेर हटाए गए। तीन दिन के भीतर ही नगर की तस्वीर बदलती नजर आई। सफाई व्यवस्था की निगरानी में लगे सभासदों अरविंद जोशी, गुड्डू भाई, गब्बर, छोटे भाई, जाबिर पाशा, गालिब अंसारी एवं हंसराज सागर का सहयोग भी सराहनीय रहा, जिनकी सक्रिय भागीदारी से अभियान को गति मिली।

# आजम खां के हेट स्पीच में मामले में अंतिम बहस 4 को

- एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही सुनवाई

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में आजम खां द्वारा दिए हेट स्पीच के मामले में अंतिम बहस के लिए 4 मई नियत की है। यह मुकदमा वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान दर्ज किया गया था। इसमें आजम खां सपा-बसपा कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी थे। उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान कई विवादित बयान भी दिए थे।

थाना भोट में यह मुकदमा दर्ज हुआ था। इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी वायरल हुई थी। वीडियो में आजम खां में गाड़ी हुए थे। वह बोल रहे थे डटे रहियो कलक्टर पलक्टर से मत डरियो। तनखइयों से नहीं डरते। देखे है मायावती जी के फोटो, बड़े-बड़े अफसर रूमाल निकालकर उनके जूते साफ करते है। वीडियो वायरल होने के बाद मुकदमा दर्ज किया था। जिसकी एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में सुनवाई चल रही है। कोर्ट में एपीओ सुदेश शर्मा ने बताया कि 4 मई को इस मामले में अंतिम बहस होगी। सोमवार को ही सेशन कोर्ट में दो पैन कार्ड और गवाह को धमकाने के मामले में भी सुनवाई होगी।

## मारपीट गाली गलौज करने में चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज




**मिलक।** कोतवाली क्षेत्र के किरा गांव निवासी चिंती लालने कोतवाली में तहरीर दी गांव के लखविंदर हरचरन शैम्पू वीरेंद्र के द्वारा रंजिश को लेकर इन चार लोगों ने मेरे साथ गाली गलौज मारपीट कर दी। आसपास के लोगों को आता देख यह चारों व्यक्ति जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए इस संबंध में चिंती लाल ने कोतवाली में नामजद तहरीर दी तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह ने बताया कि मामले की विवेचना हल्का प्रभारी के द्वारा कराई जा रही है

# गोकशी की फिराक में खड़ा शातिर अपराधी गिरफ्तार

- तमंचा और पशु काटने के उपकरण बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुलिस द्वारा पकड़ा गया गोकश। -जागरण मोर्चा

**स्वार।** थाना स्वार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए गोकशी की योजना बना रहे अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के पास से तमंचा, दो जिंदा कारतूस और पशु काटने के भारी उपकरण बरामद किए हैं। पकड़ा गया आरोपी अपने साथी के साथ मिलकर लावारिस पशुओं का वध करने की फिराक में था।

पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक सोहनपाल सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था और संदिग्धों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान ग्राम करीम पुर के पास मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मिलक नौखरीद के पुल के पास एक व्यक्ति हथियार और औजारों के साथ खड़ा है। वह पूर्व में दर्ज गोकशी के एक मामले में वांछित है।दोबारा घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मिलक नौखरीद के पास बन रहे एक नए मकान की आड़ में घेराबंदी की। अंधेरे का फायदा उठाकर पुलिस ने मौके से एक संदिग्ध को धर दबोचा।

तलाशी के दौरान उसकी पेंट की जेब से तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए। इसके अलावा उसके पास मौजूद एक प्लास्टिक के कट्टे से कुल्हाड़ी, छुरी, दाव पशु काटने के औजार और रस्सी बरामद की गई। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम रिजवान पुत्र अमजद, निवासी नरपत नगर थाना स्वार बताया। पूछताछ में उसने कुबूल किया कि वह अपने साथी रिजवान पुत्र शरीफ अहमद निवासी बाजपुर, उत्तराखंड के साथ मिलकर आवारा पशुओं का वध करता था। उसने स्वीकार किया कि 3-4 दिन पहले भी उन दोनों ने ग्राम जमना जमनी के पास कोसी नदी के पार एक बछड़े का वध किया था, लेकिन किसी के आने की आहट सुनकर अवशेष छोड़कर भाग गए थे।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट और गोवध निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। पुलिस अब उसके फरार साथी की तलाश में दबिश दे रही है।

# दलित युवती को बहला-फुसलाकर ले गया युवक

- जातिसूचक शब्द कहने का आरोप, बदायूं का आरोपी फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** एक मई ननिहाल से गांव लौटी दलित युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण और एससी-एसटी एक्ट समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मिलक कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी ने तहरीर दी कि उनकी बेटी जनपद बदायूं में अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रही थी। कुछ समय पहले वह अपने गांव आ गई थी। 26 अप्रैल को अचानक घर से गायब हो गई ।परिजनों ने आसपास के क्षेत्र और रिश्तेदारी में काफी तलाश की, लेकिन बेटी का पता नहीं चला। बाद में जानकारी मिली कि जनपद बदायूं निवासी सजत कश्यप उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है ।जब पीड़ित पिता ने सजत कश्यप से बेटी के बारे में पूछा तो उसने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने कोतवाली मिलक में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी सजत कश्यप के खिलाफ अपहरण, बहला-फुसलाकर ले जाने और एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# निरंतर उपचार से घटने लगे टीबी मरीज



- जनपद में वर्तमान समय में 4000 है टीबी रोगी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** टीबी रोग के खात्मे को चलाए जा रहे अभियान से जनपद की स्थिति सुधर रही हैं निरंतर जांच और उपचार से टीबी रोगियों की संख्या घटने लगी है। वर्तमान में 4000 टीबी रोगी उपचार ले रहे हैं। शासन के आदेश पर टीबी रोग खात्मे के लिए जनपद में 100 दिवसीय अभियान संचालित है। इसमें स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर ऐसे लोगों को चिन्हित कर रहे हैं जो अक्सर बीमार रहते हैं। बीड़ी सिगरेट या शराब के आदी है।

टीमें स्लम एरिया ईट भट्ठे पर जाकर ऐसे लोगों को चिन्हित कर रहे हैं। इसके अलावा जन आरोग्य मंदिरों में टीबी रोगियों की जांच ट्रूनेट मशीन से जांच कराई जा रही है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जनपद में 31 स्थानों पर टेस्टिंग यूनिट लगी है जबकि 20 मशीन है। इन मशीनों द्वारा टीबी की जांच की जाती है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.सत्य प्रकाश ने बताया कि टीबी रोग खात्मे के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों और जनता से सहयोग लिया जा रहा है। इसके लिए टीबी मरीजों को गोद देते है। मरीजों को गोद लेने वालों को निक्षय मित्र बनाया गया है।

### 1 जुलाई तक संचालित रहेगा अभियान

डीटीओ ने बताया कि जनपद में 100 दिवसीय अभियान 24 मार्च से आरंभ हुआ है जोकि 1 जुलाई तक जारी रहेगा। अभियान के तहत अब तक 13251 लोगों की स्क्रीनिंग हुई है। जिसमें पुरुष 6686, महिलाएं 6565 शामिल है।

# गेहूं खरीद व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे किसान

जागरण मोर्चा कार्यालय



क्रय केंद्रों का निरीक्षण करते किसान। -जागरण मोर्चा

**बिलासपुर।** किसानों ने नवीन मंडी में गेहूं खरीद व्यवस्था का जायजा लिया और विरोध प्रदर्शन कर विरोध जताया। उनका कहना था कि किसानों का गेहूं नहीं तौला जा रहा है और वह अपनी फसल औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर हैं। भारतीय किसान यूनियन अंबावता के तत्वावधान कार्यकर्ता शनिवार की दोपहर में जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी के नेतृत्व में यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता हाईवे स्थित नवीन मंडी पहुंचे। वहां विरोध एवं प्रदर्शन किया।

वारसी ने बताया कि मंडी में गेहूं खरीद व्यवस्था बदहाल है। किसानों के लिए पीने के पानी और बैठने तक की व्यवस्था नहीं है। कई केंद्रों पर प्रभारी अनुपस्थित मिले,तो कहीं लेबर मौजूद नहीं थी। मौके पर केवल एक ही गेहूं क्रय केंद्र चालू पाया गया,जबकि अन्य सभी बंद थे या फिर तौल नहीं हो रही थी। वारसी ने आरोप लगाया कि केंद्रों पर किसानों का खुलेआम शोषण हो रहा है और उनकी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। जब किसानों के पास गेहूं की पर्याप्त मात्रा थी,तब उन्हें बारदाने की कमी का बहाना बनाकर टाल दिया गया। इस प्रदर्शन के दौरान युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मोहम्मद आसिम रजा, मोहम्मद अहमद, बलविंदर सिंह, जोरावर सिंह, रिजवान अली, करीमुद्दीन, अहकाम मिर्जा एडवोकेट, अवतार सिंह, जगतार सिंह, फरीद साबिर अली, सोनू गुप्ता, बलजीत सिंह, राजेंद्र सिंह सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# छात्राओं को पढ़ाया कानून का पाठ



छात्राओं को जागरुक करती महिला सिपाही। -जागरण मोर्चा

- नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं के बारें में बताया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस पांच अभियान के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शनिवार को सभी थानों से महिला सुरक्षा दल द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया।जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181महिला हेल्पलाइन,112 आपातकालीन सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया आदि के बारें में बताया। इसके अलावा मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं,बालिकाओ को पंपलेट, कॉमिक्स एवं जागरूकता सामग्री वितरित की।

## आवारा कुत्ते के हमले में महिला जख्मी



**शाहबाद।** तहसील क्षेत्र के रेवड़ी खुर्द गांव में एक बुजुर्ग महिला को आवारा कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया।जिसे परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने घायल महिला को प्राथमिक उपचार दिया तथा एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगाया।

मिलक थाना क्षेत्र के ग्राम रेवड़ी खुर्द निवासी नन्ही पत्नी इस्लाम अपने घर के बाहर भूसा इकट्ठा कर रही थी तभी आवारा कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया और उन्हें काट कर घायल कर दिया आनन फानन में परिजन बुजुर्ग महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने घायल महिला को प्राथमिक उपचार दिया तथा एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगाकर घर भेज दिया।

**मांग** बिना मानसिक दबाव के जनगणना कार्य को सुचारू रूप से कर सकें पूरा

# शिक्षकों को मिले उपार्जित अवकाश: आनंद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिले में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को जनगणना-2026 के कार्य में लगाए जाने के चलते ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों को उपार्जित अवकाश प्रदान किए जाने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया कि जनगणना का प्रथम चरण 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रस्तावित है। परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 20 मई से 15 जून तक निर्धारित है। ऐसे में बड़ी संख्या में शिक्षक अपने अवकाश अवधि में भी पर्यवेक्षक व प्रगणक के रूप में शासकीय कार्य करने को बाध्य हैं, जिससे वे अवकाश के वास्तविक लाभ से वंचित हो रहे हैं।



जिला अध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल



जिला मंत्री आनंद प्रकाश

शिक्षक संघ ने सचिव, उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज के 20 फरवरी 1998 के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि अवकाश अवधि में शासकीय कार्य कराने पर शिक्षकों को उपार्जित अवकाश दिए जाने का स्पष्ट प्रावधान है। संघ का कहना है कि जनगणना कार्य के दौरान शिक्षकों को लगभग 24 दिन तक लगातार ड्यूटी करनी होगी, जिसमें दैनिक उपस्थिति, क्षेत्र भ्रमण और डाटा संकलन जैसे कार्य शामिल हैं। संघ ने मांग की है कि शिक्षकों को कम से कम 15-16 दिन का उपार्जित अवकाश प्रदान किया जाए, ताकि वे नियमों के अनुरूप लाभ प्राप्त कर सकें और बिना मानसिक दबाव के जनगणना कार्य को सुचारू रूप से पूरा कर सकें।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल, जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता, दिलशाद वारसी, महेंद्र प्रताप सिंह, सतीश गिरोब, आनंद सिंह भंडारी, तहसील आलम खान, राकेश विश्वकर्मा, उमेश यादव, मोहम्मद खालिद खान, मोहित यादव, ताहिर अली, फुरकान मोहम्मद, सत्यपाल सिंह, मनोज कुमार, सागर और संतोष प्रसाद सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### रवाना की जर्जर सड़क बनी आफत

**सैफनी।** शाहबाद–बिलारी मार्ग को जोड़ने वाली रवाना गांव की मुख्य सड़क की बदहाली अब ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या बन चुकी है। वर्षों से टूटी पड़ी इस सड़क पर आवागमन जोखिम भरा हो गया है। शनिवार को तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में गांव निवासी समाजसेवी मो. फराज खान उर्फ आशू खान ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए मरम्मत की मांग उठाई।पीड़ित ने प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी को सौंपा। पत्र में बताया कि मंडी समिति के अधीन आने वाली यह सड़क पिछले चार–पांच वर्षों से खस्ताहाल है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से रोजाना स्कूली बच्चे, बुजुर्ग, मरीज और गर्भवती महिलाएं गुजरती हैं, जिन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आए दिन फिसलन और गड्ढों के कारण हादसों का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराकर राहत दिलाने की मांग की है।

# किशोरी का अपहरण कर हत्या करने में आरोपी दोषी करार

## न्यायालय में 4 मई को होगा सजा का ऐलान, गंज थाना क्षेत्र का मामला



### मां ने लगाया था लव जिहाद का आरोप

मां बीना ने आरोप लगाया था कि सलीम ने अपने दो भाइयों के साथ उसकी बेटी का अपहरण करने के बाद उसका धर्म परिवर्तन कराया था। महिला एक साल तक मां अपनी बेटी को तलाशती रही। बाद में उसको पता चला कि उसकी बेटी गंज क्षेत्र में रह रही है। इस मामले में पुलिस ने विवेचना कर सलीम के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। बीना देवी ने पुलिस को तीन सगे भाइयों के के खिलाफ तहरीर दी थी। जिसमें पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। जबकि विवेचना के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों के नाम निकाल कर सलीम के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** किशोरी का अपहरण कर हत्या करने के आरोप में न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया है। जबकि सजा का ऐलान 4 मई को होगा। जिला फरीदाबाद के थाना एमजीएम नगर बटकल झील चौक निवासी बीना देवी पत्नी दिनेश महतो ने 23 जुलाई 2016 को थाना गंज में एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसमें उसने आरोप लगाया था कि उसकी बेटी को सलीम, असलम पुत्र जुम्मा कारीगर निवासी काशीपुर आंगा ने कमरा किराए पर लेकर रहते थे। तीनों युवकों ने उसकी बेटी को प्रेमजाल में फंसाकर अपहरण कर लिया था।इस दौरान उसकी लड़की अपने साथ 10 तौले, 500 ग्राम चांदी और 4 लाख रुपये नगद लेकर गई थी।

एक साल बाद मालूम हुआ कि लड़की रामपुर में है। तब मां रामपुर आई तो उसने देखा कि उसकी बेटी तीन आरोपियों के साथ रह रही है। इस पर सलीम ने मां से कहा कि हम लोगों ने शादी कर ली और एक संतान भी है। मां बेटी को साथ ले जाना चाहती थी। जिसको लेकर इन लोगों ने मारपीट पर उतारू हो गए और धमकी देकर मौके से भगा दिया था। बीना ने पुलिस को बताया कि जब उसकी बेटी अकेली होती थी तो सलीम से बातचीत किया करती थी। 6 नंवबर 2019 को मां बीना काशीपुर पहुंची तो उसने देखा कि बेटी बीमार है यहां से वह मिलकर घर चली गई। 19 नंवबर को मालूम हुआ कि उसकी बेटी मौत हो गई है। पुलिस ने मां की तहरीर पर धारा 304 बी और 201 में पति सलीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। इस मामले में शनिवार को कोर्ट में सुनवाई हुई। जहां से कोर्ट ने पति को जेल भेज दिया। कोर्ट ने सजा पर सुनवाई के लिए 4 मई को तलब किया है।

# 'प्रभु की लीला के पीछे होते हैं रहस्य'



कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। –जागरण मोर्चा



कथा सुनाती साध्वी जयंत भारती।

- **हमारी भारतीय संस्कृति योग और अध्यात्म से संपन्न**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से पांच दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया गया। जिसके द्वितीय दिवस में सर्व आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी जयंती भारती ने प्रभु श्रीराम जन्म प्रसंग को बहुत ही रोचक व अध्यात्मिक तथ्यों सहित प्रस्तुत किया।

बताया प्रभु का जन्म व कर्म दिव्य होता है। जिसे हम साधारण बुद्धि के द्वारा नही समझ सकते। प्रभु की प्रत्येक लीला के पीछे आध्यात्मिक रहस्य होते हैं। जिन्हें हम ब्रहमज्ञान के द्वारा ही समझ सकते है। इसके अतिरिक्त साध्वी ने बताया श्री राम का जीवन चरित्र मानव के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करता है। हमारे समाज को उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है। किन्तु आज हमारा समाज ऐसे उत्तम चरित्र को भूलकर निकृष्टता का अनुसरण कर रहा है। जिसका परिणाम आप टूटते बिखरते परिवारों के रूप में ,दिशाहीन युवाओं के रूप में व दम तोड़ती मानवता के रूप में स्पष्ट देख सकते हैं। इसलिए अगर हम एक सुंदर सभ्य व श्रेष्ठ समाज की परिकल्पना को साकार करना चाहते है तो हमें श्रीराम जी के चरित्र को अपने जीवन में उतरना होगा।ऐसा अध्यात्म ज्ञान की दीक्षा को प्राप्त करके ही संभव हो सकता है। जब एक पूर्ण गुरु का आगमन हमारे जीवन में होता है तो वह हमें ब्रह्मज्ञान की दीक्षा देते है। यही अध्यात्म हमारी भारतीय संस्कृति का भी आधार रहा है। जहां अन्य देशों की संस्कृतियाँ भोग पर आधारित है।

वहीं हमारी भारतीय संस्कृति योग और अध्यात्म से संपन्न है। इसलिए अगर हम जीवन में उत्कर्ष प्राप्त करना चाहते है तो पुनः हमें अपनी संस्कृति के साथ जुड़ना होगा। इसके अतिरिक्त कथा में सुमधुर भजनों का गायन भी किया गया कथा का समापन प्रभु की पावन मंगल आरती के साथ किया गया। इस मौके पर निवेदिता मित्तल ,स्नेहा ,साक्षी ,अनु ,मनीषा,सीमा ,अल्पना ,दीपक ,रामफल ,राजेश राजपूत ,अरविंद गुप्ता मौजूद रहे।

# भाकियू-टिकैत पदाधिकारियों ने संपूर्ण समाधान दिवस में सौंपा ज्ञापन

- **खाद की कालाबाजारी रोकने और जबरन वसूले जा रहे ब्याज की जांच की मांग**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** को ऑपरेटिव सोसायटी द्वारा किसानों से जबरिया वसूले जा रहे ब्याज साथ ही यूरिया खाद की कालाबाजारी रोकने आदि अनेक समस्याओं को लेकर भाकियू पदाधिकारियों ने संपूर्ण समाधान दिवस में पत्र सौंपकर जांच व कार्रवाई की मांग की।

शनिवार को भारतीय किसान यूनियन-टिकैत के करीब एक दर्जन पदाधिकारी संगठन के प्रदेश सचिव सरदार मंजीत सिंह अटवाल के नेतृत्व में स्थानीय तहसील भवन पहुंचे थें।इस दौरान वह संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद उप जिलाधिकारी अरुण कुमार से मिले और उन्हें अपना प्रार्थना पत्र सौंपा।

इससे पूर्व किसान नेता अटवाल ने कहा कि जिले की कोऑपरेटिव सोसायटी द्वारा किसानों को पूर्व में तीन प्रतिशत ब्याज पर लोन दिया जाता था,लेकिन इस बार सोसायटी ने किसानों से सात प्रतिशत ब्याज पर लोन दिया है।आरोप है कि इससे किसानों को भारी परेशानियां हो रही है। उन्होंने कहा उक्त चार प्रतिशत लोन वापस करने का आदेश दिया था, लेकिन अब पूरे सात प्रतिशत ब्याज जबरिया वसूल रहे हैं।उनकी मांग है कि इसकी जांच अति आवश्यक है।इसके अलावा तहसील में यूरिया खाद किसानों को नही दिया जा रहा बल्कि खाद को ब्लैक किया जा रहा है। इसके बाद उन्होंने स्मार्ट मीटरों पर भी निशाना साधा कहा सरकार द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगी हुई है,मगर ठेकेदार अपनी कमाई के चक्कर में क्षेत्र में जबरिया मीटर लगा रहे इससे जनता परेशान हैं। उन्होंने मांग की जनहित के इन मुद्दों पर गंभीरता से संज्ञान ले वरना उनका संगठन बड़ा आंदोलन करेगा।इस मौके नृपजीत सिंह,पर कमरुद्दीन आदि मौजूद रहे।

## गंज पुलिस ने पकड़ा फरार आरोपी

**रामपुर।** गंज पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी को पकड़ने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से कानूनी कार्रवाई कर दी। एसपी के निर्देश पर अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया गया। उसी के चलते थाना गंज पुलिस वारंटी फैजान अली पुत्र विशारत अली निवासी मोहल्ला छोटी मण्डी मुस्लिम कॉलेज के पीछे थाना कटघर जिला मुरादाबाद सम्बन्धित भरण पोषण वसूली के तहत मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने उसको मकान से गिरफ्तार करने के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई कर दी है।



# कच्चे रास्ते को लेकर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

**समस्या**

- **शनिवार को प्रदर्शन कर जताई नाराजगी**

जागरण मोर्चा कार्यालय



धर्मपुर मंसूरपुर संपर्क मार्ग का निर्माण न होने के विरोध में प्रदर्शन करते ग्रामीण। –जागरण मोर्चा

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के ग्राम धर्मपुर उत्तरी और मंसूरपुर के ग्रामीणों का वर्षों पुराना आक्रोश शनिवार सुबह उस समय सामने आ गया। जब बदहाल पड़े रास्ते को लेकर लोगों ने खुलकर विरोध जताया। सुबह करीब नौ बजे बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए। सड़क निर्माण की मांग को लेकर नाराजगी व्यक्त की।

ग्रामीणों का कहना है कि धर्मपुरउत्तरी से मंसूरपुर को जोड़ने वाला यह रास्ता पिछले करीब 50 वर्षों से कच्चा पड़ा हुआ है। बारिश के दिनों में रास्ते में पानी भर जाता है और जगह-जगह गड्ढे हो जाने से आवागमन बेहद कठिन हो जाता है। इससे सबसे ज्यादा परेशानी किसानों, दूध सप्लाई करने वाले लोगों और नौकरीपेशा व्यक्तियों को उठानी पड़ रही है, जिन्हें रोज इसी मार्ग से गुजरना पड़ता है।बताया कि यह मार्ग रहमतगंज, मंसूरपुर और लालपुर होते हुए धर्मपुरउत्तरी को जोड़ता है तथा आगे उत्तराखंड के किशनपुर मौलागढ़ और मुरादाबाद रोड तक संपर्क प्रदान करता है।

इसके बावजूद सड़क की हालत लंबे समय से जस की तस बनी हुई है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कागजों में इस सड़क को पक्का दर्शाया गया है, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और जल्द से जल्द सड़क का निर्माण कराने की मांग की है।प्रदर्शन के दौरान मनप्रीत सिंह, यमन हाजी, रमेश, ओम प्रकाश लक्ष्मी रोहित मौर्य आदि शामिल रहे।

# पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

- **डेढ़ महीने से कार्यालय में रंग रोगन के बाद बैठने लायक बनाया**

जागरण मोर्चा कार्यालय



पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन करते मुख्य अतिथि, साथ में संगठन के पदाधिकारी।

**शाहबाद।** पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यालय का उद्घाटन एसडीएम आशुतोष कुमार ने किया। कार्यालय का उद्घाटन जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा के द्वारा होना था।

पुलिस अधीक्षक का स्वास्थ्य खराब होने और जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में व्यस्त रहने के कारण दोनों अधिकारी शाहबाद नहीं पहुंच सके। पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा डेढ़ महीने से कार्यालय में रंग रोगन के बाद बैठने लायक बनाया। पत्रकारों की मेहनत को देखते हुए जिलाधिकारी ने शाहबाद के एसडीएम और बीडीओ को पत्रकार एसोसिएशन के कार्यालय के उद्घाटन की जिम्मेदारी सौंपी। शनिवार दोपहर में उप जिलाधिकारी द्वारा इसका फीता काटकर उद्घाटन किया।उद्घाटन कार्यक्रम में बीडीओ धीरेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार राजेश कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार, चैयरमैन पति वसीम खां, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्र गुप्ता, जीके पाठक, जिला पंचायत सदस्य नुसरत बेग, शाहबाद हल्का इंचार्ज आतिश जैन भी मौजूद रहे।

संगठन के अध्यक्ष आफताब और महासचिव सिफत मियां ने मुख्य अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर संरक्षक बीपी विद्यार्थी, संस्थापक एहसान खान, कार्यकारी अध्यक्ष आकाश शंकर, कार्यकारी अध्यक्ष राजीव कुमार भटनागर कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, संगठन मंत्री विनोद गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक शराफत हुसैन हस्सानी, कोषाध्यक मुस्तफा अली, विधिक सलाहकार सुहैल खान, उपाध्यक्ष जहीर खान, उपाध्यक्ष सुमित कश्यप,कनिष्ठ उपाध्यक शावेज़ छोटे, संयुक्त सचिव फैजी खान,सचिव तकरीर अहमद,सचिव शान मोहम्मद,प्रचार मंत्री धर्मेन्द्र सागर,महिला विंग अध्यक्ष नेहा गुप्ता,इरफान मालिक ,शावेज़ खान,विकास मुल्तानी,तालिब, कार्यालय प्रभारी रशीद अल्वी ने भी मेहमानों का स्वागत किया।

# सपाइयों ने स्मार्ट मीटर का जताया विरोध

जागरण मोर्चा कार्यालय



ज्ञापन देते सपाई।

**बिलासपुर।** सपाईयों ने स्मार्ट मीटरों के विरोध में शनिवार को तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन किया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा, जिसमें पुरानी मीटर व्यवस्था बहाल करने की मांग की गई है। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि मांग पूरी नहीं हुई,तो स्मार्ट मीटर उखाड़कर भाजपा नेताओं के घरों के आगे फेंके जाएंगे।

तराई किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और वरिष्ठ सपा नेता तजिंदर सिंह विर्क के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता तहसील गेट के बाहर एकत्रित हुए। जुलूस निकालकर तहसील परिसर में प्रवेश किया और मुख्य भवन के सामने स्मार्ट मीटर तथा भाजपा सरकार के विरोध में नारे लगाए।कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटरों के विरोध में लिखे नारों वाली तख्तियां भी लहराईं।प्रदर्शन के दौरान उप जिलाधिकारी अरुण कुमार संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित थे।उन्होंने तहसीलदार शिव कुमार शर्मा को ज्ञापन लेने के लिए भेजा। तहसीलदार ने सपा नेता विर्क से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन प्राप्त किया। ज्ञापन में स्मार्ट मीटर व्यवस्था को निरस्त कर पुरानी पोस्टपेड मीटर व्यवस्था बहाल करने की मांग की गई है। सपा नेता विर्क ने कहा कि स्मार्ट मीटर व्यवस्था भारतीय जनमानस के विरुद्ध, अव्यवहारिक और विद्युत उपभोक्ता नियमों के प्रतिकूल है। विर्क ने कहा कि बुलेट ट्रेन चलाने की घोषणा करने वाली सरकार में स्मार्ट मीटर बुलेट से भी तेज चल रहे हैं। इस दौरान सपा नेता मोहम्मद याकूब खां और व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष मोहम्मद अनस खां ने कहा कि यह मीटर गरीब-निर्धनों के लिए परेशानियों का सबब बने हुए हैं। लगातार इन्हें बदलवाने की शिकायती की जा रही। प्रदर्शन में सांसद प्रतिनिधि अथर अली खां,साहब सिंह कोटिया,प्रेमशंकर दिवाकर, नदीमयार खां,नजीब खां, सद्दाम पाशा, हरदीप सिंह, पंकज यादव सहित लगभग दो सौ कार्यकर्ता शामिल थे।

# सिंचाई विभाग में नलकूप चालक की भर्ती कराए जाने को भेजा ज्ञापन

- **कृष्णा विहार स्थित शहर विधायक के आवास पर मिले**

जागरण मोर्चा, कार्यालय



शहर विधायक को सौंपते आईटीआई के छात्र। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** सिंचाई विभाग में नलकूप चालकों की भर्ती कराए जाने को लेकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा है। जिसमें कहना है कि प्रदेश में सिंचाई विभाग में चालकों भर्ती वर्ष 2015-16 में हुई थी। वर्तमान में सिंचाई विभाग में 11608 पद रिक्त है। इसलिए जल्द ही चालकों की भर्ती कराई जाए।

प्रतियोगी एकता संघ उत्तर प्रदेश के अमित प्रजापति के नेतृत्व में तमाम लोग एकत्र होकर शहर विधायक के पास पहुंचे। इसके बाद एक ज्ञापन विधायक को सौंपा। जिसमें उनका कहना है कि वह आईटीआई की परीक्षा उत्तीर्ण किए हुए है। वर्तमान में सिंचाई विभाग में नलकूप चालकों के रिक्त पदों पर भर्ती कराए जाने को लेकर मांग की है। ज्ञापन देने वालों में प्रदीप प्रजापति, जयवीर सिंह, दिनेश, सौरभ, संजीव, आशु, ब्रिजेश, विनय आदि मौजूद रहे।

## फैयाज हास्पिटल में आज लगेगा कैंप

**रामपुर।** बरेली के मशहूर हकीम खुर्शीद मुराद के बड़े बेटे हकीम डॉ. आतिफ मुराद दोमहला रोड स्थित फैयाज हास्पिटल में आज कैंप लगेगा। जिसमें मरीजों को निशुल्क उपचार मिलेगा।

कैंप में बीमारियों की नब्ज देकर परामर्श देते हैं। रामपुर के बहुत से लोग उपचार के लिए बरेली जाते थे। हास्पिटल संचालक तमकीन फैयाज ने बताया कि महीने में दो बार कैंप का आयोजन होता है। कैंप में उपचार के लिए बरेली जाना नहीं पड़ता है। कैंप का आयोजन शाम 4 से 7 बजे तक रहेगा।

**फुटबाल टूर्नामेंट** मुख्य अतिथि मकसूद लाला ने विजयी टीम को सौंपी ट्रॉफी

# मिनी स्टेडियम क्लब बना चैंपियन

जागरण मोर्चा कार्यालय



विजयी टीम को ट्रॉफी देते मुख्य अतिथि। –जागरण मोर्चा

**टांडा।** नगर के मिनी स्टेडियम में फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में खेले गए मैच में झील क्लब और मिनी स्टेडियम क्लब के बीच मैच खेला गया। जिसमें मिनी स्टेडियम क्लब टांडा ने 4-0 के गोल के अंतर से मैच जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया।

मैच के पहले हाफ में मिनी स्टेडियम क्लब के शारिक ने अपनी टीम के लिए एक गोल किया। दूसरे हाफ में मिनी स्टेडियम क्लब के शारिक , शोएब और वाहिद ने एक-एक गोल कर अपनी टीम को 4-0 के गोल के अंतर से मैच जीता और ट्रॉफी पर कब्जा किया।मैच रेफरी सगीर गुड्डू, लाइनमैन तौसीफ और अकरम रहे।कमेंटेटर मोहम्मद सईद सागर और जहीर जिया रहे। विजेता और उपविजेता टीमों के कप्तानों को मुख्य अतिथि भाजपा नेता मकसूद लाला द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि मकसूद लाला,अब्दुर्रहमान, मोहम्मद तौसीफ, महफूज मुन्ना, अनीस परवेज, तसलीम मिस्त्री, जुबैर आलम, इकबाल अज्जु,नाजिम फरीदी, वसीम अकरम, शहजाद आलम, नवेद, अशहद, दाऊद, आदि रहे।

## एक नजर

### प्रवेश के लिए ऑनलाइन करें आवेदन

**रामपुर।** उप्र स्पोर्ट्स कालेजेज सोसाइटी लखनऊ के अधीन संचालित गुरु गोबिन्द सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, बीर बहादुर स्पोर्ट्स कॉलेज, मेजर ध्यान चन्द स्पोर्ट्स कॉलेज, स्पोर्ट्स कॉलेज फतेहपुर एवं स्पोर्ट्स कॉलेज सहारनपुर में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6,9 एवं 11 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है। इन संस्थानों में कुल 518 संभावित रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा।उप क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी खेल साथी पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी स्पोर्ट कॉलेज लखनऊ वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक अथवा खेल साथी पोर्टल पर स्पोर्ट्स कॉलेज एडमिशन विकल्प के माध्यम से निर्धारित प्रारूप भरकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क रूपये 200 निर्धारित किया है।आवेदन करते समय यूडाइस प्लस पोर्टल द्वारा जारी अभ्यर्थी का पेन भरना अनिवार्य होगा। बिना पेन नंबर के आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# जब राष्ट्र, धर्म अलग चलता है तो वह देश विसंगतियों में घिर जाता है

## उत्सव पैलेस में मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम को आरंभ

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** सांस्कृतिक एवं साहित्यिक जागरण मंच के तत्वावधान में राष्ट्र गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक राष्ट्रीय स्तर की विचार माला का आयोजन शनिवार को उत्सव पैलेस में किया गया। जिसमें वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि कृषि राज्य मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख, मंडलायुक्त आन्जनेय सिंह ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि जब राष्ट्र और धर्म अलग चलता है तो वह देश विसंगतियों में घिर जाता है। समय रहते हुए अगर गलतियों को नहीं सुधारा तो गलतियां और बड़ी होती जाएंगी। सिस्टर निवेदिता ने जिस ध्वज का निर्माण का किया था उसमें वंदेमातरम लिखा था। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष पिछला वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, विधायक आकाश सक्सेना, विधायक राजबाला, विधायक रितेश गुप्ता, विधायक रामवीर सिंह, एमएलसी डा. जयपाल सिंह व्यस्त, एमएलसी गोपाल अंजान, डा. विशेष गुप्ता पूर्व अध्यक्ष बाल कल्याण एवं अधिकार आयोग, सुनीता सिंह सैनी सदस्य उत्तर प्रदेश महिला कल्याण आयोग, नगर पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल, चेयरमैन जिला सहकारी बैंक मोहन लाल सैनी, विभाग कार्यवाह योगेन्द्र चौहान, जिला प्रचारक प्रमोद, दीपक गोयल आदि मौजूद रहे।




उत्सव पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में बोलते वक्ता।



कार्यक्रम में शामिल मंडलायुक्त व भाजपाई।

### निःशुल्क मिलेट्स बीज मिनीकिट की ऑनलाइन बुकिंग 10 मई तक

**रामपुर।** उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह ने बताया कि कृषि निदेशालय, उत्तर प्रदेश, कृषि भवन, लखनऊ द्वारा संचालित मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में मिलेट्स (श्री अन्न) की खेती को बढ़ावा देने हेतु किसानों को निःशुल्क मिलेट्स बीज मिनीकिट वितरित किए जाएंगे। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न फसलों के मिनीकिट का आवंटन किया गया है।

प्राप्त आवंटन के अनुसार जनपद में संकुल ज्वार के 60, कोदो के 150, मडुआ (रागी) के 150, सांवा के 150 एवं संकर बाजरा के 300 मिनीकिट उपलब्ध कराए जाएंगे।इन मिनीकिट्स की ऑनलाइन बुकिंग कृषि विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर 10 मई तक की जा रही है। निर्धारित तिथि के बाद किसानों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।जनपद के इच्छुक किसान पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण, बुकिंग कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# दुस्साहस : खनन माफिया ने चार एकड़ उपजाऊ भूमि को किया मिट्टी विहीन

- मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** खनन माफिया के दुस्साहस का एक रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां सत्ता पक्ष के रसूख की आड़ में खनन माफियाओं ने तीन गरीब किसानों की करीब चार एकड़ उपजाऊ भूमि को रात भर में मिट्टी विहीन कर दिया। माफियाओं ने जेसीबी और डंपरों का तांडव मचाते हुए खेतों से करीब आठ-आठ फीट गहरी मिट्टी उठा ली, जिससे अब किसानों के खेत गहरे गड्ढों में तब्दील हो गए हैं।

बरेली जनपद के गांव मोहनपुर निवासी इब्ने अली खां,जुबैदा बेगम और मोहब्बत अली की क्षेत्र के नवाबगंज मार्ग स्थित गांव चकफेरी में गाटा संख्या 205 की लगभग आठ एकड़ कृषि भूमि दर्ज है। देख रेख के लिए तीनों किसानों ने अपनी भूमि को नगर से सटे गांव हिरनखेड़ा निवासी सगीर अहमद खां को ठेके पर दे दिया। मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को प्रेषित शिकायत में पीड़ित किसानों का आरोप है कि क्षेत्र के खनन माफियाओं ने रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए बड़ी संख्या में जेसीबी और डंपर उनकी चार एकड़ खेत में उतार दिए। सुबह जब किसान अपने खेत पर पहुंचे, तो मंजर देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। चार एकड़ भूमि से उपजाऊ मिट्टी गायब थी और खेत किसी गहरी खाई जैसे नजर आ रहे थे। पीड़ितों का कहना है कि जब उन्होंने इस अवैध कार्य का विरोध करने की कोशिश की, तो उन्हें सत्ता पक्ष से जुड़े होने की धमकियां दी। मुहं बंद रखने को कहा गया। किसानों ने आरोप लगाया कि स्थानीय प्रशासन को सूचना देने के बावजूद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। प्रशासन का मौन रहना माफियाओं के हौसलों को और अधिक हवा देता नजर आया। कोतवाली पुलिस और तहसील प्रशासन से न्याय की उम्मीद टूटने के बाद, पीड़ित किसानों ने अब सीधे मुख्यमंत्री से मामले की शिकायत कर गुहार लगाई है।

# सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस ने किया विरोध

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** कांग्रेस कमेटी ने केंद्र सरकार द्वारा घरेलू एवं वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों के दामों में की गई बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग की है।

राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी मिलक के माध्यम से भेजा गया। जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी महेन्द्र पाल सिंह यदुवंशी के नेतृत्व में सौंपे ज्ञापन में कहा कि केंद्र सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर पर 261 रुपये और वाणिज्यिक सिलेंडर पर 993 रुपये की बढ़ोतरी कर दी है।ज्ञापन में कहा कि घरेलू सिलेंडर का उपयोग गरीब, मजदूर, ढाबे व छोटे दुकानदार करते हैं। इस बढ़ोतरी से इन लोगों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। वहीं वाणिज्यिक गैस महंगी होने से चाय, नाश्ता, मिठाई तथा खाना भी महंगा हो जाएगा, जिसकी सीधी मार आम जनता पर पड़ेगी।कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन में कहा कि बढ़े हुए दाम तत्काल वापस लिए जाएं। जनहित में दामों में वृद्धि को रोकना जरूरी है। कांग्रेस ने आम जनता को महंगाई से राहत दिलाने की अपील की है।ज्ञापन देने वालों में महेन्द्र पाल सिंह यदुवंशी, जीवन सिंह, वेद प्रकाश, सुरेश अग्रवाल, शफी दाला सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।



एसडीएम मिलक को ज्ञापन देते पदाधिकारी।

### 3 प्रार्थना पत्रों में समिति ने कराया सुलह समझौता

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना के आदेशानुसार महिला थाने में परिवार परामर्श केन्द्र का आयोजन किया। जिसमें पति-पत्नी से संबंधित विवादों मे काउंसलिंग कराई।11 प्रकरण समिति द्वारा सुने गए।जिसमें 3 प्रार्थना पत्रों में समिति द्वारा सुलह समझौता कराया।

4 पत्रावली निरस्त की गई। 2 पत्रावली विधिक न्यायालय प्रेषित की गई। 2 प्रार्थना पत्रों में अग्रिम तिथि नियत कर समझौते का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अनु तोमर, काउंसलर अवतार सिंह, डॉ. किसवर जहां, नीना साहनी काउंसलिंग में उपस्थित रहे।

# धान खरीद की जांच ठंडे बस्ते में: भानु प्रताप

- नैनीताल रोड स्थित कार्यालय पर हुई पंचायत

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की पंचायत जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में नैनीताल रोड बिलासपुर गेट स्थित ज़िला कार्यालय पर संपन्न हुई। पंचायत को संबोधित करते हुए ज़िला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार ने कहा कि सभी किसान तैयारी कर लें। आने वाले दिनों में ऐतिहासिक आन्दोलन जल्द ही कलेक्ट्रेट में आंदोलन किया जाएगा।

उन्होंने कहा किसानों की समस्याओं को लेकर पूर्व में जितने भी मांगों को लेकर ज्ञापन दिए है अभी तक कोई निस्तारण नहीं हुआ है। किसान बहुत परेशान है। उन्होंने कहा तहसील मिलक में हुए धान खरीद घोटाले की अभी तक कोई जांच नहीं हुई है। कहा जिले की कुछ नहरों में पानी छोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि थाना गंज के सब इंस्पेक्टर हिमांशु सिंघल को प्रार्थना पत्र दिया था। जिसको अनदेखा किया गया न जांच की न कोई कार्यवाही की। उन्होंने कहा कि तहसील मिलक अंतर्गत जल जीवन मिशन की धज्जियां उड़ी पड़ी है।

खतौनी में नाम व अंश सुधार को लेकर भी कई बार ज्ञापन दे चुके है उन्होंने कहा कि बिजली विभाग उपभोक्ताओं को जानबूझकर परेशान कर रहा है अधिक बिल निकाले जा रहे है और अन्य बहुत समस्याएं है उपभोक्ताओं की समस्याओं को अधिशासी अभियंता मिलक से मिले। इस अवसर पर रामपाल पटेल, फरीद खां, बाबर खां, भूपेंद्र कुमार, उदयवीर गंगवार, मुताहिर खां, मुशीब अली खां, शाहिद खां, फाज़िल अंसारी, अब्दुल रज्जाक खान आदि मौजूद रहे।



बिलासपुर गेट स्थित पंचायत को संबोधित करते जिलाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

# योजना के उपघटक ड्रॉप मोर क्रॉप के तहत मिलेगा अनुदान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के उपघटक पर ड्रॉप मोर क्रॉप के तहत भूमि संरक्षण इकाई द्वारा संचालित वर्षा जल संचयन के लिए खेत तालाब योजना में चालू वित्तीय वर्ष के लिए कुल 18 लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं।

भूमि संरक्षण अधिकारी भगवत सरन ने बताया कि कृषि विभाग के दर्शन पोर्टल पर खेत तालाब योजना के तहत लाभार्थी किसानों के चयन,बुकिंग की प्रक्रिया 30 अप्रैल 2026 से प्रथम आवक, प्रथम पावक के आधार पर प्रारम्भ कर दी गई है।योजना के तहत 22x20x3 मीटर आकार के खेत तालाब के निर्माण पर 50 प्रतिशत अनुदान देय होगा।अधिकतम सीमा 52,500 निर्धारित है।यह अनुदान डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भेजा जाएगा। अनुदान प्राप्त करने से पूर्व फॉर्मर आईडी बनाना अनिवार्य है।पात्रता के संबंध में बताया कि ऐसे किसान आवेदन कर सकते हैं जिन्होंने विगत 7 वर्षों में अपने खेत पर सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित की हो और वह वर्तमान में संचालित हो। खेत तालाब निर्माण के साथ इसे स्थापित करने के इच्छुक हैं। ऐसे मामलों में उद्यान विभाग के साथ त्रिपक्षीय अनुबंध सत्यापन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त वाटर लिफ्टिंग डिवाइस के अंतर्गत पम्पसेट इलेक्ट्रिक डीजल पर भी अधिकतम 15,000 प्रति इकाई तक अनुदान प्रदान किया जाएगा।

# बाल संसद में छात्र उजैव बने प्रधानमंत्री

- बाल संसद 2026 का लोकतांत्रिक तरीके से हुआ गठन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** बिलासपुर के कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय अलीपुर ठेका में लोकतांत्रिक मूल्यों के विकास, नेतृत्व क्षमता के संवर्धन सामाजिक, सांस्कृतिक तथा विद्यार्थियों में जिम्मेदारी की भावना उत्पन्न करने के उद्देश्य से बाल संसद के गठन के लिए चुनाव प्रक्रिया की गई।चुनाव को वास्तविक लोकतांत्रिक चुनाव की भांति पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया।

विद्यालय में 13 अप्रैल को बाल संसद के चुनावी कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही विद्यालय में आदर्श आचार संहिता जारी कर दी। बाल संसद प्रभारी ने बीस दिनों तक चलने वाली इस चुनावी प्रक्रिया में बच्चों ने चुनाव अधिसूचना, आदर्श आचार संहिता, मतदाता सूची, नामांकन पत्रों को भरा जाना, नामांकन पत्रों की जांच, नाम वापसी, उम्मीदवारों की अंतिम सूची, उम्मीदवारों द्वारा किया गया।मतदान उपरांत के बाद वोटों की गणना की गई।प्रधानमंत्री पद पर कक्षा 8 के उजैव 31 वोटो के साथ निर्वाचित हुए।उप प्रधानमंत्री पद पर रिदा को 25 वोट मिले। गृहमंत्री मुनीर, शिक्षा मंत्री हाशिम, स्वास्थ्य और स्वच्छता मंत्री आकाश, व्यवस्था और खोया पाया मंत्री इलमा, जल व पर्यावरण मंत्री एंजल,पुस्तकालय एवं विज्ञान मंत्री माहेनूर, सांस्कृतिक एवं खेल मंत्री निखत

निर्वाचित हुए। विजयी उम्मीदवारों को विद्यालय स्तर पर अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने तथा विद्यालय के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए शपथ दिलाई।इस अवसर पर प्रधानाध्यापक व बाल संसद प्रभारी नितिन राजपूत ने निर्वाचित बाल संसद सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि इस संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से विद्यार्थियों को लोकतंत्र के महत्व, मतदान के अधिकार एवं कर्तव्य, नेतृत्व कौशल तथा जिम्मेदारी का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होगा। यह आयोजन न केवल छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होगा, बल्कि उन्हें एक जागरूक नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित करेगा। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक नितिन राजपूत, मदन मोहन सिंह, गौरव त्यागी, अंशु, राज कौर आदि उपस्थित रहे।



चुनावी प्रकिया में हिस्सा लेते बच्चे। -जागरण मोर्चा

# मजदूरों का पसीना ही राष्ट्र की असली पूंजी: कुलपति



जौहर विवि में आयोजित कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राएं।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया गया। कुलपति प्रोफेसर ज़हीरुद्दीन बोले कि मजदूरों का पसीना ही राष्ट्र की असली पूंजी है। इसलिए पसीना सूखने के पहले मजदूर की मेहनत देनी चाहिए।

मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय में कुलपति प्रोफेसर जहीरुद्दीन के दिशा-निर्देशन में लॉ सोसायटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस गरिमा और कृतज्ञता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर में कार्यरत सफाई कर्मियों, मालियों, सुरक्षा कर्मियों, तकनीकी स्टाफ एवं रख-रखाव कर्मचारियों को समर्पित रहा। विधि संकाय के छात्र मोहम्मद कासिम बीए एलएलबी, पंचम वर्ष ने कहा कि कलम से क्रांति लिखने वाले और कुदाल से भविष्य गढ़ने वाले, दोनों ही समाज के निर्माता हैं।

# ई-रिक्शा चालक जल्द से जल्द वाहनों के सभी कागजात पूर्ण कराएं: प्रेम नरेश

- यूनियन के सदस्य अपने गले में आई कार्ड जरूर डालें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय गरीब कल्याण संघ एवं ई-रिक्शा यूनियन की एक बैठक शनिवार को तहसील बिलासपुर में संस्थापक अध्यक्ष प्रेम नरेश वाल्मीकि के नेतृत्व में हुई। बैठक का शुभारम्भ भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बुद्ध पूर्णिमा मनाकर किया।

बैठक को संबोधित करते हुए संस्थापक अध्यक्ष प्रेम नरेश वाल्मीकि ने कहा कि राष्ट्रीय गरीब कल्याण संघ द्वारा जल्द गरीब कल्याण आरोग्य सेवा केन्द्र की स्थापना की जा रही है। इस केंद्र के माध्यम से सभी गरीब, मजदूर एवं जरूरतमंद वर्गों को मात्र 10 रुपये में गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे सभी क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। वाल्मीकि ने ई-रिक्शा चालकों से कहा कि वे जल्द से जल्द अपने वाहनों के सभी कागजात पूर्ण कराएं, शासन-प्रशासन का सहयोग करें।

बेवजह सड़कों पर न घूमें। रॉग साइड से जाली लगाकर ई रिक्शा एक तरफ से बंद करें, ई रिक्शा यूनियन के सदस्य अपने आई कार्ड गले में जरूर डालें, नाबालिक, बुजुर्गों को ई रिक्शा न चलाने दें क्षेत्र में स्मार्ट मीटर से आ रही समस्याओं को लेकर संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से वार्ता करेगा। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष प्रेम नरेश वाल्मीकि,महेश राजा, परवेश वाल्मीकि,कुलदीप वाल्मीकि,अमानत रजा, बब्लू अन्सारी, मुकेश सागर,संजय शर्मा,लक्ष्मण राठौर आदिल खान, डॉ. साविर अली, पप्पू सागर, रामस्वरूप चौहान,अली अहमद अंसारी, शहजादे, सतीश वाल्मीकि, खालिद,अकरम, डालचन्द्र गंगवार, राजू नरेश वाल्मीकि, दिनेश कुमार,अनीश शेख, भूरा खां, दिनेश सैनी उपस्थित रहे।




बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

### मामूली बात के विवाद में युवक पर केस

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में मामूली बात को लेकर दो युवक आपस में भिड़ गए। जिसके चलते एक युवक ने दूसरे की जमकर पिटाई कर दी। जिसके सम्बन्ध में पुलिस युवक आरोपी युवक पर मामला दर्ज कर लिया है। मामला थाना क्षेत्र के धमोरा गांव का है। गांव निवासी बादल कोरी पुत्र रामचंद कोरी ने पुलिस को दी जानकारी में बताया कि वह बीते एक दिन पूर्व गांव की की साप्ताहिक बाजार में पकौड़ी खाने गया। इस दौरान उसे राठौंडा रोड स्थित लाजपत की कैंटीन के सामने पहुंचे तो धमोरा निवासी शिवम गुप्ता पुत्र नंदकिशोर गुप्ता मिल गया। जोकि पुरानी किसी बात को लेकर कहासुनी करने लगा और देखते ही देखते मारपीट करने लगा। साथ ही आरोप लगाया है। कि मारपीट के दौरान आरोपी शिवम ने जाति शूचक शब्दों का भी प्रयोग करते हुए मारपीट की है। जिसके संबंध में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

बैठक | 400 से अधिक दुकानों का आवंटन भी पूर्ण नहीं हो पाया

# '14 साल बीते, नहीं बसा बापू माल'

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप सोनी ने कहा कि 14 साल बीत जाने के बाद भी बापू माल चालू नहीं हो सका है। अब तक 400 से अधिक दुकानों का आवंटन भी पूर्ण नहीं हो पाया। दुकानदार इधर उधर चक्कर काट रहे हैं।

शनिवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के बैठक तिलक कालोनी स्थित कार्यालय पर हुई। जिसमें व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि बापू मॉल को लगातार संघर्ष करते हुए व्यापार मंडल ने दुकान आवंटित करने के लिए नगर पालिका से अनुरोध किया था 14 वर्ष पूर्ण हो गए बापू मॉल को निर्माण किए हुए भी जिसकी अनुमानित लगा 24 करोड़ 96 लाख की है। तैयार बापू माल आज तक भी शुरू नहीं हो पाया है।नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सना मामून व अध्यक्ष पति मामून शाह खामोश है। बापू मॉल की दुकान नगर पालिका परिषद द्वारा न चलवा पाना शर्म की बात है। कि बापू मॉल चालू नहीं कर पा रहे हैं। लगभग इस माल में 400 से अधिक दुकानों का आवंटन पूर्ण नहीं हो पाया है। लोग तपती हुई धूप में ठेले चला कर धक्के खा रहे हैं।साथ ही जगह-जगह चबूतरे पर बैठे हुए गरीब फुटकर व्यापारी सड़कों की धूल खा रहे हैं। लेकिन उनको दुकान नहीं मिल पा रही है।हाउस टैक्स का वाटर टैक्स में 50 प्रतिशत गुना दर बढ़ा दी गई है जो कि गरीब आदमी के बस की बात नहीं है जोकि इसको बर्दाश्त कर पाए लेकिन नगर पालिका का इसकी तरफ कोई ध्यान नहीं है। हाउस टैक्स वाटर टैक्स समाप्त होने से जनता को राहत मिलेगी।

साथ ही व्यापार मंडल लगातार पिछले काफी समय से आवाज उठा रहा है और उठाता रहेगा। इसकी वजह यह है कि उद्योग धंधों का अभाव है व बेरोजगारी चरम पर है। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री पप्पू खां,मंडल अध्यक्ष अब्दुल बासिक, परवेज खान ,शहीद मामू, नवाब युसूफ अली, जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा, युवा अरविंद गुप्ता प्रवीण गुर्जर आदि सैकड़ो की संख्या पदाधिकारी मौजूद रहे।




बैठक को संबोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप सोनी। -जागरण मोर्चा

## एक नजर

### संस्था की महिला को जान से मारने की धमकी देने पर रिपोर्ट दर्ज

**चन्दौसी।** उम्मीद संस्था की महिला पदाधिकारी को डराने-धमकाने व जान से मारने की धमकी देने पर आरोपी के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है। उम्मीद संस्था के पदाधिकारी डा. रैना शर्मा पुत्री हरी प्रकाश शर्मा निवासी मालवीय चौक ने कोतवाली में शुक्रवार को तहरीर दी। जिसमें कहा कि वह उम्मीद संस्था के तहत भीख से सीख की ओर परियोजना चलाती है। वह कार्य के सिलसिले में शुक्रवार को मोहल्ला नखासा स्थित काशीराम आवासीय योजना के तहत बने आवास पर निरीक्षण करने गई थी। इन आवासों में भीख से सीख योजना के तहत जरुरतमंद लोगों को आवासों में प्रशासन की ओर से रखवाया गया है। रैना शर्मा ने लोगों ने जानकारी कर रही थी, तभी मुजाहिद निवासी कुरैशियान मौके पर पहुंचा। जिसने रैना शर्मा से उक्त कार्य बंद करने को कहा, विरोध करने पर आरोपी ने महिला को जान से मारने की धमकी दी। बताया जाता है कि आरोपी व्यक्ति आवासीय योजना में नशा करने आता है। जो आवासों में रह रहे जरुरतमंदों को परेशान भी करता है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुजाहिद के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# अवैध रूप से आवासों में रहने वालों को बाहर निकालने के डीएम ने दिए निर्देश

## डीएम व एसपी ने किया काशीराम आवासीय योजना के तहत बने आवासों का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय


निरीक्षण के दौरान ईओ को निर्देश देते जिलाधिकारी। -जागरण मोर्चा


काशीराम आवासीय योजना के तहत बने आवास। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मोहल्ला नखासा स्थित काशीराम आवासीय योजना के तहत बनाए गए आवासों का निरीक्षण किया। जिसमें नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को अवैध रूप से आवासों में रह रहे लोगों को बाहर निकालने के निर्देश दिए। साथ ही आवास के बाहर बाउंड्रीबाल, साफ-सफाई व पार्क के सुंदरीकरण करने के निर्देश दिए। बताया गया कि आवास के कुछ हिस्से में पुलिस कर्मियों को आवास दिए जाएंगे, ताकि सुरक्षा चाक-चौबंद बनी रहे।

मोहल्ला नखासा में काशीराम आवासीय योजना के तहत कई आवास बने हुए हैं। जिसमें भीख से सीख योजना के तहत 40 से 41 परिवार को प्रशासन ने बसाया है। जबकि अन्य आवासों को लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। उक्त कब्जा धारी लोग प्रशासन द्वारा रखे गए परिवार को डराते-धमकाते हैं और आवास खाली करने को कहते हैं। जिसकी शिकायतें जिलाधिकारी तक पहुंच रही थी। शनिवार की दोपहर 12.15 बजे जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई प्रशासनिक अमले के साथ काशीराम आवास योजना के आवासों का निरीक्षण किया। जिसमें काफी संख्या में लोगों ने उक्त आवासों में अवैध रूप से कब्जा कर लिया और आवासों में रह रहे हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को आवासों के आसपास सफाई नहीं मिली, नालियां टूटी थी और पार्क की दशा बेहाल थी। यह देख जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम को निर्देश दिए कि शीघ्र ही आवासों के आसपास साफ-सफाई दुरुस्त कराई जाए तथा नालियों की मरम्मत कराकर पार्क को सुंदरीकरण कराया जाए। कहा कि शीघ्र ही आवासों के बाहर बाउंड्रीबाल कराई जाए और आवास में प्रवेश के लिए एक गेट ही खोला जाए। बाहरी लोगों की एंट्री बंद की जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि आवासों की सुरक्षा को देखते हुए कुछ पुलिस कर्मियों को योजना के तहत आवासों में आवास दिए जाएंगे। जिसकी शीघ्र मरम्मत कराई जाएगी। डीएम ने ईओ को शीघ्र ही आवास से बाहरी लोगों को बाहर निकालने के निर्देश दिए हैं।

### आवासों के आसपास शीघ्र लगेंगे कैमरे

**चन्दौसी।** जिलाधिकारी ने कहा कि काशीराम आवासीय योजना के तहत बने आवासों में कुछ जरुरतमंद परिवार निवास कर रहे हैं। उनकी सुरक्षा सुरक्षा की दृष्टि से शीघ्र ही आवासों के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे। ताकि शरारती तत्वों पर निगरानी रखी जा सके और उनके द्वारा उत्पाद करने पर कार्रवाई अमल में लाई जा सके। जिलाधिकारी ने नगर पालिका के ईओ को शीघ्र ही आवासों के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगवाए के निर्देश दिए।

# भगवान को प्राप्त करना साधारण नहीं असाधारण है

जागरण मोर्चा कार्यालय


कथा सुनाते कथा वाचक।

**चन्दौसी।** श्री गीता सत्संग भवन में श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को कथा के चौथे दिन कथा वाचक स्वामी विश्वेश प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि भगवान को प्राप्त करना साधारण नहीं, असाधारण है। भगवान पुत्र रूप में हर किसी को प्राप्त नहीं हो सकते।

भगवान को पुत्र रूप में प्राप्त करने के लिए पूर्व जन्म के संचित पुण्य कर्म ही प्रधान होते हैं। उन्होंने बताया कि मनु और शतरुपा ने भगवान का घोर तप किया, तब भगवान ने दर्शन देकर वचन दिया थआ कि त्रेता युग में आप दशरथ और शतरुपा माता कौशल्या होंगी। उसी वचन को पूर्ण करने के लिए भगवान पुत्र रूप में अवतरित हुए। कथा वाचक ने कहा कि आजकल लोग थोड़ी सी पूजा से ही भगवान की प्राप्ति चाह लेते हैं, पर यह संभव नहीं है। इसलिए मनुष्य को भगवान का जब, तप, पूजन, अर्चन निरंतर करते रहना चाहिए। जिससे भगवान की कृपा-कृष्टि हम पर हो जाए। क्योंकि भक्ति के अधीन हैं, जो भक्त भगवान को भजता है, भगवान उसका सारा कार्य स्वयं करते हैं। कहा कि आजकल हम सोचते हैं कि पूजन-अर्चन से क्या लाभ? ऐसा नहीं है, भगवान के चरित्र से ज्ञात होता है कि सबसे पहले धर्म की रक्षा करनी चाहिए। भगवान ने विश्वमित्र के यज्ञ की रक्षा की। धर्म-रक्षा ही संसार का सर्वोच्च कार्य है। अंत में आरती के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र गुप्ता, अनिल अग्रवाल, वीरेंद्र सर्राफ, अनूप अग्रवाल, विनय अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, सुधांशु रुस्तगी, पवन कुमार अग्रवाल, प्रमोद सर्राफ, पुनीत सर्राफ, राकेश सर्राफ, उमेश सर्राफ आदि मौजूद रहे।

# बिजली के लिए तहसील पर प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय


तहसील गेट पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान गांव पुराव जयरोई हयातनगर के ग्रामीण भारी संख्या में तहसील पहुंचे। इसके बाद ग्रामीणों ने अपनी शिकायती जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया को दी और तहसील गेट पर पहुंच प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों का कहना है कि 26 अप्रैल को चोरों ने बिजलीघर पुरा की मैन लाइन के 21 पोलों के तार चोरी कर लिए। जिससे गांव पुरा व जयरोई हयातनगर के 50 नलकूप की बिजली सप्लाई बंद हो गई है। विद्युत विभाग को सूचना देने के बाद भी कोई कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। ग्रामीणों ने कहा कि उनके नलकूपों की विद्युत सप्लाई गांव आदमपुर लाइन और रायपुर कला से जोड़ दी जाए। जिससे उसकी फसल नष्ट होने से बच सके। अगर शीघ्र ही नलकूपों की सप्लाई सुचारू नहीं हो तो उनकी फसल सूख कर नष्ट हो जाएगी। जिसकी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। प्रदर्शन करने वालों में प्रताप सिंह, चेतराम, किशन पाल सिंह, पुरुषोत्तम, होरी लाल, भानु प्रताप, संतोष कुमार, नेरुपाल सिंह, अरविंद, सुरेंद्र सिंह, विनोद कुमार, महेश कुमार, चंद्रपाल, मुकेश, मित्रपाल मौर्य, जयप्रकाश मौर्य, हरिओम गौड़, कृष्ण मुरारी दिवाकर, राजेश मौर्य आदि मौजूद रहे।

**पुरा व जयरोई हयातनगर के बंद पड़े हैं 50 नलकूप**

# 4 वर्षीय बच्ची के सिर पर तीसरी मंजिल से गिरी ईट, घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय


घायल बच्ची।

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नखासा में काशीराम आवासीय योजना में शुक्रवार की सुबह 4 वर्षीय बच्ची घर के बाहर खड़ी। मकान के तीसरी मंजिल से बंदर ईट गिरा दी। जो बच्ची के सिर पर आ गिरी। जिससे बच्ची गंभीर रूप से घायल हो घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

मोहल्ला नखासा में काशीराम आवासीय योजना के तहत कई आवास बने हुए हैं। जिसके कई परिवार निवास करते हैं। इसी आवास में एक परिवार बांदा जनपद का भी निवास करता है। उस परिवार की चार वर्षीय शिवानी शुक्रवार की सुबह घर से बाहर सड़क पर खड़ी थी। तभी तीसरी मंजिल से बंदर से ईट नीचे गिरा दी। जो सीधी शिवानी के सिर पर आ गिरी। हादसे में शिवानी गंभीर रूप से घायल हो गई। बच्ची की चीख की आवाज सुन कर परिवार व अन्य लोग मौके पर पहुंचे और उसे उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां बच्ची की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# लोक अदालत के प्रचार पर बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय


राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करतीं जनपद न्यायाधीश।

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई को जिला न्यायालय में आयोजित की जाएगी।

शनिवार को लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के संबंध में न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदुषी सिंह ने नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत व अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश के साथ जनपद के अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें बत्या गया कि आगामी लोक अदालत में विवादों को जल्दी, किफायती और सौहार्दपूर्ण तरीके से हल करने तथा अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को अधिकाधिक उपयुक्तवाद चिंहित कर समय से प्रस्तुत किए जाए तथा आमजन को लोक अदालत के लाभों के प्रति जागरुक किया जाए। इस अवसर पर नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत व अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार जायसवाल, एएसपी, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, एसडीएम चन्दौसी नीतू रानी, एसडीएम संभल निधि पटेल, तहसीलदार रविंद्र विक्रम, तहसीलदार गुन्नौर रवि सोनकर, एसडीएम ललित विजराय आदि अधिकारी रहे।


समिति की बैठक में बोलते वक्ता। -जागरण मोर्चा

# वैश्य समाज समिति की बैठक संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** वैश्य समाज समिति की बैठक का आयोजन ब्रह्म बाजार में किया गयआ। जिसमें समिति के आगामी वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह को लेकर चर्चा की गई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में समिति अपने अतिथियों, संरक्षकों, विसेष सहयोगियों व 101 माताओं का सम्मान व संभल ज्ञान प्रतियोगिता के 30 विजेताओं, मीडिया बंधु, समाजसेवी संस्थाएं को पुरस्कार देकर सम्मानित करेगी। इसके बाद कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर उमेश गुप्ता, अध्यक्ष लवित वार्ष्णेय, आकाश वार्ष्णेय, दीपेश वार्ष्णेय, विकास वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ली शपथ

जागरण मोर्चा कार्यालय



विद्यालय में कार्यक्रम की प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** न्यू सत्यम अकादमी में विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता के विकास को इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक नमिता चौधरी, प्रधानाचार्य एससमी गंगवारने मां सरस्वती के चित्र के दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

इसके बाद विद्यालय के नवनिर्वाचित छात्र-छात्राओं को हेड बॉय, हेड गर्ल, वाइस हेड बॉय, वाइस हेड गर्ल, स्पोर्ट्स सेक्रेडरी, कल्चरल सेक्रेटरी एवं डिसिप्लिन इंचार्ज, हाउस कैप्टन जैसे महत्वपूर्ण पदों पर आसीन किया गया। सभी पदाधिकारियों को बैज प्रदान कर शपथ दिलाई गई कि वह अपने कर्तव्यों का पालन पूरी निष्ठा, ईमानदारी व अनुशासन के साथ करेंगे। समारोह के दौरान नवनिर्वाचित परिषद ने पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने दायित्वों को निभाने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व, निर्णय क्षमता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को विद्यालय के आदर्शो का पालन करते हुए एक आदर्श नेता बनने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से समा बांध दिया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य अमित कुमार गुप्ता, श्वेता मनचंदा, दामोदर सिंह, जयगोपाल शर्मा, सत्यम चौधरी, जाह्नवी चौधरी, स्नेहा, निशि, तन्वी, पारुल, सुनैन, तनिष्क, यशिका, अंशिका, मनु, विधि, दिव्यांशी, रेनू, हिना, आयुषी, आरती आदि रहे।

# कार चालक के खिलाफ चोरी की शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कबीर गली निवासी हिना रस्तोगी ने कार चालक पर सोने का हार चोरी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पीड़ित महिला शुक्रवार को परिवार के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने बरेली गई थी, जिसके लिए उन्होंने किराए पर कार ली थी।वापस लौटते समय जब महिला ने अपना बैग चेक किया, तो उसमें रखा सोने का हार गायब मिला। संदेह होने पर जब उन्होंने चालक से कार की तलाशी लेने को कहा, तो उसने साफ इनकार कर दिया। महिला ने चालक पर चोरी का शक जताते हुए कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



कार्यक्रम में मौजूद जायन्ट्स ग्रुप के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

# मजदूरों को टिफिन व अंगोठी ओढ़ाकर किया गया सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ सखी सहेली की ओर से आवास विकास मयूर विहार में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दीप प्रज्ज्वलित व प्रार्थना करके किया गया। इसके बाद कार्यक्रम में मजदूरों को स्टील के टिफिन देकर व अंगोछा ओढ़ाकर उनका सम्मान किया गया। सुभाष रुस्तगी ने कहा कि मजदूर वह कड़ी है जो राष्ट्र के निर्णय में योगदान देते है। डा. मधु तोमर ने कहा कि बिना मजदूर के किसी विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। इस अवसर पर कंचन वाला, राजेश्वरी श्रीवास्तव, अनुराधा गोयल, ऊषा अग्रवाल, सरोज शर्मा, सरोज आदि रहे।

**विमर्श** साइबर सुरक्षा और नेटवर्क टेक्नोलॉजी पर विशेषज्ञों का मंथन

# टीएमयू की कॉन्फ्रेंस में नौ देशों के 135 रिसर्च पेपर्स प्रजेंट

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में डिपार्टमेंट ऑफ कम्प्यूटर साइंस एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन की मॉडर्न ट्रेंड्स इन कम्प्यूटर्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस- आईसीएमसीई 2026 के समापन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स- आईओटी, वीएलएसआई डिज़ाइन, सिग्नल एवं इमेज प्रोसेसिंग, एम्बेडेड सिस्टम, साइबर सुरक्षा, स्मार्ट इलेक्ट्रॉनिक्स, संचार नेटवर्क एवं दीगर उभरती प्रौद्योगिकियों सरीखे विषयों पर मंथन हुआ।

भारत के संग-संग ग्रीस, स्पेन, जर्मनी, यूके, यूएई, सउदी अरब, जॉर्डन, इजिप्ट सरीखे देशों के इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्प्यूटर विशेषज्ञों ने तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में डिपार्टमेंट ऑफ कम्प्यूटर साइंस एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन की ओर से हुई मॉडर्न ट्रेंड्स इन कम्प्यूटर्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस- आईसीएमसीई 2026 में ब्लेंडेड 135 रिसर्च पेपर्स प्रस्तुत किए। कॉन्फ्रेंस में इन विद्वानों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स- आईओटी, वीएलएसआई डिज़ाइन, सिग्नल एवं इमेज प्रोसेसिंग, एम्बेडेड सिस्टम, साइबर सुरक्षा, स्मार्ट इलेक्ट्रॉनिक्स, संचार नेटवर्क एवं अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों सरीखे विषयों पर गहनता से अपना व्यापक नजरिया रखा। एक दर्जन से अधिक टेक्निकल सत्रों में ग्राफिक ऐरा यूनिवर्सिटी, देहरादून से डॉ. अंकित विश्नोई, जेएसएस एकेडमी ऑफ टेक्निकल एजुकेशन, नोएडा के प्रो. लवकुश शर्मा, पदमावत सिंघानिया यूनिवर्सिटी, उदयपुर के डॉ. ब्रजेश कुमार शर्मा, एकेजी इंजीनियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद के डॉ. आशीष दीक्षित, गलगोटिया यूनिवर्सिटी, नोएडा की डॉ. शिप्रा शुक्ला, जीसीईटी, ग्रेटर नोएडा की डॉ. शिल्पी पाटिल के अलावा डॉ. शालिनी अग्रवाल, डॉ. अर्निका, डॉ. अवधेश कुमार गुप्ता, डॉ. प्रमोद कुमार सागर आदि बतौर सेशन चेयर शामिल हुए। वेलेडिक्ट्री सत्र में रिसर्च पेपर्स प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को सीओई के डीन प्रो. आरके द्विवेदी ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। स्विट्जरलैंड की ग्रीनीपैथ एजी में दक्षिण एशिया परियोजना निर्माण और विकास निदेशक श्री जय आनंद ने मॉडर्न ट्रेंड्स एंड रिसेंट टेक्नोलॉजी इन एनवायरमेंटल कंजर्वेशन एंड क्लाइमेंट चेंज पर ब्लेंडेड मोड में बोलते हुए कहा, एआई, क्वांटम टेक्नोलॉजी, एज कम्प्यूटिंग और आईओटी में हो रहे इन्नोवेशंस इंडस्ट्रीज़ से लेकर सामाजिक स्तर की सूरत और सीरत बदल रहे हैं।


समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम व एसपी। -जागरण मोर्चा

# समाधान दिवस में उमड़ी भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। जिसमें 85 शिकायतें आई और मौके पर 10 शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया। शनिवार की तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी सहित अन्य अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। जिसमें राजस्व विभाग की 24, पुलिस की 15, चकबंदी की 9, विकास की 6, खाद्य एवं रसद विभाग की 8, समाज कल्याण की 3, शिक्षा की एक सहित अन्य 19 शिकायतें आई। जिसमें मौके पर राजस्व विभाग की 4, पुलिस की 2 सहित अन्य 4 शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर दिया। इस अवसर पर सीएमओ डा. तरुण पाठक, सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, एसडीएम नीतू रानी, सीओ दीपक तिवारी, बीएसए अलका शर्मा आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# एसओजी टीम की छापेमारी से मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव गुमथल में एसओजी टीम ने तीन मकानों में मारेबाजी की। इन मकानों से टीम ने कुछ सामान बरामद किया। जिसे टीम अपने साथ ले गई। गांव गुमथल में शनिवार को एसओजी टीम ने तीन घरों में छापा मारा। जिसमें सबसे पहले गांव के जितेंद्र कश्यप के मकान से छापे के दौरान इनवर्टर बैटरी, मनीष मौर्य के घर से एक इनवर्टर बैटरी, एलसीडी, यूपीएस तथा अन्य सामान बरामद किया। इसके बाद राजेश मौर्य के घर छापे में टीम ने एक बैटरी सहित अन्य सामान बरामद किया। टीम दो आरोपियों को हिरासत में लेकर टीम अपने साथ ले गई। गांव में छापेमारी की घटना से हड़कंप की स्थिति बनी है।

**एक नजर**

### जनगणना को लेकर प्रगणकों और सुपरवाइजर की बैठक आयोजित

**गजरौला।** नगर पालिका परिषद के सभागार में जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों के चतुर्थ चरण का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण प्रभारी/खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता ने शिक्षा विभाग की ओर से प्रगणकों को समयवद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन बनाए रखते हुए सभी प्रगणकों ने जनगणना कार्य को निर्धारित मानकों के अनुसार पूर्ण करने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण प्रभारी/ अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य ने भी प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को पूरी मेहनत के साथ निर्धारित मानकों को पूरा करते हुए समय से जनगणना पूरा करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अवधेश कुमार, नवनीत कुमार, ललित कुमार, रविन्द्र सिहं, अक्षय शुक्ला, विभोर जिंदल, दीपू कुमार, नदीम खाँ, कपिल भटनागर, सुमित आदि मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर विरोध: महिलाओं ने घेरा समाधान दिवस

## 'स्मार्ट मीटर हटाओ' के नारों से गूंजा तहसील परिसर, उखाड़ कर फेंकने की दी धमकी

जागरण मोर्चा कार्यालय





**हसनपुर।** शनिवार को तहसील परिसर में आयोजित 'संपूर्ण समाधान दिवस' में उस समय गहमागहमी बढ़ गई जब दर्जनों महिलाओं ने स्मार्ट मीटर के विरोध में मोर्चा खोल दिया। महिलाओं ने 'स्मार्ट मीटर हाय-हाय' के नारे लगाते हुए तहसील परिसर में जमकर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारी महिलाओं व पुरुषों का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनके बिजली बिलों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है, जिससे आम परिवारों का बजट बिगड़ गया है। राजबाला ने कहा कि स्मार्ट मीटर के कारण बिल का बोझ उठाना अब मुश्किल हो गया है। वहीं, पार्वती और प्रीति देवी ने भी अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि मीटर की तेज रीडिंग से वे खासी परेशान हैं। महिलाओं ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि स्मार्ट मीटर नहीं हटाए गए, तो वे धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगी। वह घरों पर लगे स्मार्ट मीटरों को उखाड़ कर अधिकारियों के सामने फेंका जाएगा।प्रदर्शन के बाद महिलाओं ने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर इस समस्या का त्वरित समाधान करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में, अंजू, प्रीति, उषा, पार्वती, उर्मि सैनी, मिथिलेश, सुनीता, संतोष, गीता देवी, सरोज, रेनू, प्रेमलता, सत्येंद्री, मीनाक्षी, विजय वती, कुवरवती, सुनीता, कमलेश, राजबाला, वाला, किरन, कैलाशौ, गुड्डी, श्यामवती, राजवती आदि मौजूद रही।

### संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी फरियादियों की फरियाद, 70 शिकायतें दर्ज

**हसनपुर।** तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित 'संपूर्ण समाधान दिवस' में जिलाधिकारी नितिन गौड़ व पुलिस अधीक्षक लखन सिंह ने सुनी फरियादियों की फरियाद। दिवस में अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर पहुंचे फरियादियों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी फरियाद रखी।समाधान दिवस में कुल 70 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इनमें राजस्व विभाग से संबंधित सर्वाधिक 26, पुलिस विभाग की 15, विकास विभाग की 10 और अन्य विभागों से संबंधित 10 शिकायतें दर्ज की गईं। संबंधित अधिकारियों ने बारी-बारी से सभी शिकायतों को सुना और उनके त्वरित निस्तारण के लिए कड़े निर्देश दिए। मौके पर ही 9 शिकायतों का संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निस्तारण की प्रक्रिया गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध होनी चाहिए, ताकि फरियादियों को बार-बार तहसील के चक्कर न काटने पड़ें। इस अवसर पर एसडीएम हिमांशु उपाध्याय, सीओ पंकज त्यागी, नायब तहसीलदार मनोज कुमार, वन रेंजर नरेश कुमार, अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, एसडीओ विद्युत मिथिलेश कुमार, एबीएसए उदयवीर सिंह, सर्किल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी और लेखपाल उपस्थित रहे।

# कस्तूरबा स्कूल में वार्डन पर बाल श्रम का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**विरोध करने पर रसोइए को नौकरी से निकाला**

**हसनपुर।** नगर में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में गंभीर अनियमितताओं और उत्पीड़न का मामला आया सामने संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य रसोइए राजेश कुमार ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर विद्यालय की वार्डन पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

राजेश का आरोप है कि वार्डन छात्राओं से झाड़ू-पोछा, नालियों की सफाई, कपड़े धुलवाने और शिक्षकों के बच्चों को संभालने जैसे बाल श्रम करवाती हैं। विरोध करने पर वार्डन ने रसोइए को बिना किसी नोटिस के नौकरी से भी निकाल दिया। पीड़ित ने बताया कि वार्डन के पास जूनियर होने के बावजूद चार्ज है और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ उनकी सांठगांठ है।राजेश ने अपने पास वीडियो साक्ष्य होने का दावा करते हुए उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने आग्रह किया कि शिक्षा विभाग से इतर किसी अन्य विभाग की महिला अधिकारियों की टीम गठित कर जांच कराई जाए और उनकी संविदा बहाल की जाए। पीड़ित राजेश के द्वारा आईजी आरएस पर भी शिकायत दर्ज कराई है।

# अनोखा विरोध: सिर पर सिलेंडर रखकर प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय



सिर पर सिलेंडर रखकर प्रदर्शन करते किसान। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित 'संपूर्ण समाधान दिवस' में भारतीय किसान यूनियन बी.आर. अंबेडकर ने जोरदार प्रदर्शन किया।

कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई का विरोध करने के लिए अनोखा तरीका अपनाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिग्विजय सिंह भाटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सिर पर गैस सिलेंडर रखकर प्रदर्शन किया और उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने घरेलू गैस, पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों पर गहरा आक्रोश जताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि ईंधन के बढ़ते दामों ने खेती की लागत बढ़ा दी है और आम आदमी का बजट बिगाड़ दिया है। उन्होंने ईंधन को जीएसटी के दायरे में लाने और सब्सिडी बहाल करने की पुरजोर मांग की।इसके साथ ही, डॉ. भाटी ने अपने ऊपर दर्ज 'गुंडा एक्ट' की कार्रवाई को राजनीतिक साजिश करार दिया। उन्होंने इसे आधारहीन बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की और चेतावनी दी कि यदि फर्जी मुकदमे वापस नहीं लिए गए, तो वे भूख हड़ताल पर बैठने को विवश होंगे। प्रदर्शन करने वालों में देवेंद्र यादव, अमरजीत, मेवा राम, सौरव और कुलदीप, मंथन, रुम सिंह, सोनू, धर्म पाल आदि रहे।

### सहकारी बैंक के लिए 7 मई को धरना

**हसनपुर।** 'संपूर्ण समाधान दिवस' पर भाकियू (भानू) ने जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने 28 वर्षों से लंबित 'जिला सहकारी बैंक' के गठन, गजरौला में ट्रॉमा सेंटर और गन्ना भुगतान जैसी मांगें उठाते हुए 7 मई को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

### भाकिसं ने समाधान दिवस में किया प्रदर्शन

**हसनपुर।** तहसील सभागार में आयोजित 'संपूर्ण समाधान दिवस' में भारतीय किसान संघ ने जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने अपनी ज्वलंत समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। संघ ने नगर से भदौरा जर्जर मार्ग के पुनर्निर्माण और किसान रामचंद्र शर्मा के लंबे समय से लंबित भूमि विवाद के निस्तारण की मांग की। किसानों ने विभागीय लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए शीघ्र सीमांकन की मांग रखी। इसके अलावा, गिरते भूजल स्तर को सुधारने के लिए मध्य गंगा नहर में पानी छोड़ने और खेती के लिए 14 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

# तरफ दलपतपुर में पिंजरे में फंसा तेंदुआ

जागरण मोर्चा कार्यालय



पिंजरे में कैद तेंदुआ। -जागरण मोर्चा

**मुरादाबाद।** जनपद के ठाकुरद्वारा तहसील क्षेत्र के गांव तरफ दलपतपुर में शनिवार को वन विभाग को बड़ी सफलता मिली, जब एक तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में तेंदुए की दहशत बनी हुई थी और हाल ही में उसने एक ग्रामीण पर हमला भी किया था, जिसके बाद गांव में भय का माहौल था।

ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन विभाग ने गांव में पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की योजना बनाई थी। शनिवार सुबह यह प्रयास सफल रहा और तेंदुआ पिंजरे में फंस गया। तेंदुए के पकड़े जाने की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और आवश्यक कार्रवाई शुरू की गई। डीएफओ अविनाश पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गए तेंदुए को चिकित्सीय परीक्षण के लिए डियर पार्क ले जाया जा रहा है, जहां उसकी सेहत की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि तेंदुए की स्थिति का आकलन करने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।डीएफओ ने यह भी बताया कि इस संबंध में उच्च अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है और उनसे दिशा-निर्देश मांगे गए हैं। उच्च अधिकारियों के आदेश के अनुसार ही तेंदुए को किसी सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ा जाएगा। तेंदुए के पकड़े जाने के बाद गांव के लोगों ने राहत की सांस ली है। पिछले कई दिनों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल था और लोग अपने घरों से निकलने में भी भय महसूस कर रहे थे। वन विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल लौटता नजर आ रहा है।

# डॉक्टर पर लापरवाही और अभद्रता का आरोप, सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**जातिसूचक शब्दों का प्रयोग, पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप**

**मुरादाबाद।** भारतीय वाल्मीकि धर्म सभा (पंजीकृत) भावाधस के राष्ट्रीय निदेशक रोहित चंदल के नेतृत्व में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर निजी अस्पताल के डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ज्ञापन में संबंधित प्रकरण में कार्रवाई की मांग की गई है।

ज्ञापन के अनुसार थाना छजलैट क्षेत्र निवासी रमेश ने आरोप लगाया कि उसके भाई संजय के 8 वर्षीय पुत्र आर्यन की तबीयत खराब होने पर 23 मार्च को उसे अनिका अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि अस्पताल के डॉक्टर परवेज आलम द्वारा उपचार के दौरान गलत दवाइयां देने से बच्चे की हालत और बिगड़ गई। परिजनों के बार-बार पूछने पर भी डॉक्टर ने स्थिति स्पष्ट नहीं की और लगातार दवाइयां देकर पैसे लेते रहे।

बताया गया कि 29 मार्च को हालत ज्यादा बिगड़ने पर बच्चे को दिल्ली ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने गलत उपचार के कारण स्थिति गंभीर होने की बात कही। इसके बाद 5 अप्रैल की शाम परिजन जब दोबारा अस्पताल पहुंचकर दवाइयों के पर्चे मांगने लगे, तो डॉक्टर और स्टाफ ने देने से इंकार कर दिया। आरोप है कि इस दौरान परिजनों के साथ गाली-गलौज की गई, महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया गया और जान से मारने की धमकी भी दी गई।

साथ ही जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि मामले की शिकायत थाना छजलैट में भी की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। वर्तमान में बच्चा दिल्ली में जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहा है। भारतीय वाल्मीकि धर्म सभा ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मामले में रिपोर्ट दर्ज कराकर आरोपी डॉक्टर के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

**संक्षेप समाचार**



समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनते अधिकारीगण।

### जिलाधिकारी ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें

**मुरादाबाद।** शनिवार को सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी अनुज सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। कार्यक्रम में अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया में भाग लिया।

### रामगंगा विहार में सुबह से गुल रही बिजली, पांच घंटे तक आपूर्ति बाधित होने से लोग परेशान

**मुरादाबाद।** शहर के रामगंगा विहार इलाके में शनिवार तड़के करीब पांच बजे अचानक बिजली चली गई, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लंबे समय तक बिजली न आने से लोगों को रोजमर्रा के कामों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सुबह के वक्त बिजली गुल होने का असर सबसे ज्यादा पानी की व्यवस्था पर पड़ा, क्योंकि अधिकांश घरों में मोटर नहीं चल सकीं। इसके साथ ही तेज गर्मी और उमस ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी। करीब पांच घंटे गुजर जाने के बाद भी जब आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो स्थानीय लोगों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी साफ नजर आई। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सुबह के समय बिजली कटने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई, वहीं दफ्तर जाने वालों की तैयारियां भी बाधित रहीं। कई घरों में इनवर्टर भी जवाब दे गए, जिसके चलते पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई। बुजुर्गों, महिलाओं और छोटे बच्चों को सबसे ज्यादा कठिनाई झेलनी पड़ी। लोगों ने बिजली विभाग से संपर्क साधने की कोशिश की, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिल सका। आरोप है कि बिना किसी पूर्व सूचना के इतनी लंबी कटौती से उनकी दिनचर्या पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गई।नागरिकों ने विभाग से जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति शुरू करने और भविष्य में इस तरह की समस्या से बचाव के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर मातृशक्ति का धरना, रीता पाल भूख हड़ताल पर बैठीं

**मुरादाबाद।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय हिंदू परिषद की मातृशक्ति की प्रदेश अध्यक्ष रीता पाल ने इंपीरियल तिराहा पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इस दौरान वह कार्यकर्ताओं के साथ भूख हड़ताल पर बैठ गईं। बताया गया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण न मिलने से मातृशक्ति में व्यापक आक्रोश है। इसी के चलते रीता पाल ने आंदोलन का रास्ता अपनाते हुए भूख हड़ताल शुरू की है। उन्होंने कहा कि जब तक महिलाओं को उनका अधिकार नहीं मिल जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। धरने के चलते राजनीतिक हलकों में भी हलचल तेज हो गई है। अखिलेश यादव और राहुल गांधी समेत विपक्षी दलों में भी इस मुद्दे को लेकर चर्चा तेज हो गई है। इस दौरान राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य हरिकांत सिंह, सुनील कुमार, राजपाल सिंह, मनोज प्रजापति, नवीन सैनी, श्यामबाबू, ओपी गोला, डॉ. बंटी पाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नाला सफाई के बाद सड़क किनारे डाली सिल्ट, लोगों को आवागमन में परेशानी



नाला सफाई के बाद सड़क किनारे पड़ी सिल्ट।

**मुरादाबाद।** शहर के बुद्ध बाजार क्षेत्र में नाला सफाई के बाद निकाली गई सिल्ट को सड़क किनारे ही छोड़ दिया गया है। इससे राहगीरों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि नाले से निकली गंदगी लंबे समय से सड़क किनारे पड़ी है, जिससे बदबू और गंदगी का माहौल बना हुआ है। इसके चलते ग्राहक भी दुकानों तक आने से कतराने लगे हैं, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। क्षेत्रीय लोगों ने नगर निगम से जल्द से जल्द सिल्ट हटवाने की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके और बाजार की स्थिति सामान्य हो सके।

### कल सुबह तीन घंटे बंद रहेगी बिजली

**गजरौला।** नगर के 132 केवी उपकेन्द्र में 33केवी बस-बार की मरम्मत कार्य के चलते कल सोमवार को सुबह छह बजे से नौ बजे तक (तीन घंटे) शहर के साथ-साथ कई फीडरों की आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशासी अभियन्ता दीपक गुप्ता ने नागरिकों से सहयोग की अपील की है। सोमवार को 132 केवी उपकेन्द्र में 33केवी बस-बार की मरम्मत का कार्य होगा। इस कारण सुबह छह बजे से नौ बजे तक (तीन घंटे) गजरौला टाउन प्रथम, द्वितीय के साथ सिहाली, खादगूजर, फाजलपुर, टेवा कम्पनी, बेस्ट बोर्ड, हसनपुर, श्री एसिड, अटारी मुरीदपुर और मौहम्दाबाद में विद्युतापूर्ति पूरी तरह से बाधित रहेगी। अधिशासी अभियन्ता दीपक गुप्ता ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए बिजली से जुड़े अपने काम कटौती से पूर्व में ही करने की अपील की है।

**आक्रोश** नगर पालिका के खिलाफ नारेबाजी, सफाई व्यवस्था ध्वस्त

# गंदगी व जर्जर सड़क से परेशान मोहल्ला वासियों का प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय



गंदगी व जर्जर सड़क से परेशान होकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** नगर के एक मोहल्ले के निवासियों ने गंदगी और सड़क निर्माण की मांग को लेकर मोहल्ले में ही जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित महिला और पुरुषों ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और 'नगर पालिका हाय-हाय' के नारे भी लगाए।

नगर के मोहल्ला खेवान वासियों ने आरोप लगाया कि मोहल्ले में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। नाले के किनारे गंदगी के ढेर लगे हुए हैं, जिससे हर समय बदबू और बीमारियों का खतरा बना रहता है। इसके साथ ही मोहल्ले की इंटरलॉकिंग सड़क जगह-जगह से उखड़ चुकी है, जिससे गहरे गड्ढे हो गए हैं। सड़क की दुर्दशा के कारण आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सफाई और सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया, तो वे उपजिलाधिकारी कार्यालय पर धरना देने के लिए मजबूर होंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी नगर पालिका की होगी। प्रदर्शन करने वालों में रानी, राजकुमारी, देववती, नविता, क्रांति, दीपचंद, प्रिंस, विनोद, हरीश, कृष्ण, जगत सिंह, भरत सिंह, अमित कुमार, हर्ष कुमार, दिनेश, कलुआ, हरि सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# नगर ब्राह्मण सभा की बैठक हुई आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय



**गजरौला।** नगर ब्राह्मण सभा की बैठक में अध्यक्ष डॉ. रविभूषण शर्मा ने कहा कि भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए कार्यकारिणी और नागरिकों द्वारा दिया गए समर्थन पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

शनिवार को नगर के शिव इण्टर कॉलेज में आयोजित बैठक में अध्यक्ष ने शोभायात्रा की आय और व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए भविष्य में ब्राह्मण सभा के द्वारा आयोजित होने विभिन्न कार्यक्रमों पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने शोभायात्रा में ब्राह्मण समाज के साथ-साथ अन्य समाजों द्वारा शोभायात्रा के भव्य स्वागत के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में मौजूद अन्य वक्ताओं ने भी संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए एकजुटता का संकल्प लिया और कहा कि हमें एक दूसरे के सुख दुख में काम आते हुए समाज और देश को आगे बढ़ना चाहिए।

इस मौके पर ओमप्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष देवेश शर्मा, देवराज शर्मा, प्रमोद उपाध्याय, सभीर प्रभाकर, विपिन शर्मा, डॉ-प्रदीप कुमार शर्मा, सार्थक शर्मा, एसके त्रिपाठी, नीरज शर्मा, सर्वेश शर्मा, योगेन्द्र प्रसाद शर्मा, लोकेश शर्मा, महेन्द्र शर्मा, डॉ-अनिल शर्मा, उत्तम शर्मा, नवनीत शर्मा, कुलदीप शर्मा, उदित शर्मा आदि मौजूद रहे। बैठक का संचालन नगर महामंत्री रोहित शर्मा ने किया।

## संपादकीय

### ट्रंप का 'तूफान' क्या है?

राष्ट्रपति ट्रंप अब भी युद्धोन्मादी हैं। ईरान को 'कब्रिस्तान-सा' बनाने के बावजूद उनका दिल नहीं पसीजा है। उन्होंने अब भी किसी 'तूफान' के आने की धमकी दी है और दावा किया है कि उस तूफान को कोई रोक नहीं सकेगा। क्या ट्रंप अब ईरान पर परमाणु हमला भी कर सकते हैं? अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख ने ईरान में परमाणु स्थितियों पर चिंता जताई है और ईरान के परमाणु कार्यक्रम के दुरुपयोग की आशंका भी व्यक्त की है। हालांकि हम किसी परमाणु दुर्घटना की संभावना को नहीं मानते, क्योंकि रूस के राष्ट्रपति पुतिन करीब 90 मिनट की बातचीत में राष्ट्रपति ट्रंप को सचेत कर चुके हैं कि अब हमले के अंजाम बहुत बुरे और गंभीर होंगे। चीन भी ऐसे बयान दे चुका है और इसी माह ट्रंप का चीन जाना प्रस्तावित है। बीती 28 फरवरी से जो विनाशकारी हमले ईरान पर किए गए हैं, बीच-बीच में युद्धविराम के 'नाटक' भी खेले गए हैं, तेल-गैस-खाद आदि की आवाजाही इस कदर बाधित हुई है कि दुनिया में 'महामंदी' के संकट फैलने लगे हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी महामंदी के आसार की चेतावनी दी है, क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था की विकास-दर 2 फीसदी से भी कम होने के संकेत मिल रहे हैं। यदि दुनिया में ऊर्जा-संकट, सप्लाई चेन का अवरुद्ध होना, खाद्य-संकट यूं ही जारी रहे, तो भुखमरी के हालात भी पुख्ता हो सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय कारोबार भी बैठ सकता है। खुद अमरीका के पेंटागन की रपट है कि अभी तक ईरान युद्ध पर 25 अरब डॉलर खर्च किए जा चुके हैं। यह राशि अधिक भी हो सकती है। पेंटागन ने 1.5 ट्रिलियन डॉलर के अतिरिक्त बजट की मांग संसद से की है, लेकिन अमरीकी संसद राष्ट्रपति ट्रंप से पूछ रही है कि जब 2025 के हमले में ईरान के परमाणु एवं यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम को तबाह कर दिया गया था, तो फिर यह युद्ध क्यों किया गया? राष्ट्रपति उसी परमाणु कार्यक्रम की नए सिरे से बात क्यों कर रहे हैं? क्या ईरान का यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम आज भी जारी है? अब सैनिक और युद्धपोत मध्य-पूर्व के क्षेत्रों में क्यों मौजूद हैं? क्या अमरीकी संसद राष्ट्रपति ट्रंप को बाध्य कर सकती है कि वह सैनिकों की वापसी का आदेश दें? युद्ध पर 25 अरब डॉलर नासा के खर्च के बराबर है, जिसे ट्रंप की सामंतवादी सोच ने यूं ही फूक दिया। कैबिनेट में उपराष्ट्रपति वेंस शुरू से ही युद्ध-विरोधी थे, लेकिन अब उनका युद्ध मंत्री हेगसेथ के साथ विवाद बढ़ गया है। उपराष्ट्रपति का गंभीर आरोप है कि युद्ध मंत्री राष्ट्रपति ट्रंप को गलत ब्रीफ कर रहे हैं, लिहाजा ईरान से अभी तक अमरीका जीत नहीं पाया है। उपराष्ट्रपति का आग्रह है कि अब युद्ध को स्थायी विराम दिया जाना चाहिए। इस तरह युद्ध के मुद्दे पर ट्रंप कैबिनेट विभाजित है और राष्ट्रपति 'तूफान' की धमकियां दे रहे हैं! पेंटागन भी राष्ट्रपति को गलत सूचनाएं दे रहा है। हकीकत यह है कि अमरीकी मिसाइलों, ड्रोन, थाड, पैट्रियट आदि वायु रक्षा प्रणालियों और अन्य हथियारों के भंडार काफी कम हो चुके हैं। रणनीतिक तौर पर यह अमरीका के लिए खतरनाक स्थिति है। हथियारों के पर्याप्त भंडारण के लिए अपेक्षित उत्पादन में 3-5 साल का वक्त भी लग सकता है। फिर भी ट्रंप और पेंटागन की ओर से बयान दिए जा रहे हैं कि अब जो हमला अमरीका करेगा, उससे ईरान के बिजली संयंत्र, पुल, जल संयंत्र आदि तबाह कर दिए जाएंगे। सवाल है कि क्या अब भी राष्ट्रपति ट्रंप को युद्ध जारी रखने की अनुमति संसद देगी अथवा चौतरफा दबावों के मद्देनजर ट्रंप एकतरफा जीत की घोषणा करेंगे और युद्ध समाप्त होने लगेगा? क्या ईरान अमरीका को ऐसा करने देगा? सुप्रीम लीडर और आईआरजीसी के कमांडर भी अमरीका को धमका रहे हैं कि अमरीकी सैनिकों और जहाजों को आग लगा कर समंदर में डुबो दिया जाएगा। ईरान ने कुछ नए हथियार बनाए हैं या रूस से आयातित हैं, जिनका इस्तेमाल अब ईरान अमरीकी सैनिकों, जहाजों पर करेगा। ईरान के बहुत बुरे आर्थिक और कारोबारी हालात हैं। रोजी-रोटी भी मयस्सर नहीं है। आशंका है कि एक बार फिर वहां की जनता बगावत कर सडक़ों पर उतर सकती है। हमारा आकलन ऐसा नहीं है, क्योंकि 'तूफान' में ईरानी लामबंद रहते हैं। इस युद्ध का खामियाजा भारत समेत कई देशों को भुगतना पड़ रहा है। भारत में एक मई को कमर्शियल गैस के सिलेंडरों के दाम में बढ़ोतरी हो गई। शुक्रवार को खबर आ गई कि कमर्शियल गैस के रेट बढ़ गए हैं। इसके कारण होटलों व ढाबों में भोजन के दाम भी बढ़ गए हैं।

# राष्ट्रहित में है ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट, इसका विरोध करना चीन का खुलकर समर्थन करने जैसा



अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के ग्रेट निकोबार द्वीप पर प्रस्तावित विकास परियोजना को लेकर देश में तीखी बहस छिड़ गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस परियोजना को देश की प्राकृतिक और जनजातीय विरासत के खिलाफ सबसे बड़ा अपराध और घोटाला बताया है। उन्होंने अपने दौरे के बाद कहा कि यहां के घने जंगल, जो सदियों में विकसित हुए हैं, अब बड़े पैमाने पर काटे जाने के खतरे में हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 160 वर्ग किलोमीटर वर्षावन क्षेत्र को समाप्त किया जाएगा और लाखों पेड़ों की कटाई होगी, जिससे स्थानीय आदिवासी समुदायों का अस्तित्व भी संकट में पड़ सकता है।

राहुल गांधी ने इसे विकास के नाम पर विनाश बताया और कहा कि वह इस मुद्दे को संसद में उठाएंगे। उनका आरोप है कि स्थानीय समुदायों की सहमति के बिना उनकी जमीन और संसाधनों को छीना जा रहा है। हम आपको याद दिला दें कि कांग्रेस की ओर से पहले भी इस परियोजना को लेकर चिंता जताई गई थी, जिसमें इसे शोंपेन जनजाति और द्वीप के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरा बताया गया। सोनिया गांधी ने इस मुद्दे को उठाते हुए समाचार-पत्रों में एक विस्तृत लेख लिखा था। दूसरी ओर, इस परियोजना को देश की सामरिक और आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नीति आयोग द्वारा तैयार और केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत इस योजना की लागत लगभग 81000 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इसमें चार प्रमुख घटक शामिल हैं, जिनमें एक विशाल ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, ऊर्जा संयंत्र और सैन्य ढांचे का विस्तार शामिल है। हम आपको बता दें कि ग्रेट निकोबार की भौगोलिक स्थिति इसे विशेष बनाती है। यह मलक्का जलडमरूमध्य के प्रवेश द्वार के पास स्थित है, जो दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री मार्गों में से एक है। चीन का लगभग 80 प्रतिशत तेल आयात और उसका बड़ा व्यापार इसी मार्ग से गुजरता है। ऐसे में इस क्षेत्र में भारत की मजबूत उपस्थिति उसे सामरिक बढ़त दिला सकती है।विशेषज्ञों का मानना है कि गैलेथिया खाड़ी में बनने वाला बंदरगाह भारत को वैश्विक समुद्री व्यापार में नई पहचान दिला सकता है। हम आपको बता दें कि वर्तमान में भारत का लगभग 25 प्रतिशत माल विदेशी बंदरगाहों के माध्यम से स्थानांतरित होता है, जिससे आर्थिक नुकसान होता है। इस परियोजना के पूरा होने पर भारत इस निर्भरता को समाप्त कर सकता है और अपनी समुद्री शक्ति को मजबूत कर सकता है।

चीन की रणनीति को देखते हुए यह परियोजना और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। पिछले दो दशकों में चीन ने हिंद महासागर क्षेत्र में कई बंदरगाह विकसित किए हैं, जिन्हें सामूहिक रूप से स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स कहा जाता है। इनमें पाकिस्तान का ग्वादर, श्रीलंका का हम्बनटोटा और म्यांमार का क्याउकफ्यू शामिल हैं। इनका उद्देश्य समुद्री मार्गों पर प्रभाव बढ़ाना और भारत को घेरना है।

इसके जवाब में भारत ने भी अपने सहयोगी देशों के साथ मिलकर समुद्री रणनीति विकसित की है, जिसे नेकलेस ऑफ डायमंड्स कहा जाता है। इसमें ओमान, इंडोनेशिया और सेशेल्स जैसे देशों में बंदरगाहों तक पहुंच और सैन्य सहयोग शामिल है। ग्रेट निकोबार इस रणनीति का केंद्र बिंदु माना जा रहा है। इसके अलावा, हाल के अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम भी इस परियोजना के महत्व को रेखांकित करते हैं। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य के उपयोग से वैश्विक तेल आपूर्ति पर प्रभाव डालने की घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि समुद्री मार्गों पर नियंत्रण किसी भी देश के लिए कितना शक्तिशाली साधन हो सकता है। इस स्थिति में यदि भारत मलक्का जलडमरूमध्य के पास अपनी स्थिति मजबूत करता है, तो यह उसे वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम बना सकता है।

मोदी सरकार का कहना है कि परियोजना को पर्यावरणीय और सामाजिक सुरक्षा मानकों के तहत स्वीकृति दी गई है। शोंपेन जनजाति की सुरक्षा के लिए विशेष नीतियां, निगरानी तंत्र और अन्य उपाय लागू किए गए हैं। सरकार के अनुसार परियोजना द्वीप के कुल क्षेत्रफल के सीमित हिस्से पर ही आधारित है और विकास तथा संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखने का प्रयास किया गया है। हम आपको यह भी बता दें कि इस परियोजना का विरोध अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हो रहा है। कुछ विदेशी संगठनों ने इसे जनजातीय अस्तित्व के लिए खतरा बताया है। लेकिन इस परियोजना के रणनीतिक महत्व को देखते हुए यह साफ नजर आ रहा है कि चीन के समर्थक कभी नहीं चाहेंगे कि भारत की यह परियोजना साकार रूप ले सके।

उधर, रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना राष्ट्रीय महत्व की है और इस पर आगे बढ़ने का समय आ गया है। पूर्व वायुसेना प्रमुख आर.के.एस. भदौरिया ने विभिन्न साक्षात्कारों और समाचारपत्रों में अपने आलेखों के जरिये इस परियोजना की महत्ता पर प्रकाश डाला है। उन्होंने लिखा है कि विपक्ष के नेता ने हाल में इस द्वीप का दौरा किया और सोशल मीडिया के माध्यम से परियोजना को इकोलॉजी और पर्यावरण के विनाश का कारण बताते हुए एक बड़ा घोटाला और 'राष्ट्रीय धरोहर के खिलाफ अपराध' करार दिया। उन्होंने लिखा है कि पर्यावरण की चिंता होना स्वाभाविक है, लेकिन जब राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रभुता और भविष्य की रणनीतिक दिशा की बात हो, तो तस्वीर का केवल एक हिस्सा देखना उचित नहीं लगता। यह परियोजना देश के भविष्य की एक सख्त सामरिक और आर्थिक आवश्यकता है। आर.के.एस. भदौरिया लिखते हैं कि भारत लंबे समय तक अपनी सुरक्षा सोच में भूमि-सीमाओं पर अधिक केंद्रित रहा। हिंद महासागर वैश्विक व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और सामरिक शक्ति का केंद्र है।

# आप संसदीय दल का टूटना तय था



यह तो होना ही था। हैरानी इस पर नहीं कि आप क्यों टूटी? हैरानी इस बात पर है कि इतनी देर से क्यों टूटी? आप संसदीय दल के दो टुकड़े होना, मेरे लिए वह खबर है, जिसका लंबे समय से मैं इंतजार कर रहा था। आप के सात राज्यसभा सांसदों ने पार्टी छोड़ी और भाजपा से जा जुड़े। इन सात में से तीन वे हैं, जो कभी पार्टी नेता अरविंद केजरीवाल की आंख और कान हुआ करते थे। उनके पास इतनी पावर थी कि पार्टी के बेहद वरिष्ठ लोग भी उनसे ईर्ष्या करते थे। केजरीवाल उनकी ही सुनते थे। पर उन्हीं लोगों ने बगावत की, जिन्हें पार्टी ने बनाया, संवारा और कम उम्र में पहचान दी। बाहर के लोगों को यह सुनकर हैरानी हो सकती है, लेकिन जो लोग पार्टी चलाने के केजरीवाल के तरीके से वाकिफ हैं, वे जानते हैं कि एक दिन ऐसा होना ही था। दरअसल आप जिन उद्देश्यों के लिये बनी थी, उनसे वह भटकने लगी। जब वह दूसरी पार्टियों की तरह हो गयी और उनकी तरह बर्ताव करने लगी, तब यह होना स्वाभाविक ही था।

जब आप बनी और मुझ जैसे लोग इसमें शामिल हुए, तब यह नारा था, 'हम राजनीति करने नहीं, राजनीति को बदलने आये हैं'। लेकिन जैसे-जैसे कारवां बढ़ता गया, सत्ता के खेल में जुड़ता गया, वैसे-वैसे यह नारा फीका पड़ता गया। जो परंपरागत राजनीति को बदलने आयी थी, वह खुद परंपरागत राजनीति का शिकार हो गयी। आज आप और दूसरे दलों में कोई फर्क नहीं बचा है। आम आदमी पार्टी लाखों-करोड़ों लोग का ख्वाब थी।

वह ख्वाब, जो इस देश को भ्रष्टाचार मुक्त देखना चाहता है, जो आम और खास में फर्क न करे, जिसके नेता आम आदमी की तरह रहें। अन्ना आंदोलन ने इस ख्वाब को पंख दिये। जैसे-जैसे आंदोलन बढ़ता गया, लाखों-करोड़ों लोगों को लगा कि अब देश को भ्रष्टाचारी सिस्टम से मुक्ति मिलेगी, आम आदमी के साथ न्याय होगा, फैसले उसकी सहमति से होंगे और देश में सही मायनों में लोकतंत्र होगा। यह ख्वाब नया नहीं था। यह वह ख्वाब था, जो गांधी, नेहरू और हजारों स्वतंत्रता सेनानियों ने देखा था। गांधी का ऐसा ही नारा था, जिसमें आखिरी पंक्ति में बैठे व्यक्ति के आंसू पोंछने की बात थी।

ये आदर्श आजादी के बाद कुछ साल चले, पर जल्दी ही सत्तालोलुप लोगों ने पूरे सिस्टम को हाईजैक कर लिया। अन्ना आंदोलन इस सिस्टम से निकलने की जद्दोजहद का नाम था। इस आंदोलन ने एक राजनीतिक दल का आकार लिया, तो लोगों को लगा कि उनके सपने सच होंगे। एक पार्टी का जन्म के डेढ़ साल में दिल्ली में सरकार बना लेना, दस साल में पंजाब में सत्ता में आ जाना और राष्ट्रीय पार्टी का खिताब हासिल कर लेना सामान्य नहीं था। लेकिन कहते हैं न कि सत्ता भ्रष्ट करती है और परम सत्ता पूर्ण रूप से भ्रष्ट करती है। वही आप के साथ हुआ। आप के नेताओं को सत्ता के स्वार्थ ने डंस लिया। क्रांति के साथी पार्टी छोड़ते गये और दल पर एक आदमी का कब्जा हो गया। जिसने पार्टी बनाने में सबसे अहम भूमिका निभाई थी, उसी ने पार्टी को निपटाना शुरू कर दिया।

जो पार्टी संगठन और सरकार में पारदर्शिता की बात करती थी, नीति निर्धारण में जन सहभागिता की बात करती थी, आलाकमान कल्चर का विरोध करती थी, हर स्तर पर लोकतंत्र की वकालत करती थी, वह पार्टी एक आदमी में सिमट कर रह गयी। उससे असहमति का अर्थ था सर्वनाश। यह अन्ना आंदोलन की 'एंटी थीसिस' थी। पार्टी में केजरीवाल के अलावा सब रोबोट हो गये। जिनमें जितना सॉफ्टवेयर डाला जाये, बस उतना ही काम करे और आगे के काम के लिये सॉफ्टवेयर अपडेट का इंतजार किया जाये। पार्टी में लोकतंत्र खत्म हुआ, तो स्वार्थी लोगों का जमावड़ा होने लगा। इनको समझ में आ गया कि नेता की परिक्रमा करो, विधायक, सांसद और मंत्री बनो।

लेकिन इसमें एक ट्विस्ट था। नेतृत्व के लिए उपयोगिता सबसे बड़ा मूल्य हो गयी। चूंकि नेतृत्व को मशीनों की जरूरत थी और हर मशीन की एक एक्सपायरी डेट होती है, लिहाजा हर नेता की, चाहे वह कितना ही बड़ा क्यों न हो, एक एक्सपायरी डेट तय हो गयी। और जब वह डेट आ गयी,

## कांग्रेस का प्रतिज्ञा पत्र



कांगड़ा की कार्यशाला में कांग्रेस कितनी निपुण तथा जिला अध्यक्ष कितने स्वतंत्र हो पाते हैं, यह आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में प्रदर्शित होगा। पंजाब, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल के 62 जिलाध्यक्षों को गुरुमंत्र देकर राहुल गांधी ने जो आदर्शवाद खड़ा किया है, क्या उसे दिल से कबूल करने के लिए पार्टी के बड़े नेता तैयार हैं। संगठन से चुनाव के बूथ तक कांग्रेस की मुश्किलों का मुकाबला भाजपा जैसी पार्टी से है, जहां हर दिन का रणनीतिक उद्घोष तैयार रहता है तथा पन्ना प्रमुख की ताजपोशियों में चुनाव की रिहर्सल के बही खाते तैयार रहते हैं। दरअसल कार्यकर्ताओं के बजाय नेताओं के वजन से कांग्रेस पार्टी का वजूद जमीनी स्तर का अवलोकन नहीं कर पाता है। आश्चर्य तब होता है जब पार्टी के विजयी विधायक या मंत्रियों के अधिकार वीआईपी हो जाते हैं और राजनीतिक संगत में मंच घूरने लगते हैं। बेशक राहुल गांधी ने सफलता के अध्यायों पर प्रतिज्ञा पत्र तैयार किया, लेकिन पार्टी को चौबीस घंटे की मेहनत के योग्य बनाने के लिए अपने तौर तरीके बदलने होंगे। जाहिर है कांगड़ा के संकल्प पंजाब, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल में देखे जाएंगे। हिमाचल में स्थानीय निकाय चुनाव में अगर कार्यकर्ता को सम्मान मिलता है, तो पार्टी उत्तीर्ण होगी वरना आने वाले समय में विधानसभा चुनाव की पहुंचाने के प्रयास अभी कारगर सिद्ध नहीं हुए हैं, जबकि विपक्षी भाजपा हर मोर्चे पर सरकार को घेरने की भरपूर कोशिश करती हुई दिखाई देती है। इसमें दो राय नहीं कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार ने आर्थिक हकीकत के कई दर्पण खड़े करते हुए कई बड़े फैसले लिए और जिनकी जरूरत आने वाली हर सरकार को रहेगी। हिमाचल के आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता के रास्ते पर सुक्खू सरकार ने कुछ अहम, कुछ व्यवस्थागत फैसले लिए, लेकिन पार्टी स्तर पर जनता के सामने इनकी पेशकश सक्रिय रूप से दर्ज नहीं हुई। कई खामियां पूर्व सरकार के रवैये से उभर कर सामने आईं, लेकिन कांग्रेस कोई एक बड़ा मजमून या मुद्दा खड़ा नहीं कर पाई। ऐसे में कांगड़ा से निकली रणनीति क्या अपनी सरकार की प्रचार तंत्र बनेगी। अंततः देखना यह होगा कि राहुल गांधी के मंचीय संदेशों को कांग्रेस जमीनी स्तर पर कैसे अपनाती है। अगर राहुल गांधी निर्देश दे रहे हैं कि लोगों के बीच जाकर सत्तारूढ़ पार्टी समस्याओं का समाधान करे, तो सर्वप्रथम यह समझना पड़ेगा कि सरकार ने जिस शिद्दत

## जय मतदाता, मेरे भाग्यविधाता

आखिरकार पांच वर्षों के उपरांत अब वह समय आ गया है जब नेताओं द्वारा मतदाता का महिमामंडन होगा। प्रत्येक नेता तथा राजनीतिक दल मतदाता को लुभाने का प्रयास करेगा। मतदाता को सपने दिखाए जाएंगे, संकल्प पत्रों के माध्यम से वायदे किए जाएंगे। दृष्टि पत्रों के द्वारा मतदाताओं की दृष्टि भी भ्रमित की जाएगी। चुनावी महामंथन में नेताओं को तो पसीना बहाना ही पड़ता है, लेकिन यह समय मतदाताओं के लिए भी कहां सुखद है? एक वोट का मालिक मतदाता किस-किस को खुश करेगा, किसी के साथ मतदाता को भी झूठ तो बोलना ही पड़ेगा। इस समय मतदाता भी कहां चैन से बैठ सकेगा? हर पल उम्मीदवारों तथा राजनीतिक दलों की नजर उस पर रहेगी। उम्मीदवारों तथा उनके समर्थकों तथा सुबह-शाम, दिन-रात हाजिरियां भरने वालों की आहट, सुगबुगाहट तथा चहलकदमी से मतदाता भी कहां चैन से जी सकता है? भारतीय लोकतंत्र में सभी नागरिकों को चुनाव लडऩे तथा मतदान करने का अधिकार प्रदान करता है। संविधानिक अधिकारों में मतदान का अधिकार ही लोकतंत्र को मजबूत करता है। मतदाताओं द्वारा वोट की चोट से आगामी पंचवर्षीय भविष्य की इबारत लिखी जाती है। हिमाचल प्रदेश में नगर निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं का पंचवर्षीय लोकतांत्रिक यज्ञ का ऐलान हो चुका है। प्रदेश मुख्य चुनाव आयुक्त की उद्घोषणा तथा अधिसूचना के साथ ही राजनीतिक दल चुनावी शंखनाद कर चुके हैं। काफी लंबे समय से इस अवसर की प्रतीक्षा कर रहे छोटे-बड़े नेता अपनी कमर कस चुके हैं। किसे उम्मीदवार बनाना है तथा किसे जिताना या हराना है, बिसात बिछ चुकी है। राजनीतिक दल नगर निकायों में प्रत्यक्ष रूप से तथा पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में अप्रत्यक्ष रूप से चुनाव प्रचार करते नजर आएंगे। अनेकों नेता अपने आप को जनता के सच्चे हितैषी के रूप में बेटा, बेटी तथा बहू के रूप में अपने आप को प्रस्तुत करेंगे। साम, दाम, दंड, भेद से पांच वर्षों से मन में बैठा हुआ पूरा हिसाब बराबर करेंगे। लोकतंत्र में चुनाव की ही आड़ में नेता तथा आम मतदाता नागरिक के रूप में अपने आप को प्रस्तुत करता है। सामाजिक पंचवर्षीय इस चुनावी यज्ञ के महामंथन में अमृत और विष दोनों उगले जाते हैं। उम्मीदवारों द्वारा सच-झूठ, प्रलोभन, वायदे, दांव-पेंच सब आजमाए जाते हैं। मतदाताओं द्वारा उम्मीदवारों का धन-बल, रसूख, सामाजिक व्यवहार तथा विकासात्मक कार्य सब परखा जाता है। प्रत्यक्ष तो नहीं परन्तु अप्रत्यक्ष रूप से इन चुनावों में धर्म, जाति, लिंगभेद, परिवारवाद, समुदायवाद तथा क्षेत्रवाद का भी बोलबाला रहता है, हालांकि चुनाव आयोग इसकी अनुमति नहीं देता, परन्तु फिर भी लोकतंत्र में मतदाता का विचार सबसे सर्वोच्च तथा शीर्ष स्थान पर रहता है। अनेकों बार उम्मीदवारों तथा राजनीतिक दलों द्वारा व्यैक्तिक, सामाजिक, पारिवारिक सम्बन्धों की धज्जियां उड़ाई जाती हैं। वैसे आमजन के लिए यह अवसर आनंद तथा मनोरंजन का भी है। प्रत्येक आदमी के अंदर का नेता सक्रिय हो जाता है। चारों ओर चर्चा, वार्ताओं, भाषणों, वाद-विवादों का वातावरण रहता है।

# सही रास्ते पर है भारतीय अर्थव्यवस्था



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने मौजूदा वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.5 फीसदी कर दिया है, जो जनवरी के 6.4 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है। इसका कारण अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ 50 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी किये जाने से मिलने वाले लाभ को माना गया है। विश्व बैंक ने भी भारत की आर्थिक विकास दर को 6.5 फीसदी के अपने पहले के अनुमान से बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। विश्व बैंक की रिपोर्ट में पश्चिम एशिया संकट से तेल, गैस की महंगाई को रेखांकित करते हुए बताया गया है कि भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था व मांग बुनियादी रूप से मजबूत बनी हुई है तथा जीएसटी में कटौती जैसे कदम विकास को गति दे रहे हैं। भारत से जुड़े विश्व बैंक और आइएमएफ के नवीनतम आंकड़े मजबूती की कहानी बताते हैं। यानी, उथल-पुथल के बावजूद भारत मजबूती से बढ़ रहा है।

आइएमएफ की इसी महीने आयी 'वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक' में आगामी वित्त वर्ष में भी भारत की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत पर बने रहने की बात कही गयी है। वैश्विक वृद्धि दर इस वर्ष 3.1 प्रतिशत तक धीमी रहने के अनुमान के बीच आइएमएफ भारत को विश्व की सबसे टिकाऊ आर्थिक शक्तियों में से एक मानता है। भारत से जुड़ा आइएमएफ का आकलन आंकड़ों में भले छोटा हो, पर संकेत के रूप में महत्वपूर्ण है। और संकेत यह है कि भारत वैश्विक औसत से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। गौर करने की बात है कि आइएमएफ का अप्रैल अपडेट युद्ध संबंधी बाधाओं, व्यापारिक अनिश्चितता और मुद्रास्फीति के दबावों की पृष्ठभूमि में आया है, जिसने दुनिया की कई अर्थव्यवस्थाओं के प्रति भरोसा कम किया है। ऐसे में, भारत की मजबूत वृद्धि दर दर्शाती है कि घरेलू मांग, नीतिगत निरंतरता और संरचनात्मक मजबूती उसे सहारा दे रही है। आइएमएफ के मुताबिक, भारत 'मजबूत' स्थिति में है, जो बाहरी अस्थिरता को देखते हुए अच्छा प्रदर्शन है। हालांकि, विश्व बैंक और आइएमएफ के इन अनुमानों में मुद्रास्फीति की चुनौती भी हो सकती है। जैसे, आइएमएफ ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में 4।7 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया है, जबकि 2025 में यह दर 2।0 फीसदी से नीचे रही थी। इसका मतलब यह है कि हालिया आपूर्ति श्रृंखला समस्याओं के कारण दबाव बढ़ सकता है, लेकिन यह दर अब भी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित सहनीय सीमा के भीतर रहने की संभावना है। यानी, अर्थव्यवस्था के सामने मुद्रास्फीति की चुनौती तो है, लेकिन उसे नियंत्रित किया जा सकता है।

# यूपीः अखिलेश बोले- भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल

## मायावती बोलीं- महंगाई पर नियत्रंण होना जरूरी, दी सलाह

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि देश में महंगाई व बेरोजगारी चरम पर है। रुपया डॉलर के मुकाबले लगातार गिरता जा रहा है। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है। अखिलेश यादव प्रदेश सपा मुख्यालय पर विभिन्न जिलों से आए कार्यकताओं और नेताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीडीए समाजवादी पार्टी के साथ एकजुट है। भाजपा पीडीए से डरी हुई है। भाजपा अराजकता पर उतारू है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा को भ्रष्टाचार और बेईमानी में ही महारत हासिल है। जब स्मार्ट मीटर से जनता की जेब से चोरी हो सकती है तो ईवीएम से वोट की चोरी क्यों नहीं हो सकती है।

बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कामर्शियल सिलिंडर की कीमतों में हुई बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि देश में कामर्शियल सिलिंडर की भारी किल्लत के बीच उसकी कीमत में एकमुश्त 993 रुपये की वृद्धि से आम जनजीवन पर व्यापक असर पड़ेगा। इसके साथ ही लोगों में यह आशंका भी बढ़ गई है कि जल्द ही रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल समेत अन्य पेट्रोलियम पदार्थों के दाम भी बढ़ सकते हैं।

मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में कहा कि कामर्शियल सिलिंडर की कीमतों में वृद्धि से आम जनता में बेचैनी है।



उन्होंने कहा कि कीमतों में बढ़ोतरी का कारण चाहे अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच तनाव हो या कोई अन्य वजह, लेकिन सरकार को जनता के हितों को प्राथमिकता देनी चाहिए। बसपा प्रमुख ने कहा कि विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने पहले पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों को काफी हद तक नियंत्रण में रखा था। ऐसे में अब भी व्यापक जनहित और जनकल्याण को ध्यान में रखते हुए उसी नीति को जारी रखा जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में नई दरों के बाद कामर्शियल सिलिंडर की कीमत लगभग तीन हजार रुपये से अधिक हो जाएगी। इससे पहले से महंगाई से जूझ रहे गरीब और मध्यम वर्ग पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। सरकार को नीतियां तय करते समय इसका आकलन करना चाहिए।

# यूपी : मां ने की चार अबोध बच्चों की निर्मम हत्या, पति ने कर लिया था पाकिस्तान की एक महिला से दूसरा निकाह

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** अकबरपुर के मीरानपुर मुरादाबाद में शनिवार दोपहर एक घर में चार बच्चों की किसी भारी चीज से कूचकर हत्या कर दी गई। पुलिस आशंका जता रही है कि मां गासिया खातून ने शुक्रवार रात बच्चों को खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया। बेसुध होने पर चारों की हत्या कर दी। इसके बाद कमरे को अंदर से बंदकर लापता हो गई। उधर, सऊदी अरब में रह रहे बच्चों के पिता ने फोन न उठने पर अपने रिश्तेदारों को मौके पर भेजा। खबर पाकर पुलिस पहली मंजिल के रास्ते घर में दाखिल हुई तो कमरे में चारों बच्चों के शव पड़े थे। डीआईजी सोमेन वर्मा, डीएम ईशा प्रिया, एसपी प्राची सिंह ने फोरेंसिक टीम के साथ जांच की। फिलहाल पुलिस को मां गासिया खातून पर ही चारों बच्चों की हत्या का शक है। घर में पड़े मिले मोबाइल की पुलिस जांच कर रही है।

महरुआ के कसड़ा निवासी नियाज ने मीरानपुर में अपनी पत्नी गासिया खातून के नाम पर जमीन लेकर चार वर्ष पूर्व मकान का निर्माण कराया था। यहां गासिया अपने बड़े बेटे शफीक (14), सऊद (12), उमर (10) और बेटी बयान (8) के साथ रहकर उनकी परवरिश कर रही थीं। नियाज सऊदी अरब में नौकरी करता है। एसपी प्राची सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह 7:30 बजे दूधवाले ने दरवाजा खटखटाया। कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर वह लौट गया। दोपहर तक बच्चों से फोन पर संपर्क न होने पर नियाज ने शहजादपुर निवासी भाभी बकीतुनिशा से बात की। इसके बाद रिश्तेदारों ने पुलिस को सूचना दी। दोपहर तीन बजे पुलिस पहुंची तो कमरा अंदर से बंद था। पुलिस बालकनी पर चढ़कर घर में दाखिल हुई और किसी तरह मुख्य दरवाजा खोल गया। घर में पहली मंजिल पर बने कमरे में तख्त पर बच्चों के शव खून से लथपथ मिले।



**दीवार से लेकर बिस्तर तक मिले खूने के छींटे**

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि दीवार से लेकर बिस्तर तक पर खून की छींटे फैले थे। कमरे में बच्चों के उल्टी करने के निशान मिले हैं। शक है कि हत्या से पहले खाने में कुछ विषैला पदार्थ मिलाकर दिया गया और इसके बाद बेरहमी से हत्या की गई।आशंका है कि बच्चों के सिर पर ईंट व हथौड़े से प्रहार किया गया है। हालांकि कमरे से कुछ मिला नहीं है। पुलिस ने चारों शवों को राजकीय मेडिकल कॉलेज भिजवाया। परिवार के लोगों से पूछताछ के साथ महिला की तलाश की जा रही है।

**पाकिस्तानी महिला से कर लिया था निकाह**

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि नियाज ने सऊदी अरब में एक पाकिस्तानी महिला से निकाह कर लिया था। तभी से गासिया खातून से उसकी अनबन चल रही थी। वह चार साल से घर नहीं लौटा था। वह तनाव में रहती थी। आशंका है कि वारदात के पीछे भी कहीं यह वजह न हो। उन्होंने बताया कि जांच में प्रथम दृष्ट्या यह पता चल रहा है कि महिला ने ही अपने चार बच्चों की हत्या की और इसके बाद बालकनी से कूदकर भाग गई। वारदात के खुलासे के लिए पुलिस की छह टीमें लगाई गई हैं।

महरुआ के ग्राम कसड़ा का नियाज अहमद पिछले चार साल से सऊदी से वापस नहीं आया था और पत्नी गासिया खातून से विवाद भी चल रहा था। चार मासूमों की बेरहमी से हुई हत्या ने पूरे मीरानपुर से लेकर पैतृक गांव कसड़ा तक हर किसी को झकझोर दिया है। घटना होने के बाद पारिवारिक विवाद भी खुलकर सामने आ रहे हैं। नियाज अहमद के सऊदी अरब में किसी पाकिस्तानी महिला से निकाह होने की बात भी कही जा रही है, जिसके चलते मिया-बीवी में आए दिन विवाद भी होता रहता है। पुलिस पति से विवाद के अलावा आशनाई और संपत्ति विवाद के एंगल पर भी छानबीन कर रही है।

नियाज की शादी लगभग 17 साल पहले भीटी के सम्मनपुर छितौनिया की गासिया खातून से हुई थी। करीब सात साल पहले रोजी-रोटी के सिलसिले में सऊदी अरब गया था। यहां उसने ठीक-ठाक कमाई की और मीरानपुर के मुरादाबाद मोहल्ले में पत्नी गासिया खातून के नाम जमीन लेकर दो मंजिला घर भी बनवाया।

# ठंडा रहा ज्येष्ठ माह का पहला दिन, चार मई से प्रदेश में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** जेष्ठ माह में अमूमन गर्मी अपने चरम पर होती है लेकिन शनिवार को पहले ही दिन सुहावने मौसम ने इस्तकबाल किया। ठंडी हवाओं ने गर्मी से राहत दी तो वहीं धूप की तपिश भी मामूली जान पड़ी। पिछले दिनों आंधी-बारिश की वजह से तापमान में गिरावट का असर शनिवार को भी देखने को मिला। शुक्रवार के मुकाबले तापमान में हल्की बढ़त दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, 3 मई को एक और पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश में 4 और 5 मई को आंधी-तूफान के साथ बारिश की संभावना जताई जा रही है।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, निवर्तमान पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव समाप्त होने से तराई में कहीं-कहीं छिटपुट बूंदाबांदी को छोड़कर ज्यादातर जगह शनिवार को मौसम साफ और शुष्क रहा। उन्होंने बताया कि तापमान में 4-6 की बढ़ोतरी के बाद आगामी



पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से चार मई से प्रदेश में आंधी-तूफान के साथ संभावित वर्षा का अगला दौर शुरू होगा। इस वजह से एक बार फिर से तापमान में 6-8 डिग्री की गिरावट आने की संभावना है। इसी वजह से मई के शुरुआती 10 दिनों के दौरान लू चलने की संभावना नहीं है। मौसम में राहत की उम्मीद जताई जा रही है। इस दौरान मौसम सामान्य से कम होने के आसार हैं।

**फिर से सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ**

वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अप्रैल माह के शुरआती और अंतिम चरण में तीन सक्रिय पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से पूर्वी व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ओलावृष्टि हुई। इस दौरान कुल प्रादेशिक मासिक वर्षा सामान्य से अधिक रही वहीं औसत मासिक तापमान सामान्य के आसपास रहे। अप्रैल के दूसरे पखवाड़े के दौरान बांदा के अप्रैल के ऐतिहासिक सर्वोच्च स्तर 47.6 डिग्री तापमान तक पहुंचने और छह दिन देश में सर्वाधिक गर्म रहने के साथ पूर्वी व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में क्रमशः चार और दो दिन लू चली।

मई माह के दौरान प्रदेश के अधिकांश भाग में सामान्य से अधिक वर्षा के बावजूद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ भागों में सामान्य से कम तापमान के अलावा प्रदेश के अन्य भागों में औसत मासिक अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य या सामान्य से अधिक रहेगा। इस वजह से मई के दौरान प्रदेश के उत्तरी तराई क्षेत्रों में लू के दिनों की संख्या सामान्य से अधिक रहने जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में सामान्य रहने की संभावना है। मई के दौरान प्रदेश के पूर्वी, मध्यवर्ती, तराई एवं दक्षिणी भाग में औसत मासिक न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

**सबसे गर्म रहा उरई**

मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को प्रदेश में उरई सबसे गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री दर्ज किया गया। दूसरे नंबर पर बांदा रहा जहां अधिकतम तापमान 40.6 डिर्ग्री दर्ज किया गया। तीसरे नंबर पर 39.4 डिग्री तापमान के साथ झांसी रहा।

# योगी का सख्त निर्देश, बोले- खोदी गई सड़क और गड्ढे तुरंत भरें

## जल जीवन मिशन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने जल जीवन मिशन के तहत खुदी सड़कों और गड्ढों को तुरंत भरने के निर्देश दिए हैं। लापरवाही पर अधिकारी खुद स्थलीय निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करेंगे। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। योगी सरकार शहरी इलाकों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में



साफ पानी पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रही है। जल जीवन मिशन के जरिए करोड़ों लोगों को इसका लाभ पहुंचाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री के निर्देश के मुताबिक प्रदेश के सभी जिलों में जिलाधिकारी, जल जीवन मिशन से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी तथा अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर खुदी हुई सड़कों व गड्ढों की स्थिति का पता करें। साथ ही इन्हें तत्काल भरना भी सुनिश्चित करें। इस काम में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

काम को समय से पूरा नहीं करने, अधूरा छोड़ने या इसमें लापरवाही बरतने वाली कार्यदायी संस्थाओं व ठेकेदारों पर जुमार्ना लगाने के साथ ही उन्हें ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाए। सीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि जल समाधान पोर्टल पर आपूर्ति, लीकेज व खुदाई से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

जल जीवन मिशन के तहत जलापूर्ति या मरम्मत संबंधित शिकायतों के लिए लोग 18001212164 टोल फ्री नंबर पर शिकायत भी दर्ज करा सकते हैं। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में करीब 2.50 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण परिवारों को नल से जल कनेक्शन पहुंचाया जा चुका है। विंध्य और बुंदेलखंड में लगभग शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। योगी सरकार घर-घर साफ पानी पहुंचाने का काम युद्धस्तर पर कर रही है।

ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। अधिकारियों को निरीक्षण के आदेश दिए गए हैं ताकि जनता को सुरक्षित और सुचारु जलापूर्ति मिल सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि जल जीवन मिशन के तहत खुदाई का काम करते समय सुरक्षा के सभी मानकों का सख्ती से पालन किया जाए और कार्य संपन्न होते ही खोदी गई सड़कों व गड्ढों को तत्काल भरा जाए। जिलाधिकारी व अन्य वरिष्ठ

# 22 मई से शुरू होगी प्रदेश में 16वीं जनगणना, 5.25 लाख कर्मियों की लगेगी ड्यूटी

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 16वीं जनगणना 22 मई 2026 से शुरू होगी, जो दो चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में मकानों और सुविधाओं का डेटा जुटाया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना होगी। इस कार्य के लिए लाखों कर्मियों की तैनाती की गई है और पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से होगी।

उत्तर प्रदेश में भारत की 16वीं जनगणना का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। प्रदेश में जनगणना दो चरणों में कराई जाएगी। पहले चरण की शुरूआत 22 मई 2026 से होगी, जबकि दूसरे चरण में फरवरी 2027 में जनसंख्या गणना का कार्य पूरा किया जाएगा।

पहले चरण में 22 मई से 20 जून 2026 तक मकानसूचिकरण और मकानों की गणना होगी। इस दौरान जनगणना कर्मी घर-घर जाकर



प्रत्येक मकान की स्थिति, परिवार को उपलब्ध सुविधाओं और संपत्तियों से जुड़ी जानकारी मोबाइल ऐप के माध्यम से एकत्र करेंगे। पूरी प्रक्रिया को डिजिटल माध्यम से संचालित किया जाएगा।

**अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती**

दूसरे चरण में फरवरी 2027 में जनसंख्या की गणना होगी। इसमें परिवार के सदस्यों, सामाजिक और अन्य आवश्यक विवरण दर्ज किए जाएंगे। प्रदेश सरकार ने जनगणना कार्य के लिए बड़े स्तर पर अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती की है।

पूरे प्रदेश में करीब 5.25 लाख अधिकारी और कर्मचारी लगाए गए हैं। इनमें सभी 18 मंडलायुक्त, 75 जिलाधिकारी, 17 नगर आयुक्त, 600 जिला स्तरीय अधिकारी, 1195 चार्ज अधिकारी, 285 मास्टर ट्रेनर और 6939 फील्ड ट्रेनर शामिल हैं।

इसके अलावा लगभग पांच लाख पर्यवेक्षक और प्रगणक घर-घर जाकर आंकड़े जुटाने का काम करेंगे। प्रशासन के मुताबिक, जनगणना की तैयारियां तेज कर दी गई हैं और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सिलिंडर के दाम बढ़ेः मायावती बोलीं- चुनाव काल की तरह अब भी डीजल-पेट्रोल के दाम नियंत्रित करे सरकार

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कॉमर्शियल गैस सिलिंडर की कीमतें बढ़ाए जाने के बाद केंद्र की सरकार को सुझाव दिया है और कहा कि गरीब व मध्यमवर्ग के लोगों पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करके ही सरकार अपनी नीतियां बनाएं। कॉमर्शियल गैस सिलिंडर की कीमतों में एकमुश्त 993 रुपये बढ़ाए जाने को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर बयान जारी करते हुए कहा कि सरकार के इस कदम से जनता में बेचैनी है। इससे आम जनता की मुश्किलें बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह विधानसभा चुनाव के दौरान पेट्रोल-डीजल के दाम नियंत्रित किए गए थे। सरकार अब भी वही तरीका अपनाएं।

उन्होंने अपने बयान में कहा कि देश में कॉमर्शियल सिलिंडर की भारी किल्लत के बीच उसकी कीमत में एक मुश्त 993 रुपयों की फिर की गयी वृद्धि व उसका आम जनजीवन पर पड़ने वाले प्रभाव से जुडी खबरें इलेक्ट्रानिक सहित सभी मीडिया जगत की सुर्खियों में हैं और इस आशंका से कि जल्द ही रसोई गैस, पेट्रेल व डीजल सहित अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें भी जरूर बढ़ेंगी, लोगों में बेचैनी व्याप्त है।

इसका वास्तविक कारण चाहे अमेरिका-इजराइल का ईरान पर युद्ध हो या अन्य कुछ और। सरकार ने जिस प्रकार से राज्यों के विधानसभा आमचुनाव के मद्देनजर खासकर पेट्रोलियम पदार्थों आदि की कीमत को काफी कुछ नियंत्रण में रखा, उस नीति को वर्तमान में भी व्यापक जनहित व जनकल्याण के तहत जारी रखना चाहिये तो यह देशहित में उचित होगा।

# स्कूलों में रोज नया सीखेंगे बच्चे, क्योंकि दफकोड के साथ आ रहा 'अरुणोदय' कैलेंडर; जानें नई व्यवस्था

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 से बच्चों को हर दिन कुछ नया सीखने का अवसर मिलेगा। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) ने पूरे वर्ष के लिए दैनिक गतिविधियों का कैलेंडर तैयार किया है, जिसे जल्द ही सभी स्कूलों में लागू किया जाएगा। यह पहल अपने आप में अनोखी मानी जा रही है।

नवाचार आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार इस कैलेंडर को ह्यअरुणोदयह्न नाम दिया गया है।



इसके तहत हर दिन किसी न किसी विषय जैसे पर्यावरण, स्वास्थ्य, महापुरुषों की जयंती, नदियां, शब्द ज्ञान, कला, कहानी-कविता, देशभक्ति और स्वतंत्रता से जुड़े प्रसंग पर बच्चों को जानकारी दी जाएगी।

यह गतिविधियां सुबह की प्रार्थना सभा के दौरान आयोजित होंगी। संबंधित शिक्षक या प्रधानाध्यापक बच्चों को विषय की जानकारी देंगे और उससे जुड़ी गतिविधियां भी कराएंगे। खास बात यह है कि प्रत्येक विषय के साथ क्यूआर कोड भी जोड़ा गया है, जिससे शिक्षक अतिरिक्त जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। कैलेंडर को प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर के अनुसार अलग-अलग तैयार किया गया है, ताकि बच्चों को उनकी कक्षा के अनुरूप सामग्री मिल सके।




# डीएम-विधायक सहित अफसरों ने फावड़ा लेकर खुद की खुदाई

## गोमती की अविरल धारा वहाने के लिए डीएम ने किया शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** गोमती नदी के पुनरुद्धार अभियान के तहत गोमती नदी त्रिवेणी घाट घाटमपुर में अफसरों और जनप्रतिनिधियों ने विधि विधान के साथ फीता काटकर और फावड़ा से गोमती नदी की खुदाई कर कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने लोगों की समस्याओं को सुन कर मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया।

माधोटांडा उद्गम स्थल से निकली गोमती नदी जिले में करीब 47 किमी के दायरे में बहती है। गोमती अपने उद्गम के जिले में ही दम तोड़ रही है। गोमती नदी 16 ग्राम पंचायतो से होते हुए लखनऊ जुड़ती है। अतिक्रमण के चलते गोमती नदी सूखी पहुई है। गंदगी,झाड झंकाड और अन्य समस्याओं के चलते गोमती की अविरल धारा में बाधा बनी है। बीते दिनों उद्गम स्थल माधोटांडा से खुदाई कर अभियान शुरू किया। शनिवार को पूरनपुर-बंडा हाईवे पर घाटमपुर स्थित त्रिवेणी घाट गोमती नदी के पुनरुद्धार अभियान के तहत जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह,पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान,जिला पंचायत अध्यक्ष डा.दलजीत कौर, सीडीओ राजेंद्र श्रीवास,उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह,डीसी मनरेगा हेमंत यादव और अन्य अफसर पहुंचे, उन्होंने फीता काट कर फावड़ा से खुदाई कर पुनरुद्धार कार्य का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने मौके पर कहा कि गोमती नदी क्षेत्र की जीवनरेखा है और इसके संरक्षण के बिना सतत विकास संभव नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान का उद्देश्य नदी को अविरल और निर्मल बनाना है। इसके साथ ही नदी किनारों की सफाई, अवैध अतिक्रमण पर निगरानी और कूड़ा-कचरा निष्पादन की व्यवस्था को भी सख्ती से लागू किया जाएगा। डीएम ने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे नदी में कचरा न डालें और सफाई अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। कार्यक्रम में सभी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने सभी मौजूद अधिकारियों से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को कार्यक्रम में मौजूद लोगों को बताने के लिए कहा। संबंधित अधिकारियों ने सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी लोगों को दी। इस दौरान ग्रामीणों व मौजूद ग्राम प्रधानों ने क्षेत्र की समस्याओं को जिलाधिकारी के सामने रखा। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। त्रिवेणी घाट पर धार्मिक स्थल काफी नीचा है और बैठने की व्यवस्था नही है। भाजपा नेता वीरेंद्र प्रताप सिंह ध्रुव ने धार्मिक स्थल पर मिट्टी का कार्य कराने की मांग रखी। जिससे हाईवे पर बराबर हो सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नायब तहसीलदार ऋषिकांत,भाजपा नेता वीरेंद्र प्रताप सिंह ध्रुव, गोमती भक्त लक्ष्मण वर्मा, निर्भय सिंह, ग्राम प्रधान परमजीत सिंह, राममूर्ति सिंह, प्रधान रामनिवास शर्मा, ठाकुर प्रसाद वर्मा, लाहौरी लाल सिंह खंड शिक्षा अधिकारी बिजय वीरेंद्र सिंह, आशीष गुप्ता, सिंचाई विभाग, वन विभाग, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व सभी विभाग के अधिकारी कार्यक्रम में मौजूद रहे।


फावड़े से खुदाई करते डीएम और विधायक। -जागरण मोर्चा

## नई बस्ती में लगी आग, कई घर जलकर राख

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के कुठिया गुदिया स्थित नई बस्ती में उस समय हड़कंप मच गया। जब संदिग्ध परिस्थितियों में लगी भीषण आग ने देखते ही देखते कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला।

देर शाम अचानक एक झोपड़ी से उठती दिखाई दी। जिसके बाद तेज हवा के चलते लपटें आसपास के घरों तक फैल गईं। देखते ही देखते पूरी बस्ती में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपने घरों से निकलकर जान बचाने में जुट गए। स्थानीय लोगों ने मौके पर जा पहुंचे, कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया,लेकिन तब तक कई घर जलकर राख हो चुके थे। आग में गृहस्थी का सामान, कपड़े और जरूरी दस्तावेज भी जल गए, जिससे पीड़ित परिवारों को भारी नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने का आश्वासन दिया है।

## धर्म परिवर्तन व शोषण का आरोपी इरशाद गिरफ्तार, गया जेल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खबर का असर**

**पीलीभीत।** जहानाबाद की विवाहिता के कथित ब्रेनवॉश, धर्म परिवर्तन के प्रयास और शारीरिक शोषण के मामले में पुलिस ने कार्रवाई कर दी है। जागरण मोर्चा में खबर प्रकाशित होने के बाद पुलिस ने तेजी दिखाते हुए आरोपी इरशाद अंसारी उर्फ नन्हे पुत्र मसीत निवासी ग्राम कुकड़ी खेड़ा, थाना जहानाबाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बताया जा रहा है कि पीड़िता की शिकायत पर पहले ही थाना जहानाबाद में आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया था कि आरोपी ने तीन बीघा जमीन का लालच देकर विवाहित महिला को अपने जाल में फंसाया और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया।महिला का आरोप था कि आरोपी महिला को बहला-फुसलाकर बरेली के नवाबगंज क्षेत्र स्थित एक किराए के मकान में ले गया। जहां उसके साथ जबरन अवैध संबंध बनाकर शारीरिक शोषण किया। इतना ही नहीं, महिला पर अपने पति से तलाक लेकर मुस्लिम धर्म अपनाने और निकाह करने का भी दबाव बनाया। विरोध करने पर आरोपी ने महिला और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह आरोपी के चंगुल से छूटकर महिला अपने घर पहुंची। घटना की जानकारी परिजनों को दी। प्रारंभ में थाना स्तर पर सुनवाई न होने पर पीड़िता ने एसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस हरकत में आई और मुकदमा दर्ज किया गया। इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद पुलिस पर कार्रवाई का दबाव बढ़ा, जिसके चलते आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। आगे की विधिक कार्रवाई जारी है। स्थानीय स्तर पर इस कार्रवाई को खबर का असर माना जा रहा है, जहां मीडिया रिपोर्टिंग के बाद पुलिस ने तेजी से कदम उठाए।

## प्राथमिक विद्यालय से मोटर सहित हजारों का सामान चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय से सटे स्कूल में हुई चोरी**

**पूरनपुर।** स्कूल की छुट्टी का फायदा उठाकर सीओ कार्यालय के समीप संचालित प्राथमिक विद्यालय में लगी मोटर चोरी कर ली गई। सूचना पर हडकंप मच गया। शिकायत पुलिस से की गई है। नगर में पुलिस की लापरवाही का फायदा उठाकर चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

नगर में पुलिस क्षेत्रान्तर्गतधिकारी के कार्यालय से सटे प्राथमिक विद्यालय में पुलिस गस्त की पोल खोलते हुए चोरी की घटना को अंजाम दे दिया।नगर के ब्लॉक के समीप पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय है। इससे सटी नई बस्ती में प्राथमिक विद्यालय स्थित है। एक मई को बुद्ध पूर्णिमा पर स्कूल की छुट्टी थी। इसी का फायदा उठाकर शुक्रवार की रात अज्ञात चोरो ने विद्यालय का ताला तोड़ दिया। इसके बाद स्कूल के अंदर जाकर स्कूल में लगी पानी की मोटर,पाइप आदि स्कूल का सामान चोरी कर लिया। किचन में तोड़फोड़ भी की। शनिवार को विद्यालय की रसोइया जो की पास में ही रहती है। वह स्कूल पहुंची तो ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो पानी की मौटर गायब मिली इससे उसके होश उड़ गए,रसोईया ने मामले की सूचना प्रधानाध्यापक रोहित मिश्रा को दी। उन्होंने मौके पर जाकर देखा तो चोरों ने किचन में काफी तोड़फोड़ की है और मोटर पाइप आदि सामान गायब मिला। सीओ कार्यालय के पास हुई चोरी की घटना से खलवली मच गई।

## युवती को घर से जबरन उठा ले गया युवक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** परिजनों की मदद से युवक युवती को घर से जबरन उठा ले गया। शिकायत पर युवक के परिजनों ने घर से भगा दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरूकर दी है।घुंघचाई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने बताया कि तीस अप्रैल को रात्रि के दौरान अपने परिवार के साथ सो रही थी। उसकी 18 वर्ष की पुत्री को माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक अपने परिवार के साथ रात्रि में उसके घर पहुंचा। आरोप है कि उसकी पुत्री को जबरन घर से उठा ले गए। सुबह पुत्री को घर ना पाकर परिवार के होश उड़ गए।तलाश करने के बाद भी कोई पता नहीं चल सका। मामले को लेकर खलबली मच गई।

## समाधान दिवस: सर्वाधिक शिकायतें राजस्व व पुलिस की

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** जन समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने संयुक्त रूप से जनता की फरियाद सुनीं। इस दौरान क्षेत्र के दूर-दराज गांवों से बड़ी संख्या में फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे और अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं।

समाधान दिवस में भूमि विवाद, राजस्व संबंधी प्रकरण, पुलिस शिकायतें, पेंशन, आवास, विद्युत, जलापूर्ति एवं अन्य विभागों से जुड़े मामलों की भरमार रही। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से भूमि विवादों के मामलों में डीएम ने राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिए, ताकि विवादों का निष्पक्ष एवं स्थायी समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि केवल कागजी कार्रवाई कर मामलों को लंबित न रखा जाए, बल्कि धरातल पर जाकर वास्तविक स्थिति का आकलन कर शिकायतों का समाधान किया जाए।पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित थाना प्रभारियों को संवेदनशीलता के साथ शिकायतों का निस्तारण करने को कहा।इस दौरान विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे और उन्होंने मौके पर ही कई शिकायतों का निस्तारण किया, जबकि शेष मामलों के लिए समय-सीमा निर्धारित कर दी गई। अधिकारियों ने फरियादियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। सम्पूर्ण समाधान दिवस को प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है, जहां आम जनता को सीधे उच्च अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखने का अवसर मिलता है।


पूरनपुर में समाधान दिवस पर शिकायतें सुनते डीएम व एसपी। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर तहसील में डीएम-एसपी ने सुनी जनता की समस्याएं**

## सफाई और अवैध कब्जे पर सभासदों की गुहार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर में बिगड़ती सफाई व्यवस्था और बढ़ते अतिक्रमण की समस्या को लेकर सभासदों ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आम जनता को हो रही परेशानियों से अवगत कराया। ज्ञापन में बताया कि नगर के अधिकांश वार्डों में सफाई व्यवस्था बदहाल है, समय से कूड़ा उठान नहीं हो रहा और नालियों की स्थिति भी खराब है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। वहीं मुख्य मार्गों—सीमेंट रोड, स्टेशन रोड और बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण के कारण आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।सभासदों ने मांग की कि अतिक्रमण हटाने के लिए प्रभावी अभियान चलाया जाए और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए।

## पीडल्ब्यूडी की पक्की सड़क पर दलदल, आवागमन में दिक्कत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** गांव खाता से अमरैयाकलां को जाने वाली पीडल्ब्यूडी की पक्की सड़क पर पिछले कई माह से कीचड़ और दलदल भरा है। गंदा पानी और कीचड़ होने से ग्रामीणों के अलावा स्कूली बच्चों को भी आने-जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि इस समस्या से निजात के लिए कई बार जिम्मेदारों से मांग की गई लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

गांवों के विकास के लिए सरकारी की तरफ से भारी भरकम बजट खर्च किया जा रहा है लेकिन जिम्मेदारों की मनमानी से कई गांव विकास से काफी दूर हैं। गांव खाता का हाल तो बेहद खराब है। पानी निकास को नाले का निर्माण न होने से घरों और बरसात का पानी पक्की सड़क पर भरा रहता हैं यह सड़क पीडब्ल्यूडी की बताई जा रही है जो गांव अमरैयाकलां को जोड़ती है। इस वक्त आलम यह है कि सड़क दलदल में तब्दील हो गई है। ग्रामीणों के मुताबिक इस सड़क से स्कूली बच्चों और गांव अमरैयाकलां के लोगों का भी आना-जाना होता है। गंदा पानी और कीचड़ होने से उनको दिक्कत का सामना करना पड़ता है। शिक्षा जागरूकता अभियान के तहत स्कूली बच्चों को दलदल में घुसकर रैली निकालनी पड़ती है। कई दिनों से गंदे पानी का जलभराव व गंदगी होने से संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका है। आरोप है कि पानी निकास की व्यवस्था करने के लिए गई बार ग्राम पंचायत अधिकारी से ग्रामीणों ने मांग की। गंदगीयुक्त सड़क पर जलभराव की समस्या से निजात के लिए ग्राम प्रधान, क्षेत्रीय विधायक, सांसद, ब्लाक प्रमुख, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को कई बार लिखित रूप से अवगत कराया लेकिन सुनवाई नहीं हुई। शनिवार को गांव खाता के जागरूक ग्रामीण सुरेंद्र सिंह ने कई महीनों से झेल रहे दर्द को फेसबुक पर शेयर किया। उन्होंने ग्रामीणों की इस समस्या साझा कर जिम्मेदारों की उदासीनता की पोल खोली।


गांव खाता में पक्की सड़क पर कीचड़ और दलदल। -जागरण मोर्चा

**पानी का निकास न होने से सड़क पर गंदे पानी और कीचड़ का जमाव**

## अधिवक्ताओं ने एसडीएम पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** उपजिलाधिकारी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगने के बाद अधिवक्ताओं ने डीएम को ज्ञापन देकर एसडीएम को हटाने की मांग की।शनिवार को प्रगाति शील अधिवक्ता एसोसिएशन के संजय सक्सेना व अजीत सक्सेना के नेतृत्व में कई अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। समाधान दिवस में पहुंच कर एसडीएम पूरनपुर को हटाने की मांग को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमे अधिवक्ताओं ने कहा है कि एसडीएम कार्यालय में बिना शुल्क के कोई भी कार्य नहीं हो रहा। जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई मामलों में जानबूझकर फाइलों को लंबित रखा जाता है और बाद में लेन-देन के बाद ही निस्तारण किया जाता है।इस मुद्दे को लेकर अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में एसडीएम को तत्काल प्रभाव से हटाने और पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की गई है।

## प्रेमिका से मिलने घर पहुंचा प्रेमी, हंगामे के बाद हुआ निकाह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**▸ परिजनों के विरोध के बाद भी युवक ने युवती का नहीं छोड़ा हाथ**

**पूरनपुर।** कहते हैं कि अगर प्रेम सच्चा हो, तो प्रेमी किसी भी परिस्थिति में एक-दूसरे का साथ नहीं छोड़ते। ऐसा ही एक मामला पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में सामने आया, जहां वर्षों से चल रहे प्रेम-प्रसंग को आखिरकार निकाह की मंजिल मिल गई।

मिली जानकारी के अनुसार, एक युवक का मोहल्ले की ही युवती से लंबे समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। शुक्रवार दोपहर जब प्रेमी अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचा, तो परिजनों ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और हंगामा शुरू हो गया। युवक के परिजनों ने इस रिश्ते का विरोध किया, लेकिन प्रेमी अपनी बात पर अडिग रहा।उसने भरी सभा में अपनी प्रेमिका से निकाह करने का एलान कर सबको खामोश कर दिया। युवक के साहस और प्रतिबद्धता को देख युवती के परिजन भी मान गए। मोहल्ले के गणमान्य लोगों की मौजूदगी में मुस्लिम रीति-रिवाज के साथ दोनों का निकाह संपन्न हुआ। इस दौरान युवती के परिजनों ने खुशी जाहिर करते हुए दामाद को नई बाइक व अन्य सामान उपहार स्वरूप दिया। यह अनोखा निकाह शनिवार को भी क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

**फर्जीवाड़ा** पूरनपुर क्षेत्र के कई स्कूलों व मदरसों की मान्यता का मामला, उठे सवाल

## वर्षों से बंद स्कूलों को कागजों के जरिए चला रहे कक्षाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**▸ नियमों का उल्लघंन होने के साथ अगर जांच हो तो रद्द होगी कई निजी स्कूलों की मान्यता**

**▸ कई साल से बंद पड़े स्कूलों की मान्यता का फर्जी स्कूल संचालक कर रहे उपयोग**

**पूरनपुर।** वर्षों से बंद पड़े मान्यता प्राप्त स्कूलों के कागजों के जरिए गैर मान्यता प्राप्त स्कूल संचालक अपने स्कूल में कक्षाएं चला रहे हैं। मान्यता के नियमों का उल्लघंन होने की शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भनक तक नहीं है। हालांकि अब खंड शिक्षाधिकारी ने जांच कराकर नियमों का उल्लंघन करने वाले मान्यता प्राप्त स्कूलों की मान्यता रद्द करने की बात कही है।

बीआरसी पूरनपुर क्षेत्र में गैर मान्यता और मान्यता से अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन करने वाले स्कूलों पर पूरी तरह से रोक नहीं लग पा रही है। कुछ माह पहले खंड शिक्षा अधिकारी ने सख्त रवैया अपनाते हुए क्षेत्र में संचालित दो गैर मान्यता स्कूलों को बंद कराकर संचालक पर जुर्माना भरने की कार्रवाई की।

इस कार्रवाई से कुछ दिन तक तो अवैध रूप से कक्षाएं लगाने वाले स्कूलों के जिम्मेदारों में खलबली मची लेकिन फिर से उन्होंने पुराना ढर्रा अपना लिया। चर्चा है कि बीआरसी क्षेत्र के कुछ मान्यता प्राप्त स्कूलों के संबंध में नया मामला सामने आया है। बताते हैं कि कोबिड काल के दौरान कई मान्यता प्राप्त स्कूल बंद हो गए। कुछ तो शुरू हुए लेकिन अधिकांश स्कूल वर्तमान में भी बंद चल रहे हैं। इन स्कूलों में शिक्षण कार्य नहीं हो रहा है लेकिन इनके दस्ताबेजों का उपयोग दूर-ददराज के गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों में हो रहा है।

बताते हैं कि जिनमें पिछले कई साल से शिक्षण कार्य ठप है। भवन भी टूट चुका है लेकिन उनकी मान्यता के कागजों पर आरटीई के तहत गरीब बच्चों का दाखिला हुआ। इन स्कूलों के अलावा कुछ मदरसा भी बताए जा रहे हैं जिनकी मान्यता के कागजों का लाभ गैर मान्यता के स्कूल चला रहे संचालक ले रहे हैं। माना जा रहा है कि शिक्षा विभाग के अधिकारी मामले की गहनता से जांच करें तो नियमों का उल्लघंन करने वालों की मान्यता रद्द होगी और गैर मान्यता के स्कूल पर कार्रवाई।

जिस ग्राम पंचायत में भवन दिखाकर मान्यता ली गई है उसी में स्कूल संचालित होना चाहिए। दूसरी ग्राम पंचायत में मान्यता के दस्ताबेजों का प्रयोग कर स्कूल चलाना गलत है। इस मामले जांच कराई जाएगी। अगर मान्यता के नियमों का उल्लघंन हो रहा है तो स्कूल की मान्यता प्रत्याहरण की कार्रवाई होगी।

**-विजय वीरेंद्र सिंह खंड शिक्षाधिकारी,पूरनपुर**

## मौलाना तौसीफ मजहरी की संदिग्ध मौत पर कार्रवाई की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** मौलाना तौसीफ मजहरी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी गुस्सा है। बड़ी संख्या में लोगों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उच्चस्तरीय (सीबीआई) जांच की मांग की।बिहार निवासी मौलाना 26 अप्रैल को ट्रेन से सफर कर रहे थे। परिजनों का आरोप है कि उन पर हमला हुआ, जिसकी जानकारी उन्होंने फोन पर दी थी। बाद में उनका शव बरेली कैंट के पास रेलवे ट्रैक पर मिला। प्रदर्शनकारियों ने इसे हत्या बताते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी और रेल यात्रियों की सुरक्षा पुख्ता करने की मांग की है।

## महुआ गुंदे से कुर्रेया तक सड़क जर्जर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** गड्ढों में तब्दील सड़क से आवागमन में हो रही दिक्कत से आजिज आए ग्रामीणों ने जिम्मेदारों के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उन्होंने जल्द सड़क की मरम्मत न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। आरोप है कि स्थानीय जनप्रतिधि भी उनकी इस समस्या की तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे लोगों में रोष है।

गांव महुआ गुंदे से कुर्रेया तक करीब साढ़े तीन किमी लंबी सड़क है जो पिछले कई साल से जर्जर है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इस सड़क से कई गांवों के लोगों का आना-जाना होता है। करीब चार पहले पहले लोकनिर्माण विभाग द्वारा सड़क की मरम्मत कराई गई थी लेकिन इसमें भी खानापूरी हुई। इस वक्त सड़क पूरी तरह से खस्ताहाल स्थिति में है और गड्ढों की भरमार है। लोगों को वाहनों से आवागमन करने में बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन सवार गड्ढों की बजह से गिरकर चोटिल हो रहे हैं। आरोप है कि सड़क की मरम्मत के लिए कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मांग की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इससे क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है। प्रदर्शन करने वालों में ऋषभ पांडेय, अजीत पांडेय, सौरभ मिश्रा, लीडर अवस्थी, मुक्खनी अवस्थी, स्वतंत्र शुक्ला, मुकेश कश्यप, भगवानदीन मिश्रा, गौरव शुक्ला, डीके मिश्रा, शुभम मिश्रा आदि शामिल रहे।


जर्जर सड़क की कई साल से मरम्मत न होने पर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

# मौजूदा सरकार बेरोजगारी, महंगाई और विकास जैसे मुद्दों पर विफल रही: जगदेव

## सपा की बैठक में उमड़ी भीड़ संगठन मजबूती के साथ युवाओं की बड़ी एंट्री

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी के जिला कैंप कार्यालय नकटा दाना चौराहे पर सपा की बैठक हुई। बैठक में कार्यकर्ताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने संगठन की मजबूती का संदेश दिया, वहीं दर्जनों युवाओं ने भाजपा छोड़कर सपा का दामन थाम लिया।

बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सेक्टर, जोन एवं बूथ स्तर पर पीडीए कार्यक्रमों को तेज करने पर विशेष जोर दिया गया। जिला संगठन, फ्रंटल संगठनों, युवा इकाइयों एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों को बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रत्येक बूथ पर कम से कम 20 युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को गति देने पर बल दिया गया। बैठक के दौरान नगर कमेटी एवं अधिवक्ता सभा के नव-मनोनित सदस्यों का स्वागत किया गया और उन्हें संगठन की गतिविधियों को सक्रियता के साथ संचालित करने के निर्देश दिए। जिला अध्यक्ष सरदार जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि 2027 का चुनाव प्रदेश की जनता के अधिकारों और हितों की रक्षा का चुनाव होगा। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार बेरोजगारी, महंगाई और विकास जैसे मुद्दों पर विफल रही है। सपा किसानों, महिलाओं और युवाओं के हितों की लड़ाई लड़ती रहेगी तथा प्रदेश में अमन-चैन और सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक के दौरान नगर अध्यक्ष गुरविंदर सिंह गिल के माध्यम से दर्जनों युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी छोड़कर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। युवाओं ने बताया कि वे सपा की नीतियों और अखिलेश यादव के विचारों से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़े हैं।


बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

जिला अध्यक्ष ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि युवाओं के जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और आने वाले चुनाव में इसका सकारात्मक असर दिखाई देगा। नगर अध्यक्ष गुरविंदर सिंह गिल ने भी नए साथियों का अभिनंदन करते हुए उन्हें पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने किया। इस मौके पर जिला एवं नगर स्तर के अनेक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सभी ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# पूरनपुर में व्यापारियों ने कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

**बरगी डैम क्रूज हादसा**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** जबलपुर के बरगी डैम में गुरुवार को हुए भीषण क्रूज हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हादसे में अपनी जान गंवाने वाले मासूमों और पर्यटकों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए शनिवार को पूरनपुर के 'युवा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल' ने नगर की गांधी पार्क में एक शोक सभा का आयोजन किया।

ऐतिहासिक गांधी पार्क में आयोजित इस सभा में कई व्यापारी एकत्र हुए। सभी ने हाथों में जलती हुई कैंडल लेकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान व्यापारियों ने जबलपुर प्रशासन से सुरक्षा मानकों में लापरवाही की जांच की भी मांग की।मां के अंतिम बलिदान की चर्चा से माहौल भावुक हुआ शोक सभा के दौरान मीडिया प्रभारी विकास गुप्ता ने उस हृदयविदारक दृश्य का जिक्र किया जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उन्होंने कहा, "लहरें शरीर तो बहा ले गईं, पर मां की ममता की पकड़ ढीली नहीं कर सकीं।" दरअसल, रेस्क्यू टीम को एक मां और उसके 4 वर्षीय बच्चे का शव एक-दूसरे से लिपटा हुआ मिला था। मां ने अपनी जान की परवाह न करते हुए अंतिम क्षणों में भी अपने बच्चे को अपनी लाइफ जैकेट के भीतर समेट रखा था। नगर अध्यक्ष नितिन वर्मा ने इस घटना को "बलिदान की अमर कहानी" बताते हुए कहा कि एक मां का अपने बच्चे के प्रति यह समर्पण दुनिया के हर रिश्ते से ऊपर है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि ऐसे पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए ताकि भविष्य में किसी और की गोद सूनी न हो। मौजूदश्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष नितिन वर्मा, विकास गुप्ता, संजीव यादव, अंकित अग्रवाल, सहबुल हसन, प्रीत सिंह, मोहम्मद यामीन, गौरव गुप्ता, अजय गुप्ता और अर्चित पांडे सहित दर्जनों व्यापारी शामिल हुए।


कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देते व्यापारी। –जागरण मोर्चा

# पानी की टंकी पर चोरी का प्रयास ऑपरेटर के पहुंचते ही भागे संदिग्ध

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लगातार बढ़ रही घटनाएं, चोरियों के बीच पुलिस की सुस्ती पर उठ रहे सवाल**

**आसफपुर (बदायूं)।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब सरकारी संपत्ति भी सुरक्षित नहीं रह गई है। गांव राज टिकोली में 1 मई की रात सरकारी पानी की टंकी पर चोरी का प्रयास हुआ, लेकिन ऑपरेटर के मौके पर पहुंचने से संदिग्ध युवक भाग निकले। हैरानी की बात यह है कि क्षेत्र में लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद पुलिस व्यवस्था पर कोई असर नहीं दिख रहा है।

ग्राम राजटिकोली निवासी विजय सिंह जोकि पानी की टंकी पर ऑपरेटर हैं। उसने बताया कि वह रात में खाना खाने घर गए थे। लौटते समय उन्होंने टंकी के पास दो युवकों को संदिग्ध हालत में देखा, जो बाइक से कुछ सामान रख रहे थे। आवाज लगाने पर दोनों मौके से भाग निकले।मौके पर पहुंचकर उन्होंने देखा कि टंकी के कमरे का ताला टूटा पड़ा था। दरवाजे से छेड़छाड़ की गई थी। आसपास सामान भी बिखरा मिला। पीड़ित का कहना है कि अगर वह समय पर नहीं पहुंचते तो सरकारी उपकरण चोरी हो जाते।घटना के बाद डायल 112 पर सूचना दी गई, लेकिन सवाल यह उठता है कि आखिर चोरों के हौसले इतने बुलंद कैसे हो गए कि वे खुलेआम सरकारी टंकी को निशाना बना रहे हैं।इसी क्षेत्र में हाल के दिनों में दून्दपुर गांव में खेत से केबल और ट्यूबवेल स्टार्टटर चोरी, तथा बाजार में जनरेटरों से अल्टीनेटर चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। लगातार हो रही इन वारदातों के बावजूद पुलिस की गश्त और कार्रवाई पर कोई ठोस असर नजर नहीं आ रहा। लोगों का आरोप है कि पुलिस सिर्फ घटनाओं के बाद औपचारिकता निभाने तक सीमित है, जबकि चोर बेखौफ होकर एक के बाद एक वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर क्षेत्र में कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी कौन निभा रहा है। पीड़ित ने थाना फैजगंज बेहटा में तहरीर देकर अज्ञात युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं, ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही चोरियों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करने को मजबूर होंगे।


नव निर्मित रोडवेज अड्डा। –जागरण मोर्चा

# आज जनता की सेवा को समर्पित होगा नव निर्मित रोडवेज अड्डा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मोहम्मदी-खीरी।** मोहम्मदी तहसील क्षेत्र के ग्राम रविन्द्र नगर (मियांपुर) की सरजमी पर 11अप्रैल को उतरे थे। वो दिन क्षेत्र के लिए बहुत बड़ा दिन था जब मुख्यमंत्री ने 417 करोड़ की 213 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया था। जिसमें नगर का रोडवेज बस अड्डा लोकार्पण किया गया था। निर्माण सम्बन्धी कमियों या विभागीय कार्य योजना की गति के कारण देर हुई। अब रविवार यानि आज नव निर्मित रोडवेज बस अड्डा जनता को विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह समर्पित करेंगे। अब तक जो बसे सड़क पर खड़ी होती थी वह बस अड्डा के परिसर में अपने निश्चित स्थान पर खड़ी होकर से अगले गंतव्य पर रवाना होंगी। रोडवेज अड्डे के सामने सड़क पर लम्बे समय से लगने वाले जाम से जनता को छुटकारा मिल जाएगा।

# होलीचौक से खड़ी बाइक गायब

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर, बदायूं।** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव बसौमी में एक मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम हरदासपुर निवासी पीड़ित जगतपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी बाइक अपने साले किशनवीर को इस्तेमाल के लिए दी थी।बीती एक मई को किशनवीर ने बाइक गांव के होलीचौक पर खड़ी की थी, जहाँ से वह संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। आरोप है कि गांव का ही एक युवक, प्रेमपाल, बाइक को अपने साथ ले गया है। जब उससे पूछताछ की गई तो उसने विवाद किया और बाइक लौटाने से इनकार कर दिया। चौकी इंचार्ज ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# टीबी डॉक्टर पर छेड़छाड़ का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर (बदायूँ)।** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आसफपुर में तैनात (टीबी) चिकित्सक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। युवती ने इस संबंध में आसफपुर पुलिस चौकी पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। मामला सामने आने के बाद पुलिस और स्वास्थ्य विभाग दोनों स्तर पर जांच शुरू की गई।

पीड़िता क का कहना है कि वह नियमित रूप से टीबी की दवा लेने के लिए सीएचसी आसफपुर जाती है। आरोप है कि इसी दौरान चिकित्सक ने उसे अकेला पाकर अनुचित व्यवहार किया। युवती किसी तरह वहां से निकली और पुलिस चौकी पहुंचकर घटना की जानकारी दी।मामले में चौकी इंचार्ज जुगमेन्द्र बालियान ने बताया कि महिला द्वारा तहरीर दी गई थी, जिसके बाद वह और संबंधित थाने के इंस्पेक्टर मौके पर जांच के लिए पहुंचे। उन्होंने बताया कि अब दोनों पक्षों की ओर से आपसी सहमति से फैसलानामा प्रस्तुत कर दिया गया है।वहीं, सीएचसी आसफपुर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पंकज शर्मा ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने कहा कि चिकित्सक पर लगाए गए आरोपों की जांच कराई जा रही है और जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।फिलहाल, प्रकरण में समझौते की बात सामने आने के बाद भी जांच जारी है। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग दोनों ही स्तर पर तथ्यों की पुष्टि की जा रही है, ताकि मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।


गौमाता को गुड खिलाते पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

# पूरनपुर में मनाया राष्ट्रीय प्रमुख का जन्म दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** अखिल भारतीय बजरंग वाहिनी के राष्ट्रीय प्रमुख श्री अरविंद श्रीवास्तव का जन्मोत्सव शनिवार को ब्लॉक पूरनपुर के गुरु नानक कॉलोनी स्थित राम होटल के सामने सादगी एवं उत्साह के साथ मनाया।कार्यक्रम जिला पीलीभीत के पदाधिकारी पालेंद्र के निर्देशन में आयोजित हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केक काटकर खुशी जाहिर की। बाद में गुड कान्हा गौशाला पहुंचकर गौ माता को आहार खिलाया। कार्यक्रम में संगठन के विधानसभा व ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य विशाल ने बताया कि संगठन सामाजिक व धार्मिक गतिविधियों में निरंतर सक्रिय रहता है।

# पुरानी पेंशन हेतु धरने पर गरजे माध्यमिक शिक्षक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आवाहन पर आज जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर विशाल धरना आयोजित किया गया। संगठन के जिला अध्यक्ष ग़य्यूर आसिफ़ अध्यक्षता तथा जिला मंत्री विनोद कुमार के संचालन सैकड़ों शिक्षकों ने धरना स्थल पर पहुंचकर अपनी समस्याएं रखीं तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शिक्षा निदेशक एवं शिक्षा सचिव से शिक्षा व्यवस्था में वंचित सुधार कर समस्त समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने की मांग की।



प्रेस को जारी विज्ञप्ति में जिला मंत्री विनोद कुमार ने बताया कि शिक्षकों की सेवा सुरक्षा से संबंधित धारा 18 तथा धारा 12 की बहाली, पुरानी पेंशन की बहाली, व्यवसायिक शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन की मांग, वंचित शिक्षकों का विनियमितीकरण, तथा 22 मार्च 2016 की राजग्या से विनियमित किए गए शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ देने संबंधी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर यह धरना आयोजित किया जा रहा है। इस के अतिरिक्त जिला स्तर पर डीआईओएस के कार्यालय में शिक्षकों के विभिन्न प्रकार की अवशेष, चयन वेतनमान, प्रोन्नत वेतनमान के प्रकरण, एनपीएस की धनराशि का ठीक से रख रखाव संबंधी बहुत ही समस्याएं लंबित हैं जिसके लिए बाध्य होकर माध्यमिक शिक्षकों को यह धरना आयोजित करना पड़ा। धरना स्थल पर वरिष्ठ शिक्षक नेता सुरेंद्र मलिक पूर्व जिला अध्यक्ष तथा वर्तमान में संगठन के संरक्षक श्री विनेश त्यागी पूर्व जिला मंत्री टिकेश चौधरी अनिल योगी, सरदार गुरुशरण सिंह ब्रजवीर सिंह मयूर मलिक निर्दोष कुमार भानु प्रताप सिंह राजेंद्र सोलंकी सुधांशु कुमार मनोज कुमार आदि शिक्षकों ने धरने को संबोधित किया। सुधारने के अंत में उपस्थित पदाधिकारी ने जिला विद्यालय शिक्षक जयकरण यादव को मुख्यमंत्री को संबोधित विज्ञापन प्रस्तुत किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने शिक्षकों की समस्याओं गंभीरता पूर्वक सुना तथा सहानुभूति पूर्वक ज्ञापन को मुख्यमंत्री को प्रेषित करने का आश्वासन दिया तथा अपने स्तर से अपने कार्यालय की सभी समस्याओं को शीघ्र निस्तारित करने का भी आश्वासन दिया।धरने पर देवेंद्र सिंह, मनोज कुमार गोहवर, लोकेश कुमार, अनूप सिंह, विकास कुमार, मुहम्मद मोहताशिम, अरुण गर्ग, लवलेश कुमार शबाना परवीन, रेखा रानी, रचना रानी तरंग गंभीर आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# बालक का हत्यारोपी मुठभेड़ में घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** कुछ दिन पहले हुई बालक की हत्या के मामले में पुलिस ने देर रात को मुठभेड़ के दौरान हत्या रोपी को पकड़ लिया है।

कैमरी थाना क्षेत्र में कुछ दिन पहले 7 वर्षीय बालक लापता हो गया था। बाद में उसका शव खेत में मिला था। जहां पर जिन्होंने हंगामा करते हुए हत्या का आरोप लगाया था। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज का जान शुरू कर दी थी। पुलिस को विवेचना के दौरान शनिवार रात को पता चला कि आरोपी रेहान पुत्र शमशुद्दीन निवासी ग्राम खेमपुर थाना कैमरी ने उसकी हत्या की है।मुखबिर से पुलिस को पता चला कि आरोपी रेहान ग्राम खेमपुर के पास स्थित सुंदरलाल लोधी इंटर इंटर कालेज के पास वाले खेत में झोंपड़ी में छुपा हुआ। सूचना पर थानाध्यक्ष मय पुलिस बल के मय सरकारी गाड़ी के सुंदरलाल लोधी इंटर कॉलेज के पास गए। वहीं पर अपनी सरकारी गाड़ी खड़ी कर पैदल छिपते छिपाते खेत से होते हुए उक्त झोंपड़ी के पास पहुँचे तो व्यक्ति ने पुलिस के पैरों की आहट सुनकर हम पुलिस वालों पर फायर किया। आत्मरक्षा में हम पुलिस वालों द्वारा फायर किया गया। जिसमें आरोपी रेहान पुत्र संसुद्दीन घायल हो गया। जिसको जिला अस्पताल में इलाज के लिए भेज दिया गया है।

**000** लगातार ग्रामीणों में बढ़ता जा रहा आक्रोश, नहीं हो रही सुनवाई

# 19 साल बाद भी सूखी पड़ी शेरपुर कलां की पानी की टंकी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शेरपुर कलां।** विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच जमीनी हकीकत शेरपुर कलां में कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। वर्ष 2007 में लाखों रुपये की लागत से बनी पानी की टंकी आज भी गांव वासियों के लिए महज एक ढांचा बनकर रह गई है।

करीब दो दशक बीत जाने के बावजूद इस टंकी से ग्रामीणों के घरों तक शुद्ध पेयजल की एक बूंद भी नहीं पहुंच सकी है। जिससे लोगों में प्रशासन के प्रति गहरा रोष व्याप्त है।ग्रामीणों के अनुसार गांव में पेयजल संकट को दूर करने के उद्देश्य से शासन द्वारा पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था। योजना के तहत हर घर तक पाइपलाइन से स्वच्छ जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन निर्माण के बाद ही यह परियोजना फाइलों में सिमटकर रह गई। देखरेख के अभाव में अब टंकी और बिछाई गई पाइपलाइनें जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी हैं। शुद्ध पानी की सुविधा न होने के कारण ग्रामीण आज भी हैंडपंपों और अन्य असुरक्षित जल स्त्रोतों पर निर्भर हैं। इससे गांव में जलजनित बीमारियों का खतरा लगातार बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला।


शेरपुरकलां का ओवरहेड टैंक बना शोपीस।

**प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल**

19 वर्षों तक योजना का लाभ न मिलना प्रशासनिक उदासीनता को उजागर करता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और उच्च अधिकारियों से मांग की है कि इस बंद पड़ी टंकी की जांच कराई जाए, तकनीकी खामियों को दूर किया जाए और जल्द से जल्द जलापूर्ति शुरू कर गांव वासियों को राहत दी जाए।ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

# धामपुर समाधान दिवस बना 'औपचारिकता' का मंच?

## 183 शिकायतें, मौके पर निपटीं सिर्फ 11, सिस्टम पर उठे सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**धामपुर।** जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण का दावा करने वाला 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' इस बार भी सवालों के घेरे में आ गया। तहसील धामपुर में आयोजित कार्यक्रम में कुल 183 शिकायतें दर्ज हुईं, लेकिन मौके पर सिर्फ 11 का निस्तारण हो सका। यानी 170 से अधिक फरियादी फिर उम्मीद के भरोसे घर लौटे।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शिकायतों का "समयबद्ध और गुणवत्तापरक" निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, लेकिन आंकड़े खुद बता रहे हैं कि जमीनी हकीकत अभी भी निर्देशों से कोसों दूर है। समाधान दिवस का मकसद था। "एक ही छत के नीचे समस्याओं का तत्काल समाधान", लेकिन 183 में से महज 11 मामलों का मौके पर निपटारा इस दावे को खोखला साबित करता दिखा। बाकी शिकायतों को एक सप्ताह में निस्तारित करने का आश्वासन दिया गया, जो अक्सर कागज़ों तक सीमित रहने के आरोप झेलता रहा है। डीएम ने साफ कहा कि यदि कोई शिकायत दोबारा आती है, तो यह संबंधित विभाग की लापरवाही का संकेत है। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि वे मौके पर जाकर जांच करें, शिकायतकर्ता से सीधे संवाद करें और स्थानीय स्तर पर सत्यापन करें। वरना कार्रवाई तय मानी जाए। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि शासन स्तर से शिकायतों की गुणवत्ता की सीधे निगरानी हो रही है। इसके बावजूद, बड़ी संख्या में लंबित शिकायतें यह सवाल खड़ा करती हैं कि क्या विभागीय अमला निर्देशों को गंभीरता से ले रहा है? कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय, सीएमओ डॉ. कौशलेंद्र सिंह समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे। बावजूद इसके, मौके पर समाधान की दर बेहद कम रहना प्रशासनिक कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगा रहा है। सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य भले ही जनसमस्याओं का त्वरित समाधान हो, लेकिन आंकड़े बताते हैं कि यह मंच अभी भी अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पा रहा। यदि यही हाल रहा, तो 'समाधान' दिवस सिर्फ 'शिकायत' दिवस बनकर रह जाएगा।



समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारीगण। –जागरण मोर्चा

# इंग्लैंड लायंस के खिलाफ सा. अफ्रीका 'ए' टीम घोषित

- पैटरसन और बार्टमैन मुख्य खिलाड़ी



**जोहान्सबर्ग।** अनुभवी खिलाड़ी डेन पैटरसन और ओटनील बार्टमैन को तेज गेंदबाज नकोबानी मोकोएना के साथ साउथ अफ्रीका 'ए' टीम में शामिल किया गया है। इंग्लैंड के दौरे पर यह टीम इंग्लैंड लायंस के खिलाफ लाल और सफेद गेंदों की एक सीरीज खेलेगी। 22 मई से दो चार-दिवसीय मुकाबलों के साथ इस दौरे की शुरुआत होगी, जिसमें टीम की कप्तानी बल्लेबाज मार्केस एकरमैन करेंगे। कोचिंग समूह का नेतृत्व वांडिले ग्वावु करेंगे। जस्टिन ओंटोंग और रोरी क्लेनवेल्ट क्रमश: बल्लेबाजी और गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगे। चार दिवसीय मैच अरुंडेल और बेकेनहैम में खेले जाएंगे। सफेद गेंद के मुकाबले लीसेस्टर और वॉर्सेस्टर में आयोजित होंगे। 33 वर्षीय बार्टमैन टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम में चुने जाने से चूकने के बाद अब फिर से टीम में जगह बनाने की दौड़ में शामिल हो गए हैं। वह लाल गेंद (टेस्ट) फॉर्मेट में अपनी दावेदारी मजबूत करने की कोशिश करेंगे। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके युवा तेज गेंदबाज मोकोएना टीम में अपनी जगह पक्की करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। पैटरसन का टीम में शामिल होना टेस्ट में उनकी उल्लेखनीय वापसी का संकेत है। इस तेज गेंदबाज ने आखिरी बार 2024 के बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में हिस्सा लिया था, जिसने साउथ अफ्रीका को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने में मदद की थी। हालांकि, वह टीम के साथ लॉर्ड्स गए थे, लेकिन उन्हें प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिली और इसके बाद वह पाकिस्तान और भारत के दौरों से भी बाहर रहे।

# एक ही ओवर में 5 चौके, इस लिस्ट में संयुक्त रूप से 'नंबर-1' बने विराट कोहली

**अहमदाबाद।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में एक बड़े रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। कोहली आरसीबी की तरफ से एक ओवर में



सर्वाधिक चौके लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रूप से 'नंबर-1' बन गए हैं। विराट कोहली ने गुरुवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ मुकाबले के दूसरे ओवर में पांच चौके लगाए। उन्होंने कगिसो रबाडा के खिलाफ ओवर की शुरुआती 5 गेंदों पर ऐसा किया, जिसके साथ कोहली ने क्रिस गेल और शेन वॉटसन की बराबरी कर ली। क्रिस गेल ने साल 2013 में पुणे वॉरियर्स इंडिया के खिलाफ ईश्वर पांडे के एक ही ओवर में 5 चौके लगाए थे, जबकि शेन वॉटसन ने साल 2016 में राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स के विरुद्ध थिसारा परेरा के खिलाफ ऐसा किया था। इस सीजन शानदार फॉर्म में नजर आ रहे कोहली ने गुरुवार को जीटी के खिलाफ 13 गेंदों का सामना करते हुए 28 रन बनाए। इस पारी में 1 छक्का और 5 चौके शामिल थे।

आईपीएल 2026

# 'नई गेंद से शुरुआती ओवरों में विकेट लेना अहम रहा'



## प्लेयर ऑफ द मैच बनने के बाद बोले जेसन होल्डर

**अहमदाबाद, ।** आईपीएल 2026 में गुरुवार को नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात टाइटंस (जीटी) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच मुकाबला खेला गया। ऑलराउंडर जेसन होल्डर के गेंद और बल्ले से किए बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत जीटी ने मैच 4 विकेट से जीता। होल्डर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित होने पर होल्डर ने कहा, 'व्यक्तिगत रूप से मैच के दौरान जिस तरह से चीजें हुईं, उससे खुश हूं। यह रात उन खास रातों में से एक थी जब पूरी टीम के लिए सब कुछ सही दिशा में गया। शुरुआत से ही टीम की ऊर्जा काफी अच्छी थी, जिसका असर खेल पर स्पष्ट रूप से दिखा। नई गेंद से शुरुआती ओवरों में विकेट लेना टीम के लिए अहम रहा, और इससे मैच का रुख बदल गया। रबाडा और सिराज ने पावरप्ले में शानदार गेंदबाजी करते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।' पाटीदार वाले कैच पर होल्डर ने कहा, 'मैंने रबाडा को देखा था और टकराव से बचने की कोशिश कर रहा था। मुख्य लक्ष्य गेंद तक पहुंचकर उसे सुरक्षित पकड़ना था। गेंद मेरी तरफ ही आ रही थी। मैं तलाशने नहीं गया था। मैंने मौके का फायदा उठाया। '

होल्डर ने कहा, 'टीम का माहौल काफी व्यवस्थित है और हर खिलाड़ी को अपनी भूमिका समझनी होती है। कोच आशीष की योजनाएं काफी स्पष्ट और विस्तृत होती हैं, जिससे खिलाड़ियों को मदद मिलती है। कई बार उन्हें पहले से स्थिति का अंदाजा नहीं होता, लेकिन वह खुद को हर परिस्थिति के अनुसार ढालने के लिए तैयार रखते हैं। '

मैच की बात करें तो गुजरात टाइटंस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था। अरशद खान, राशिद खान और होल्डर की घातक गेंदबाजी की बदौलत जीटी ने आरसीबी को 19.2 ओवर में 155 पर समेट दिया था।

जीटी ने 15.5 ओवर में 6 विकेट पर 158 रन बनाकर मैच 4 विकेट से जीत लिया।



खुद इस राज से उठाया पर्दा

# क्यों 'रिवर्स स्वीप' नहीं खेलते थे चेतेश्वर पुजारा?

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने बताया है कि 'रिवर्स स्वीप' जैसे आधुनिक आक्रामक शॉट खेलने की कोशिश करना उनके बैटिंग स्टाइल के लिए सही नहीं होता। टेस्ट क्रिकेट में ऐसा करने से वह अपना विकेट गंवा सकते थे। इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने भारत की ओर से 103 टेस्ट मुकाबले खेले, जिसमें 43.60 की औसत के साथ 7,195 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 19 शतक और 35 अर्धशतक निकले। इसके अलावा, पुजारा ने भारत के लिए 5 वनडे मुकाबले भी खेले। पूर्व क्रिकेटर ने यह बात 'जियो हॉटस्टार' पर भारत के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री के साथ एक हल्के-फुल्के अंदाज में की। उनसे शास्त्री ने मजाक में पूछा था कि अगर उन्हें करियर की शुरुआत में रिवर्स स्वीप की प्रैक्टिस करने को कहा जाता, तो उनकी क्या प्रतिक्रिया होती?

शास्त्री ने कहा, 'जब मैं कोच था, पुजारा, अगर मैंने आपसे तीन साल पहले रिवर्स स्वीप की प्रैक्टिस करने को कहा होता, तो आप बैट लेकर मेरे पीछे दौड़ते। है ना?

इसके जवाब में पुजारा ने कहा, 'अगर मैंने किसी टेस्ट मैच में ऐसा शॉट खेला होता, तो रन नहीं बना पाता। मेरे तीनों स्टंप उड़ गए होते, क्योंकि मेरे लिए वह शॉट खेलना बहुत मुश्किल था। '

पूर्व कोच और बल्लेबाज की इस जोड़ी ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत की ऐतिहासिक जीत पर भी बात की, जहां चेतेश्वर पुजारा ने अहम भूमिका निभाई थी। 2018-19 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पुजारा ने 521 रन बनाए, जिसमें तीन शतक शामिल थे। वह सीरीज के सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, जिन्हें 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया था। उनके शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने पहली बार ऑस्ट्रेलियाई धरती पर टेस्ट सीरीज जीती।

इसके बाद 2020-21 सीरीज में भी पुजारा का धैर्य और दबाव झेलने की क्षमता टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण रही। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को थकाकर भारत की एक और ऐतिहासिक जीत में बड़ी भूमिका निभाई।

पुजारा की अहमियत पर शास्त्री ने कहा, 'यह वर्ल्ड कप जीतने जैसा ही था। किसी भी एशियन टीम ने ऑस्ट्रेलिया को ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज में कभी नहीं हराया था। इसलिए, यह सबसे मुश्किल दौरा था। पुजारा हमारे सैनिक थे। उन्होंने दोनों दौरों पर और यहां तक कि इंग्लैंड में भी चोटें खाईं, लेकिन फिर भी डटकर मुकाबला किया। उनकी मौजूदगी बहुत जरूरी थी। उनके बिना हम यह नहीं कर पाते। '

# पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट पहुंचे हरभजन सिंह, सुरक्षा हटाने के फैसले को दी चुनौती

नई दिल्ली। राज्यसभा सांसद और पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने अपनी सुरक्षा वापस लिए जाने के फैसले को चुनौती दी है। उन्होंने इस मामले में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में पिटीशन दाखिल करते हुए अपनी सुरक्षा बहाल करने की मांग की है। पूर्व क्रिकेटर ने अपनी याचिका में पूछा है कि आखिर किस आधार पर उनकी सुरक्षा हटाई गई। इसके साथ ही उन्होंने उस घटना पर कार्रवाई की मांग भी की है, जिसमें



कथित तौर पर उनके घर के बाहर 'गद्दार' लिख दिया गया था और भीड़ ने हमला करने की कोशिश की थी। इस मामले की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने पंजाब सरकार और केंद्र सरकार दोनों को नोटिस जारी करते हुए उनसे जवाब मांगा है। कोर्ट ने पंजाब सरकार से सुरक्षा समीक्षा के आधार पर जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पंजाब सरकार से यह स्पष्ट करने को कहा है कि किस आधार पर सुरक्षा समीक्षा करते हुए इसे हटाने का फैसला लिया गया। इसके साथ ही 'गद्दार' लिखे जाने की घटना पर अब तक क्या कार्रवाई हुई, इसकी जानकारी भी मांगी गई है।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पहले राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने आम आदमी पार्टी (आप) का साथ जोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थामा था।

# वैश्विक अनिश्चितता को अवसर में बदलें, नड्डा बोले- 2047 तक विकसित भारत के लिए मजबूत सप्लाई चेन जरूरी

**एजेंसी समाचार**

**मुंबई।** वर्तमान वैश्विक संकट और अनिश्चितताओं के बीच भारत को अपनी घरेलू क्षमता बढ़ाने और रणनीतिक निर्भरता कम करने की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को सूरत में आयोजित दो-दिवसीय 'वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस' (दक्षिण गुजरात) के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य हासिल करने के लिए मैन्युफैक्चरिंग (विनिर्माण) क्षमता, आत्मनिर्भरता और सप्लाई चेन को मजबूत करना बेहद अहम है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि मजबूत अर्थव्यवस्था का अर्थ केवल विकास नहीं है, बल्कि इसमें लचीलापन और रणनीतिक स्वायत्तता का होना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा, "हालिया वैश्विक अनिश्चितता इस बात का संकेत है कि हमें संकट को अवसर में बदलना चाहिए और क्षेत्रीय सम्मेलनों के जरिए अपने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर अधिकतम ध्यान देना चाहिए"। नड्डा ने स्पष्ट किया कि देश के भीतर अधिक निर्माण और नवाचार करने तथा महत्वपूर्ण कमजोरियों को दूर करने की सख्त जरूरत है। 'विकसित भारत' के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए निरंतर उच्च विकास दर, औद्योगिक क्षमता का विस्तार, निर्यात में वृद्धि और वैश्विक सप्लाई चेन में मजबूत एकीकरण अनिवार्य है। इसके अलावा, उन्होंने सप्लाई चेन में आने वाली बाधाओं, तकनीकी नियंत्रणों और संसाधनों की रुकावटों जैसे गंभीर मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने का भी आह्वान किया।

दक्षिण गुजरात में 3.53 लाख करोड़ रुपये के 2,792 एमओयू साइन, 2.82 लाख नई नौकरियों के अवसर

गुजरात सरकार ने राज्य में निवेश और रोजगार सृजन की दिशा में एक बड़ी सफलता हासिल की है। सूरत में आयोजित दो दिवसीय 'वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस' (दक्षिण गुजरात) के दौरान 3,53,306 करोड़ रुपये के 2,792 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इन विशाल निवेश परियोजनाओं के लागू होने से आने वाले वर्षों में क्षेत्र के 2.82 लाख युवाओं के लिए सीधे रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। राज्य के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने सम्मेलन के समापन समारोह में यह अहम जानकारी साझा करते हुए इसे एक बड़ा मील का पत्थर करार दिया।

गांधीनगर से बाहर निकलकर क्षेत्रीय विकास पर जोर

यह सम्मेलन मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य निवेश और व्यापार के अवसरों को केवल राजधानी गांधीनगर तक सीमित न रखकर राज्य के हर क्षेत्र तक पहुंचाना है। इससे पहले उत्तर गुजरात के लिए मेहसाणा और सौराष्ट्र व कच्छ क्षेत्र के लिए राजकोट में भी इसी तरह के क्षेत्रीय आयोजनों को सफलतापूर्वक संपन्न किया जा चुका है। इन परियोजनाओं के आगामी तीन वर्षों के भीतर धरातल पर उतरने के साथ ही बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष रोजगार का सृजन होगा।

एमएसएमई और छोटे व्यापारियों के लिए वैश्विक अवसर

सरकार की इस रणनीति का मुख्य फोकस छोटे कारोबारियों को वैश्विक बाजारों और अंतरराष्ट्रीय अवसरों से सीधे जोड़ना है।

अंतरराष्ट्रीय भागीदारी: दक्षिण गुजरात के व्यापारियों को इस आयोजन में अमेरिका, कनाडा, सिंगापुर, जापान और रवांडा सहित 20 देशों के प्रतिनिधियों के साथ सीधे संवाद करने और व्यापारिक चचाओं को आगे बढ़ाने का मौका मिला।

आखिरी व्यक्ति तक विकास: उपमुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल 'पहली पंक्ति' में बैठे उन लोगों तक संसाधन पहुंचाना नहीं है जिनके पास पहले से ही वैश्विक व्यापार की पहुंच है। इसके बजाय, सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी 'आखिरी पंक्ति' में बैठे हर छोटे व्यवसायी के सपनों को साकार करना और उन्हें सीधा लाभ पहुंचाना है।

# 'वैश्विक तनाव के बीच भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत'

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि वैश्विक तनाव और अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है, जिसे घरेलू खपत और सरकारी निवेश का सहारा मिल रहा है। हालांकि, उन्होंने चेतावनी भी दी है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद भारत की मैक्रोइकोनॉमिक बुनियाद मजबूत बनी हुई है।





राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413



जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।